# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 30 मार्च 2025






SADHU VASWANI SCHOOL
MUKITA INTERNATIONAL SCHOOL
Sant Hirdaram Nagar, Bhopal
Heartiest Congratulations
RESULT 2024-25
TOPPERS OF STD.8th
EDUCATIONIST
VISHNU GEHANI JI
Geetika Dravindam 92%
Divyanshi Rajak 90.5%
Pragti Sharma 90.5%
Uma Samal 88.8%
Komal Tejwani 86.83%
Diksha Malviya 85.18%
Hema Sisodiya 85%
Janvi Lakhwani 85%
The School is Proud of You All......


चेतीचाँड, चैत्र नवरात्रि एवं
गुड़ी पड़वा (हिन्दू नव वर्ष) की हार्दिक शुभकामनाएँ !
LVS GROUP OF SCHOOLS
Affiliated to M. P. Board
Gandhi Nagar's No. 1 Group of Schools
Pre-Nursery to XII
(English Medium)
Laxmidevi Vikyomal Shroff Hr.Sec. School
Prerna Kiran Public School
Veena Charlie Daswani Girls Public School
LVS Play School
ADMISSIONS OPEN
Limited Seats Available
Tagore Ward, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.)
Ph.: 0755-4854288 (LVS), 2528782 (PKPS), 4270472 (VCD)


परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी
आशीर्वाद एवं प्रेरणा
श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी
प्रेरक एवं मार्गदर्शक
चेतीचांद के शुभ अवसर पर
जीव सेवा संस्थान परिवार की ओर से शुभकामनाएं
बूढ़े, बच्चे और बीमार, हैं परमेश्वर के यार,
करो भावना से इनकी सेवा,
पाओगे लोक परलोक में सुख अपार ।।
✓ विभिन्न सेवा गतिविधियों से लाभान्वित
45 लाख से अधिक जीवन-स्पर्श
✓ देश-विदेश के समस्त परोपकारी दानदाताओं,
केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति
हमारी हार्दिक कृतज्ञता एवं आभार
जीव सेवा संस्थान
प्रथम तल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल,
लेक रोड, संत हिरदाराम नगर, भोपाल


महानगर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
चेटीचंड, नव वर्ष
एवं गुड़ीपड़वा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुरक्षित-सुनहरा भविष्य
महिला / कन्या समृद्धि योजना
आपकी छोटी सी बचत से बनिए लाखों के मालिक
प्रति माह जमा | अवधि | परिपक्वता राशि
रू. 5,000/- | 6 वर्ष 6 माह | रू. 5,02,922/-
रू. 10,000/- | 6 वर्ष 6 माह | रू. 10,05,844/-
रू. 20,000/- | 6 वर्ष 6 माह | रू. 20,11,688/-
सुशील वासवानी
अध्यक्ष
संचालक मण्डल - श्रीमती पायल शेठ, डॉ लाल कुमार किशनानी, श्री शशिकांत शेठ, श्री उमाशंकर गुप्ता, श्री राजेश हिंगोरानी, श्री नरेश कुमार वासवानी, श्रीमती सुशीला दयारामानी, श्री सहजू कुमार किशनानी, श्री लोकेश वासवानी, श्री विपिन कुमार, श्री जयदीप कुमार, श्री वीरेन्द्र दुग्गल
प्रकाश आसूदानी
मुख्य कार्यपालक
मुख्य शाखा : संत हिरदाराम नगर, भोपाल दूरभाष : 0755-4098000
करोंद शाखा : प्लॉट नं. 02, करोंद चौराहा, बायपास रोड, करोंद, भोपाल दूरभाष : 0755-2741999
टी.टी. नगर शाखा : सहकार भवन, रंगमहल टॉकीज के सामने, नॉर्थ टी.टी. नगर, भोपाल दूरभाष : 0755-3599238
गांधी नगर शाखा : प्लॉट नं. 6, पारस नगर, गांधी नगर, भोपाल-462036


SMS
आयोलाल झूलेलाल
चेटीचंड, नव वर्ष एवं
गुड़ीपड़वा की
हार्दिक शुभकामनाएं
सिन्धी सभ्यता-सुहिणी सभ्यता
पारिवारिक 28वां
सिन्धी मेला
12-13 अप्रैल 2025
(शनिवार और रविवार)
समय - सायं 7:00 बजे से
स्थान - सुन्दर वन नर्सरी,
लालघाटी चौराहा, भोपाल
सम्पर्क - 9826014525, 9827066766
सिन्धी मेला समिति (रजि.) भोपाल
E-mail : smsbhopal@gmail.com
Web.: sindhimelasamiti.co.in
भगवानदास सबनानी
मनीष दयानी अध्यक्ष
नरेश हलेजा महासचिव


चेट्री चण्ड
नव वर्ष एवं
गुड़ी पड़वा
हार्दिक बधाई
विनय दादलानी


।। जय श्री झूलेलाल ।।
चेट्री चण्ड
ज्यूँ लख लख वाधायूं
स्वागत वंदन अभिनंदन
सिंधी PREMIER LEAGUE
SPL SEASON-8
नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट
रविवार, 18 मई से 25 मई
शाम - 7 बजे से
स्थान - बावे - आली स्टेडियम भोपाल
राकेश कुकरेजा


आयोलाल सभई चओ झूलेलाल बेड़ा ई पार
मा. श्री रामेश्वर शर्मा जी
विधायक हुजूर
आप सभी शहर वासियों को
चेट्रीचंड्र, हिन्दू नव वर्ष
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
जगदीश आसवानी अध्यक्ष
बेरागढ़ दाल ऑयल एण्ड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन रजि.


चेट्री चण्ड, नव वर्ष एवं गुड़ी पड़वा
की हार्दिक शुभकामनाएं
विष्णु मेहानी अध्यक्ष
वासदेव वाधवानी संरक्षक
राजेश हिंगोरानी महासचिव
नव युवक सभा द्वारा संचालित
पं. दीनदयाल उ.कन्या महाविद्यालय, अनंदराम टी शाहानी
कन्या उ.मा. विद्यालय, किशनचंद टी शाहानी
बाल उ.मा. विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक शाला में
अपने बच्चों को प्रवेश दिलाकर उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करें।
विनीत: राजेश हिंगोरानी-महासचिव, महेश दयारामानी-सचिव, कन्हैयालाल रामनानी-संयुक्त सचिव, मंघाराम टहिल्यानी-कोषाध्यक्ष, सुरेश राजपाल-अंकेक्षक, मनोहर लालवानी-शिक्षा समिति सदस्य, हीरानन्द ज्ञानचंदानी-शिक्षा समिति सदस्य, आइलदास साधवानी-शिक्षा समिति सदस्य, धर्मप्रकाश मोटवानी-शिक्षा समिति सदस्य, गोपाल मिरचानी-शिक्षा समिति सदस्य


SADHU VASWANI AUTONOMOUS COLLEGE
(Govt. Aided College)
Accrediation by NAAC - Grade 'B+'
Recognized by Higher Education, Govt. of M.P. & UGC New Delhi
चेट्रीचंडु
नव वर्ष एवं गुड़ीपड़वा
की
हार्दिक शुभकामनाएं
Dayal Das Detani (President)
Suresh Daryani (Vice President)
Rajendra Manwani (General Secretary)
Ashok Adwani (Secretary)
Dinesh Wadhwani (Treasurer)
Hemant Aswani (Auditor)
Indar Adwani (Sports Secretary)
One Tree Hills, Sant Hirdaram Nagar, Bhopal - 462030, Tel.: 0755-2641488, 2640749 I E-mail: svcollege@rediffmail.com


नव संवत्सर, चेटीचण्डु एवं चैत्र नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएँ!
VIDYASAGAR
PUBLIC SCHOOL
SANT HIRDARAM NAGAR, BHOPAL
ADMISSIONS OPEN
Session 2025-26
Pre-Nursery
to KG-II
Online Admission Forms are available
on the school website :
www.vpsbhopal.com
0755-4244779 | 7049561562


चेट्रीचंड जूं तव्हां सभिनी खे
लख - लख वाधायूं
सिन्धु समाज
संत हिरदाराम नगर
30 मार्च 2025 रविवार
विशाल
शोभा यात्रा
5.30 बजे सिंधु समाज भवन
खां शुरू थींदी
भव्य सिन्धी
सांस्कृतिक कार्यक्रम
31 मार्च 2025, सोमवार रात्रि 09 बजे
स्थान : दशहरा मैदान हाई स्कूल
हीरो हिन्दू
निवेदनकर्ता : हीरो फैंस क्लब, भोले का दरबार


शिक्षा जगत में भोपाल नगर की शान
दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल
संत हिरदाराम नगर
चेटीचंड, नववर्ष एवं गुड़ीपड़वा
की
हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSIONS
OPEN 2025
FOR PRE NURSERY & NURSERY
Spacious Rooms with Latest Teaching Kits
Smart Learning with Digital Classes
Play way Method of Learning
Experienced & Dedicated Staff
Warm & Caring Environment
Creative & Active Ways of Learning
न्यूनतम शुल्क
पर उच्च शिक्षा
सुशील वासवानी अध्यक्ष (EX राज्य मंत्री दर्जा)
: संस्कार परिवार :


SEWA SADAN
EYE HOSPITAL
Our Mission - Your Vision
चैतीचांद, गुड़ी पड़वा
और नव संवत्सर
की बधाई और शुभकामनाएं...
निर्माणाधीन सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल
आसाराम बापू तिराहा, एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर के पास, भोपाल
एन.ए.बी.एच. से अधिमान्यता
दृष्टि दोष और नेत्र रोगों का भरोसेमंद इलाज
अनुभवी डॉक्टरों द्वारा रोग परीक्षण एवं उपचार
तुलनात्मक रियायती दरें और बेहतर सेवा सुविधाएं।
सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय
संत हिरदाराम नगर, भोपाल-462030
फोन-0755-2641200, 2643581, मो. 9516546821
ईमेल- sewasadaneyehospital@gmail.com


SHIM
14 YEARS
GET MORE THAN JUST
A DEGREE
ADMISSION OPEN
After 12th Class
BBA
BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
3 YEARS UG PROGRAMME
MBA
INTEGRATED
5 YEARS PG PROGRAMME
After Graduation
MBA
Dual Specialization
GOVERNMENT SCHOLARSHIPS
UPTO - 100%
SHIM MERIT SCHOLARSHIPS
FOR ALL UPTO- 40%
ADMISSION HELPLINE
9424439012
9302727572
SANT HIRDARAM INSTITUTE OF MANAGEMENT
FOR WOMEN
(Formerly known as JSSGIW)

विक्रम संवत 2082 हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

# हरिभूमि

चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 30 मार्च 2025

## 'हरिभूमि' में पढ़िए चार प्रमुख शक्ति पीठों में तैयारियों की रिपोर्ट

### सलकनपुर की बिजासन माता

### 1 पहले दिन करीब 1 लाख श्रद्धालु करेंगे मां के दर्शन

रेहटी। पहाड़ी पर जाने वाले मार्ग से टैक्सियों से श्रद्धालु माता बिजासन के दर्शन करने पहुंचेंगे, लेकिन अपने अपने निजी वाहनों से नहीं पहुंच पाएंगे। साथ ही मोटरसाइकिल से भी सड़क मार्ग से माता बिजासन धाम पहुंच सकते हैं। मध्य प्रदेश ▸▸ शेष पेज 2 पर

पहाड़ी वाले मार्ग पर निजी वाहन नहीं चलेंगे



### दतिया की मां पीतांबरा देवी

### 2 पहले दिन करीब 50 हजार श्रद्धालु टेकेंगे दरबार में माथा

दतिया। दतिया में विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक शक्तिपीठ मां पीतांबरा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है, और चारों मुख्य द्वार श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे। मंदिर परिसर में बैरिकेड्स लगाए गए ▸▸ शेष पेज 2 पर

करीब 200 पुलिस जवानों की तैनाती की गई



### नलखेड़ा की मां बगलामुखी देवी

### 3 गर्भगृह के बाहर से ही होगी मां के दर्शन की व्यवस्था

नलखेड़ा। आगर जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूरी पर नलखेड़ा नगर में पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी का पांडव कालीन यह मंदिर है। मां के दरबार में स्थित गर्भगृह में विगत 56 वर्षों से अखंड ज्योत जल रही है, जो की शुद्ध घी से जलाई जाती ▸▸ शेष पेज 2 पर

56 वर्षों से जल रही अखंड ज्योत



### मैहर की मां शारदा देवी

### 4 नवरात्र में 10 लाख से ज्यादा आएंगे दर्शन को श्रद्धालु

सतना। पूरे मंदिर परिसर को 6 जून में बांटा गया है। मेले में 10 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। एसपी ने बताया कि दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए पुलिस के 50 से अधिक ड्यूटी प्वाइंट बनाए गए हैं। बाइक पेट्रोलिंग के निर्देश भी ▸▸ शेष पेज 2 पर

सीढ़ियों पर सीसीटीवी से होगी निगरानी




### सर्वार्थ सिद्धि, रेवती नक्षत्र में चैत्र नवरात्र आज से

## मां दुर्गा इस बार हाथी पर सवार होकर आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

चैत्र नवरात्र यानि शक्ति की साधना का महापर्व रविवार से शुरू हो रहा है। इस बार आठ दिनों के नवरात्र होंगे। दरअसल, तृतीया तिथि क्षय होने के कारण दूसरा और तीसरा नवरात्र 31 को ही माना जाएगा। पांच अप्रैल को अष्टमी और छह को नवमी पूजन किया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि नवरात्र की शुरुआत 30 मार्च से सर्वार्थ सिद्धि, इंद्र योग और रेवती नक्षत्र में होगी। साथ ही हिंदू नववर्ष का भी आरंभ भी होगा। इस साल मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी।



## भोपाल में चार दिन बंद रहेंगी मांस की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नवरात्र में मांस की दुकानें बंद रखने की मांग के बीच भोपाल नगर निगम ने चार दिन मांस की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। नगर निगम की तरफ से चैती चांद, राम नवमी, महावीर जयंती और बुद्ध जयंती पर भी मांस की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने चैती चांद, रामनवमी, महावीर जयंती एवं बुद्ध जयंती पर निगम सीमा में मांस विक्रय की दुकाने पूर्णतः बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। मैहर के एसडीएम विकास सिंह ने आदेश जारी कर मैहर नगर में इस दौरान मांस मछली अंडे के विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

दिल्ली – हैदराबाद, दोपहर 3.30 बजे से

राजस्थान – चेन्नई, शाम 7.30 बजे से

**प्रथम दिवसः मां शैलपुत्री**



वन्दे वांछित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥

भाजपा कार्यालय में 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप के शुभारंभ मौके पर सीएम का ऐलान

# जिलों की विकास समितियों में उद्यमियों और 'प्रोफेशनल्स' को भी जोड़ा जाएगा

लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसेवक बनकर कार्य करें युवा उद्यमी व प्रोफेशनल्स

*सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की राजनीति से परिवारवाद को माप्त करने के लिए एक लाख प्रोफेशनल्स, उद्यमियों और अलग-अलग क्षेत्र के प्रतिभावान लोगों, आंत्रप्रेन्योर को राजनीति में लाने का आह्वान किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक हजार साल की गुलामी के बाद वर्ष 1947 में देश आजाद हुआ, उस वक्त सबसे पहले देश की जनता के पैसे से सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया। किंतु एक समुदाय विशेष के वोट के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने मंदिर का उद्घाटन करने से इंकार कर दिया था।

नेहरू जी ने वोट के लिए देश के नैतिक मूल्यों व सनातन संस्कृति को किनारे किया था। वहीं, देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में भी बैठे और लोकार्पण में भी मौजूद रहे। ▸▸ शेष पेज 2 पर

देश और राजनीति की दिशा बदल सकते हैं युवा

**जातिवाद** परिवारवाद समाप्त होगा तभी विकसित भारत बनेगा



**नीतियों पर महत्वपूर्ण सुझाव देंगे**

आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए बनाई जाने वाली नीतियों में महत्वपूर्ण सुझाव देंगे और नीतियों को बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इससे देश और प्रदेश आगे बढ़ेगा और 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने का सपना साकार होगा।

### औद्योगिक विकास दर 0.02% से 12 प्रतिशत तक पहुंचाई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सत्ता की ताकत सुनीतियों के बल पर होती है। मप्र में वर्ष 2003 से पहले कांग्रेस की सरकार थी। पर प्रदेश के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया गया। 2003 में जब भाजपा की सरकार बनी, तब प्रदेश की औद्योगिक विकास दर 0.02* ▸▸ शेष पेज 2 पर


### ◆ नीति निर्माण प्रक्रिया में शामिल हों यंग प्रोफेशनल्सः शर्मा

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बूट कैंप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल, इंटेलेक्चुअल युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि शिकागो की धर्मसभा में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि आप मुझे मेरे जैसे 100 युवा दें, मैं सारी दुनिया को बदल दूंगा। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से जब युवाओं ने पूछा कि राजनीति गुंडाइज्म, धनबल, बाहुबल की पर्याय बन गई है, इस स्थिति को कैसे बदला जा सकता है? तब डॉ. कलाम ने जवाब दिया था कि जब तक आपके जैसे युवा राजनीति में नहीं आएंगे, तब तक वही पुराने लोग राजनीति चलाते रहेंगे और यही सब चलता रहेगा।*

## खबर संक्षेप

### गेहूं से भरे ट्रक में लगी आग, कई टन खाक

**ब्यावरा।** शहर के नजदीक खानपुरा पर नेशनल हाइवे पर देर रात को गेहूं से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई जिसमें कई टन गेहूं जलकर खाक होने का अनुमान है। आग इतनी भयानक थी की ट्रक का डीजल टेंक ही फट गया जिससे आग बेकाबू हो गई जिसे दमकल से काबू किया।



### हाथापाई में टीएमसी विधायक गिरी घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ टीएमसी विधायक अखिल गिरि शनिवार को पूर्व मेदिनीपुर जिले में एक सहकारी बैंक के बोर्ड सदस्यों के चुनाव प्रक्रिया के दौरान हाथापाई में घायल हो गए।सहकारी बैंक के अध्यक्ष विपक्ष के नेता और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी थे।



**बोले- हिंदू विरोधियों के साथ यही होगा**

## धार्मिक ध्वज हटाने पर सीएमओ के मुंह पर हिंदू संगठनों ने कालिख पोत डाली



▸▸ दमोह में भाजपा-हिंदू संगठन के लोगों का चक्काजाम

▸▸ पर्यटन संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी बोले- सीएमओ का कृत्य निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

दमोह में धार्मिक ध्वज हटवाने के विरोध में भाजपा और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका सीएमओ के चेहरे पर कालिख पोत दी। इसके बाद चक्काजाम कर दिया। सीएसपी अभिषेक तिवारी मौके पर पहुंचे और सड़क पर बैठे लोगों को समझाया। हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने सीएमओ को निलंबित करने की मांग की है। वे कलेक्ट्रेट में इसके लिए ज्ञापन देंगे। उनका कहना है कि हिंदू धर्म के विरोधियों के साथ ऐसा ही व्यवहार किया जाएगा। कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि नवरात्रि के शुभारंभ पर घंटाघर पर शुक्रवार रात हिंदूवादी संगठन द्वारा ध्वज लगाया जा रहा था। नपा कर्मचारियों ने उन्हें ऐसा करने से रोका। इस कारण विवाद की स्थिति ▸▸ शेष पेज 2 पर

**चिरावन ने कहा-** कुछ अधिकारी और कर्मचारी उनके खिलाफ साजिश रच रहे

## नर्मदापुरम डिप्टी कलेक्टर सस्पेंड महिलाओं से अभद्रता का आरोप

चिरावन ने ही सिंगरौली में एसडीएम रहते महिला से जूते की लेस बंधवाई थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में डिप्टी कलेक्टर पर महिला कर्मचारियों से अभद्र भाषा में बात करने और गलत मैसेज भेजने के आरोप हैं।

शिकायत मिलने के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार देर शाम डिप्टी कलेक्टर असवान राम चिरामन के सस्पेंशन के आदेश जारी किए। इधर, असवान राम चिरामन ने सभी आरोपों को झूठा बताया है। उनका कहना है कि कुछ अधिकारी और कर्मचारी उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। चिरावन पहले सिंगरौली में एसडीएम रहते महिला से जूते की लेस बंधवाकर चर्चा में आए थे। तब सीएम ने उन्हें हटा दिया था। असवान राम चिरामन सोहागपुर में एसडीएम के पद पर पदस्थ थे। शिकायतें मिलने पर 21 मार्च को उन्हें पद से हटा दिया गया था। उन्हें नर्मदापुरम ▸▸ शेष पेज 2 पर



**मप्र में आबकारी विभाग के टूटे सारे पुराने आंकड़े**

## राज्य सरकार को 5 साल में सबसे ज्यादा मिलेगा राजस्व

बड़े जिलों में 22 फीसदी से अधिक बिकी दुकानें

19 धार्मिक स्थलों में शराब दुकानों की नीलामी नहीं की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र आबकारी विभाग को वर्ष 2024-25 के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 22 फीसदी से भी ज्यादा राजस्व मिलने की संभावना बन गई है। यह पिछले पांच-छह वर्षों में 29 मार्च तक में मिलने वाले राजस्व का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। अब तक में जितनी भी दुकानें, ग्रुपों की नीलामी हुई हैं, उसमें 22 से लेकर 26 फीसदी तक ▸▸ शेष पेज 2 पर



**आबकारी विभाग के इस नुस्खे से बढ़ेगा राजस्व**

आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने ब्लैक में शराब बेचने की योजना बनाने वाले ठेकेदारों के मंसूबे पर रोक लगा दी। उन्होंने स्टांप ड्यूटी देकर शराब लेने पर पाबंदी लगा दी, जिनकी पुरानी ड्यूटी थी, उन्हें भी मना कर दिया। बताते हैं कि धार जिले के आसपास के क्षेत्र से शराब लेकर कई ▸▸ शेष पेज 2 पर

### ई-बैंक गारंटी की वैधता अवधि 30 अप्रैल 2026 तक

*ई-बैंक गारंटी की वैधता अवधि कम से कम 30 अप्रैल 2026 तक होगी। इसके लिए एफडी स्वीकार नहीं की जाएगी। पहले से जमा एफडी का नवीनीकरण भी नहीं किया जाएगा। जो ई-बैंक गारंटी दी जाएगी उसका कहीं और प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। दुकानों को कहीं शिफ्ट भी नहीं किया जाएगा। आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दुकानों का निष्पादन अंतिम चरण में है।*



9 पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा...



10 बैले के रूप में दिखाई सदियों तक याद रखी जाने वाली...



## माशिमं हेल्पलाइन पर हर दिन आ रहे 300 से 350 कॉल, 10वी-12वीं के रिजल्ट, विषय चयन, कॅरियर को लेकर बच्चे पूछ रहे सबसे अधिक सवाल

### 1 जनवरी से 29 मार्च तक करीब साढ़े 13 हजार कॉल हेल्पलाइन पर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। इसके साथ ही माशिमं की हेल्पलाइन पर पहुंचने वाले कॉल्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

हेल्पलाइन पर कॉल्स की संख्या बढ़कर 300 से 350 तक पहुंच गई है। इन कॉल्स में सबसे अधिक सवाल परीक्षा परिणाम, विषय चयन और करियर को लेकर पूछे जा रहे हैं। जनवरी से लेकर 29 मार्च तक करीब 13 हजार 500 कॉल हेल्पलाइन पर पहुंचे हैं।

**फैक्ट फाइल**

- काउंसलर्स विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कर रहे
- वर्ष 2024 में दिसंबर तक 1 लाख 8 हजार 615 कॉल दर्ज किए गए
- हेल्पलाइन सप्ताह के सभी दिनों में चालू रहती है

### पर्सनल प्रॉब्लम, तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कॉल भी शामिल



#### टीचर्स और पेरेंट्स भी पूछ रहे प्रश्न

दरअसल, मंडल की हेल्पलाइन सप्ताह के सभी दिनों में चालू रहती है। अधिकारियों की माने तो बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कॉल्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ था। जहां सामान्य दिनों में 100 से 150 कॉल्स हेल्पलाइन पर पहुंचते हैं, वहीं परीक्षाओं के बाद 300 से 350 कॉल्स तक पहुंच रहे हैं। इसमें विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक और अभिभावक भी शामिल हैं। पर्सनल प्रोब्लम, स्ट्रेस और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कॉल भी शामिल हैं। हालांकि हेल्पलाइन पर काउंसलर्स विद्यार्थियों से लगातार जुड़े हुए हैं और उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। अप्रैल में कॉल्स की संख्या में इजाफा हुआ है। अधिकारियों की माने तो अभी कॉल्स में और इजाफा होगा।

#### ऐसे मामले भी सामने आए

हेल्पलाइन पर अभिभावक का कॉल आया कि 10वीं में बच्चे ने पूरे साल परीक्षा को लेकर तैयारी की, लेकिन अचानक परीक्षा के दो दिन पहले तनाव व डर की वजह से अब वह परीक्षा नहीं देने की बात कह रहा है। ऐसे में काउंसलर्स ने अभिभावक के साथ ही बच्चे की काउंसलिंग की। दो से तीन बार की काउंसलिंग के बाद विद्यार्थी सहज हुआ और परीक्षा में शामिल भी हुआ।

#### 18 काउंसलर्स के साथ 180 विषय विशेषज्ञ

विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिए मंडल द्वारा हेल्पलाइन पर 18 काउंसलर्स की टीम के साथ ही करीब 180 विषय विशेषज्ञ भी जोड़े गए हैं। यह काउंसलर्स तीन पाली में काम करते हैं। हर पाली में 6 काउंसलर्स होते हैं। इसमें पहली पाली सुबह 8 से 12, दूसरी पाली दोपहर 12 बजे से 4 बजे और तीसरी पाली 4 बजे से 8 बजे तक काम करती है।

#### समाधान कर रहे



विद्यार्थियों को तत्काल राहत मिले और उनकी शैक्षणिक व मानसिक समस्याओं का तत्काल निराकरण हो, इसके लिए माशिमं द्वारा हेल्पलाइन संचालित की जाती है। इस बार बड़ी संख्या में हेल्पलाइन पर बच्चों कॉल आए हैं और उनके समाधान हुए हैं। विद्यार्थी निर्धारित समय पर माशिमं की हेल्पलाइन पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**भूपेश गुप्ता,** जनसंपर्क अधिकारी, माशिमं

*इस बार शामिल हुए 16.60 लाख विद्यार्थी*

*दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी और 12वीं में करीब 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हुए।*

---

### 1 अप्रैल से संपदा-1 होगा बंद, संपदा-2 में ही होगी रजिस्ट्री

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में एक अप्रैल से सिर्फ संपदा-2 पर ही रजिस्ट्रियां और स्टांप दर्ज किए जा सकेंगे। जबकि संपदा एक पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में लोगों के पास अब सिर्फ दो दिन 30 और 31 मार्च का ही समय संपदा-1 से रजिस्ट्री व स्टांपिंग कराने के लिए बचा है। संपदा सॉफ्टवेयर को लेकर महानिरीक्षक पंजीयन अमित तोमर ने शनिवार को आदेश जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि ई रजिस्ट्री और ई स्टांप प्रणाली संपदा-2 का संचालन अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक चार जिलों में पॉयलेट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था। जिसे 10 अक्टूबर से प्रदेश में लागू कर दिया गया है। जिसमें फरवरी तक दो लाख 19 हजार 878 रजिस्ट्री और एक लाख 10 हजार 524 ई स्टांप जारी किए गए हैं। महानिरीक्षक पंजीयन ने सभी जिला पंजीयक और उप पंजीयकों को निर्देश दिए हैं कि एक अप्रैल से प्रदेश में सिर्फ संपदा-2 प्रणाली के माध्यम से ही ई-रजिस्ट्री व ई-स्टांपिग की जा सकेगी। संपदा-1 का संचालन नये दस्तावेज रजिस्टर्ड करने और ई-स्टांप जारी करने के लिए बंद कर दिया जाएगा।



- सर्विस प्रोवाइडर्स को नए सॉफ्टवेयर में स्लॉट बुक करने की हिदायत

### प्रदेशभर में हायर रेट रजिस्ट्री और खरीद-फरोख्त को आधार बनाकर बढ़ाए दाम

## 60 हजार लोकेशन पर बढ़ेंगी प्रॉपर्टी की कीमतें, केंद्रीय बोर्ड ने दी मंजूरी

**प्रस्तावों की जांच के बाद लागू करने के आदेश जारी**

**एक अप्रैल से मकान, खेती की जमीन खरीदना महंगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के 55 जिलों में 60 हजार स्थानों पर एक अप्रैल से घर, मकान, फार्म हाउस और खेती की जमीन खरीदना महंगा हो जाएगा। सभी जिलों से कलेक्टर गाइडलाइन के प्रस्तावों को लेकर शनिवार को केंद्रीय मूलयांकन बोर्ड ने बैठक रखी। जिसमें बोर्ड के अध्यक्ष और महानिरीक्षक पंजीयन अमित तोमर ने चर्चा की और प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। ऐसे में अब भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित सभी जिलों में नई प्रापर्टी के दामों में पांच से 25 प्रतिशत तक प्रॉपर्टी महंगी हो जाएगी।

बता दें कि इस पर सभी जिलों में आर्टिफिशल इंटेलीजेंस से निकाली गई सबसे अधिक दामों पर होने वाली रजिस्ट्रियों को आधार बनाकर जमीनों के दाम बढ़ाए गए हैं। प्रदेश में एक लाख 12 हजार स्थान हैं, जिनमें से 74 हजार स्थानों पर प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त की जाती है। विभिन्न जिलों के पंजीयन और राजस्व अधिकारियों द्वारा एआइ सहित अन्य माध्यमों से सर्वे कराया गया।

#### 55 हजार स्थानों पर तीन से चार गुना अधिक दामों पर हुई रजिस्ट्रियां



सर्वे में पता चला कि 55 हजार स्थानों पर वर्तमान दामों से तीन से चार गुना अधिक दामों पर रजिस्ट्रियां की जा रही हैं। वहीं पांच हजार स्थान ऐसे हैं, जहां जमकर निर्माण कार्य, आवासीय, व्यवसायिक भवन, सड़क का निर्माण किया जा रहा है, वहां भी अधिक दामों रजिस्ट्रियां की गई हैं। इन सभी को आधार बनाकर 60 हजार स्थानों पर नये दामों को स्वीकृति दी गई है। यह दाम पूरे प्रदेश में एक अप्रैल से लागू हो जाएंगे। हालांकि महिलाओं के नाम प्रॉपर्टी खरीदने पर दो फीसदी की छूट देने का असर अब नजर आएगा। परिवार में अब महिलाओं के नाम रजिस्ट्री बढ़ेंगी।

#### कंस्ट्रक्शन के रेट में नहीं किया बदलाव

महानिरीक्षक पंजीयन अमित तोमर ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए नई गाइडलाइन लागू की जा रही है। प्रस्तावों और भूमि, भवन व स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के नियतन के लिए बैठक रखी गई। जिसमें सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया गया है, लेकिन आवासीय आरसीसी निर्माण और आरबीसी, टिन शेड, कच्चा कवेलू के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रचलित निर्माण दरों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में रखा गया है।



#### प्रॉपर्टी के दाम बढ़ने का असर... एक दिन में रिकॉर्ड 103 रजिस्ट्री

एक अप्रैल से जिले की 1312 लोकेशन पर पांच से तीन सौ फीसदी तक बढ़ने वाले प्रॉपर्टी के दामों को लेकर प्रॉपर्टी के खरीदार 31 मार्च तक रजिस्ट्री कराने के प्रयास में जुट गए हैं। जिसके तहत शनिवार को रिकार्ड 1035 रजिस्ट्री दर्ज की गई। अब वर्तमान दामों में रजिस्ट्री कराने के लिए दो दिन शेष हैं, जिसमें रविवार को भी रजिस्ट्री की जाएंगी। वरिष्ठ जिला पंजीयन मुकेश श्रीवास्तव का कहना है कि प्रॉपर्टी के खरीदारों को देखते हुए पंजीयन दफ्तरों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। शनिवार को रिकार्ड 1035 रजिस्ट्री दर्ज की गईं। इसके साथ एक अप्रैल को संपदा का पोर्टल बंद रहेगा, जिससे दो अप्रैल से नए रेट में ही रजिस्ट्री होंगी।

**रविवार को भी रजिस्ट्री की जाएंगी**



### सूखी झाड़ियों और तेज हवा से फैली आग

## आठ दिन में दूसरी बार मैनिट के जंगल में भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (मैनिट) कैंपस में मौजूद जंगल में लग गई। सूखी झाड़ियों और तेज हवा की वजह से आग तेजी से फैली और जंगल के एक बड़े हिस्से को जलाकर खाक कर दिया।

फायर फाइटर्स को आग बुझाने में पांच घंटे से ज्यादा का समय लगा। आग बुझाने फतेहगढ़, पुल बोगदा और माता मंदिर सहित पांच फायर सब स्टेशनों से आधा दर्जन दमकलों सहित 30 टैंकरों को लगाया गया। इधर, जंगल से आग की लपटें और धुआं उठते देख मैनिट कैंपस में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। बता दें कि आठ दिन में मैनिट दूसरी बार आग लगी है।



#### सुबह 9 बजे भड़की आग दोपहर 2 बजे बुझाई गई

आग सुबह करीब नौ बजे लगी जिसे पूरी तरह से दोपहर दो बजे बुझाया जा सका। हवा की वजह से आग बुझाने के बाद भी बार-बार भड़क रही थी, जिससे आग बुझाने मे दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि इस पर काबू पा लिया गया।

---

## बलवा मॉक ड्रिल: दंगाइयों पर काबू पाने पुलिसकर्मियों ने छोड़ी टियर व स्मोक गैस

### बैरसिया के बर्री छीरखेड़ा में पुलिसकर्मियों ने दंगाइयों पर काबू पाने का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया के बर्री छीरखेड़ा खेल मैदान में शनिवार को जिला भोपाल (ग्रामीण) पुलिस ने बलवा मॉक ड्रिल का आयोजन किया। कार्यक्रम के समापन पर बैरसिया नगर में पैदल मार्च मुख्य मार्ग से निकाला गया।

बलवा ड्रिल के माध्यम से पुलिसकर्मियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के जरिए पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए कई तरीके सिखाए गए। दंगाइयों को रोकने के लिए उपकरणों का इस्तेमाल, टियर गैस के गोले दागना, भीड़ को तितर-वितर करने के लिए स्मोक गैस का इस्तेमाल करना, दंगे के दौरान घायल लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना जैसे अभ्यास सिखाए कराए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि भोपाल ग्रामीण पुलिस का बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया गया है।



**अफसरों ने दिया मार्गदर्शन**

*इस मौके पर एसडीओपी बैरसिया सर्वप्रिय सिन्हा एसडीओपी बिलखिरिया प्रिया सिंधी, एसडीओपी ईंटखेड़ी मंजू चौहान, रक्षित निरीक्षक श्याम किशोर झरवडे, बैरसिया थाना प्रभारी अरुण शर्मा मौजूद रहे।*

## बैंक, सहकारिता के अधिकारियों और बिजनेसमैन को 3 साल का कारावास

### बंधक कृषि भूमि को नियम विरुद्ध नीलाम करने का मामला

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला सहकारी कृषि एवं भूमि विकास बैंक में बंधक कृषि भूमि को नियम विरुद्ध नीलामी प्रक्रिया से नीलाम करने के मामले में लोकायुक्त संगठन के विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को जिला सहकारी कृषि एवं भूमि विकास बैंक के तत्कालीन विक्रय अधिकारी विजेन्द्र कौशल, हरिहर प्रसाद मिश्रा, महाप्रबंधक अशोक कुमार मुखरैया, सहकारिता निरीक्षक एपीएस कुशवाहा और बैंक में बंधक कृषि भूमि को नियम विरूद्व नीलामी में खरीदने वाले बिजनेसमैन बीजीएस होण्डा टू व्हीलर शो रुम के संचालक परमजीत सिंह बेदी को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 40000-4000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक हेमलता कुशवाहा द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई।



#### 4000-4000 रुपए का जुर्माना भी

ग्राम फतेहपुर डोगरा निवासी फरियादी किसान सायरा बानो ने लोकायुक्त संगठन के पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी कि उन्होंने जिला सहकारी कृषि एवं भूमि विकास बैंक में वर्ष 1985 - 86 में 3.50 एकड़ कृषि भूमि को बंधक रखकर कुंआ और पम्प के लिए 18000 रुपए का ऋण लिया था। ऋण के 9000 रुपए बचे थे। आरोपियों ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 19 अप्रैल 2007 को उनकी कृषि भूमि को बिजनेसमैन परमजीत सिंह बेदी को नियम विरूद्ध नीलामी प्रक्रिया के 50 हजार रूपए में बेच दिया था। लोकायुक्त पुलिस ने फरियादी किसान सायरा बानो की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर 26 मई 2017 को विवेचना अधिकारी ने विवेचना पूर्ण कर जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

---

### आर्थोपेडिक विभाग के रेसिडेंट डॉक्टर बेसिक स्पोर्ट्स इंजरी कोर्स में शामिल किए गए

## अब चोटिल खिलाड़ियों का भोपाल में ही होगा इलाज, जीएमसी में डेढ़ करोड़ की लागत से बनाई गई आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर लैब

### खिलाड़ियों को दिल्ली मुंबई जैसे बड़े शहरों में जाना नहीं पड़ेगा

*लैब के शुभारंभ पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी, आर्थोस्कोपी कौशल कार्यशाला का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के खिलाड़ियों के चोटिल होने पर अभी बेहतर इलाज के लिए प्रदेश से बाहर दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता है। इस समस्या के समाधान और प्रदेश में ही स्पोर्ट्स इंजरी के विशेषज्ञ गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) तैयार करेगा। इसके लिए जीएमसी के ऑथोर्पेडिक विभाग में डेढ़ करोड़ की लागत से आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर लैब बनाई गई है। जिसमें सबसे पहले ऑथोर्पेडिक विभाग के ही रेसिडेंट डॉक्टर ही बेसिक स्पोर्ट्स इंजरी कोर्स में शामिल किए गए हैं।



#### रिसर्च: सिम्युलेटर से सीखने पर स्किल हुई बेहतर

जीएमसी के ऑथोर्पेडिक विभाग ने इस लैब और मशीन को ऑफिशियल रूप से शुरू करने से पहले एक रिसर्च की थी। जिसमें सामने आया कि सिम्युलेटर मशीन पर प्रैक्टिस कर स्पोर्ट इंजरी की सर्जरी सीखे डॉक्टरों की स्किल अन्य से काफी बेहतर थी। इसके अलावा उनके द्वारा की गई सर्जरी से मरीज की रिकवरी भी तेज हुई।

#### लैब में ही चिकित्सक करेंगे सर्जरी की प्रैक्टिस

इस लैब में आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर मशीन पर कोर्स में भाग लेने वाले चिकित्सक सर्जरी की प्रेक्टिस करेंगे। यह प्रदर्शन अच्छा होने पर उन्हें केडेवर पर प्रैक्टिस कराई जाएगी। यह दोनों चरण पास होने के बाद वे एक सीनियर डॉक्टर के अंडर में मरीज की सर्जरी करेंगे।

#### अगले साल से शुरू किए जाएंगे एडवांस कोर्स

अगले साल से इसके एडवांस कोर्स प्रदेश भर के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों के मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए शुरू होंगे। यह जानकारी विशेषज्ञों द्वारा शनिवार को लैब के शुभारंभ और बुनियादी आर्थोस्कोपी कौशल कार्यशाला के पहले दिन दी गई। जिसमें डॉ. निर्भय श्रीवास्तव, डॉ सुनीत टंडन, डॉ. आर पी कौशल, डॉ. संजीव गौर आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

#### एक नई पहल

चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में यह एक नई पहल है। जीएमसी में शुरू हुई आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर लैब से प्रदेशभर के चिकित्सकों को ट्रेनिंग मिलेगी। इस तकनीकी प्रणाली की मदद से चिकित्सक बिना किसी वास्तविक सर्जरी के अभ्यास कर सकते हैं, जिससे वे अपनी तकनीकी दक्षता को बेहतर बना सकते हैं।

**डॉ. आशीष गोहिया,** एचओडी ऑथोर्पेडिक विभाग, जीएमसी

## अब हैदराबाद के लिए नई फ्लाइट आज से

### इधर, गोवा फ्लाइट बंद होने से यात्री हुए निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

समर शेड्यूल के कारण राजा भोज एयरपोर्ट पर भी विमानों की आवाजाही प्रभावित हुई है। भोपाल से हैदराबाद के लिए एक और फ्लाइट 30 मार्च देर शाम से मिलने लगेगी। भोपाल से गोवा के लिए चल रही इंडिगो की फ्लाइट बंद हो गई है।

इंडिगो की ही भोपाल से बंद की गई जयपुर फ्लाइट आगामी 1 जुलाई से फिर चलने लगेगी। दिल्ली के लिए चल रही इंडिगो की दिल्ली मार्निंग फ्लाइट के समय में बदलाव भी है। भोपाल से दिल्ली के लिए पहले, तीसरे और पांचवें रविवार व



बुधवार को एक अतिरिक्त फ्लाइट भी समर सीजन के दौरान चलती रहेगी। भोपाल से अहमदाबाद के लिए अब दो की जगह एक फ्लाइट मिलेगी। समर सीजन में फ्लाइट्स की संख्या 20 होगी। गोवा फ़्लाइट बंद होने से यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब यात्रियों को गोवा इंदौर या मुंबई से जाना पड़ेगा।

भोपाल
रविवार, 30 मार्च 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष–01
वर्ष : 11, अंक : 363
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यूून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हम विक्रमोत्सव का कर रहे आयोजन

# विक्रम संवत प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और विकास का उत्सव


डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

ब्लॉग

आज से विक्रम संवत 2082 आरंभ हुआ है। यह प्रदेशवासियों के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय नववर्ष विक्रम संवत उज्जयिनी से शुरू हुआ। यह सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक की तिथि है। सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम संवत का प्रवर्तन किया था। सम्राट विक्रमादित्य ने सुशासन के सभी सूत्रों को स्थापित करते हुए अपने सुयोग्य 32 मंत्रियों का चयन किया, इसीलिए उनके सिंहासन को 'सिंहासन बत्तीसी' कहा जाता है। भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन ऋतु परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाने का समय है। इसे कहीं गुड़ी पड़वा तो कहीं चैती चांद, कहीं युगादि तो कहीं उगादि और कहीं नवरोज अगदु के रूप में मनाया जाता है। नववर्ष का यह पर्व 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को स्थापित करता है। इसके साथ नवरात्र का आरंभ होता है। यह नौ दिन आरोग्य, साधना और कायाकल्प के लिए होते हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हम विक्रमोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। यह उत्सव 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। आगामी 12-13 और 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्रीकृष्ण की दीक्षा नगरी उज्जयिनी का संबंध भारत की हर विशेषता से है। उज्जैन धरती के केंद्र में स्थित है। यहां भगवान शेष पेज 2 पर

## पीएम मोदी के 'विरासत से विकास' के सूत्र को साकार कर रहे

मध्यप्रदेश का 2025-26 का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को केंद्र में रखकर प्रस्तुत किया गया है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण की अवधारणा अनुसार बजट को बहुआयामी स्वरूप दिया गया है। इस बजट में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का भी प्रावधान है। वर्ष भर के संकल्पों की पूर्ति के लिए हमने बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें विरासत से विकास का सूत्र दिया है। मुझे बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री के 'विरासत के साथ विकास' मंत्र को प्रदेश में धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों के विकास के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया है। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ पर्व के आयोजन की भव्यता और दिव्यता के लिए दो हजार करोड़ रु. का प्रावधान किया है।

नागपुर दौरे पर डॉ. भागवत से मिलेंगे पीएम मोदी

# सुनील अंबेकर बोले देशहित में होगी चर्चा

आज पीएम रहेंगे नागपुर के दौरे पर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर दौरे पर जाने वाले हैं, जिसको लेकर शहर में तैयारी तेज हो चुकी है। संभावना है कि



पीएम मोदी अपने नागपुर दौरे पर आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से मुलाकात करने वाले हैं। इस मुलाकात को लेकर आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने कहा कि जब भी डॉ. भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिलते हैं, तो वे देश और आरएसएस के बेहतर कार्यों पर चर्चा करते हैं। मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र के नागपुर का शेष पेज 2 पर

### संगठन के संदेश पर दिया जोर

अंबेकर ने कहा कि संगठन का संदेश यह है कि हम खुद को बेहतर बनाते रहें और देश को बेहतर बनाने में अपने प्रयासों को लगाएं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दोनों यह बात करते हैं कि संगठन के कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया जाए और उसमें सुधार कैसे किया जाए।

## खबर संक्षेप

### सीजेआई की मंजूरी के बिना एफआईआर नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा केस में फायर चीफ ने ऐसा कभी नहीं कहा। उन्होंने जब्ती में शून्य दर्ज किया। चूंकि हम एफआईआर दर्ज नहीं कर सकते, तो जब्ती कैसे हो सकती है? एफआईआर केवल सीजेआई की अनुमति से ही दर्ज की जा सकती है। हमें समिति के फैसले का इंतजार करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की जांच समिति का गठन किया है।

### मदमस्त हाथी ने चारा डाल रहे श्रमिक को मार डाला



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) के आमानाला हाथी कैंप में अष्टम नामक हाथी मद में मस्त था, उसने चारा डालने आए श्रमिक को पटककर मार डाला। बता दें कि नर हाथियों में ऋतुकाल(मेटिंग सीजन) में कान के पास से एक द्रव निकलता है जिसे मद कहते हैं। ऐसी अवस्था में हाथी उग्र हो जाते हैं। बताया गया है कि पास के देवरी गांव निवासी श्रमिक नागेंद्र सिंह जंजीरों से बंधे अष्टम को चारा डालने गया था।

### किसानों के खाते में जून में आएगी 20वीं किस्त



**नई दिल्ली।** भारत सरकार अब तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की कुल 19 किस्तों को जारी कर चुकी है। पिछले महीने 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर में आयोजित एक खास कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की थी। केंद्र सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त आने वाले जून महीने में जारी कर सकती है।

गुड़ी पड़वा पर आज मनेगा सृष्टि आरंभ दिवस, सिंहस्थ-2028 का एंथम सॉन्ग होगा लॉन्च


# उज्जैन में एक हजार ड्रोन के जरिए बनेंगी बाबा महाकाल और श्रीकृष्ण की आकृतियां



मोहन सरकार द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव के तहत रविवार 30 मार्च को गुड़ी पड़वा के अवसर पर वर्ष प्रतिपदा के दिन उज्जयिनी गौरव दिवस और सृष्टि आरंभ दिवस मनाया जाएगा।

शो के दौरान फीमेल वॉइस ओवर में माता शिप्रा की कथा सुनाई जाएगी

रात में 15 मिनट अद्भुत नजारा प्रस्तुत करेगा ड्रोन शो



ड्रोन शो का आयोजन बोटलेब और एकमे मीडिया कंपनी, दिल्ली द्वारा किया जाएगा | इस कंपनी की स्थापना 28 आईआईटी के छात्रों ने एक स्टार्टअप के रूप में की थी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव के तहत रविवार 30 मार्च को गुड़ी पड़वा के अवसर पर वर्ष प्रतिपदा के दिन उज्जयिनी गौरव दिवस और सृष्टि आरंभ दिवस मनाया जाएगा। इस विशेष मौके पर महाकाल नगरी के आकाश में एक साथ 1,000 ड्रोन उड़ाए जाएंगे।

रात में होने वाला 15 मिनट का भव्य ड्रोन शो अद्भुत नज़ारा पेश करेगा, जिसमें भगवान शिव और श्रीकृष्ण की आकृति और उनसे जुड़े प्रतीक चिह्न रंग-बिरंगे स्वरूप में नजर आएंगे। शो के दौरान ड्रोन महाकाल, सम्राट विक्रमादित्य का पोर्ट्रेट, माता शिप्रा, ब्रह्मांड, कृष्ण-सुदामा, सिंहस्थ 2028 का लोगो, नववर्ष की बधाई, वैदिक घड़ी और महाकाल की आरती के मनमोहक दृश्य बनाएंगे। पूरे शो के दौरान शेष पेज 2 पर

### आईआईटी के 28 छात्रों का यह स्टार्ट-अप

उज्जैन में इस ड्रोन शो का आयोजन बोटलेब और एकमे मीडिया कंपनी, दिल्ली द्वारा किया जाएगा। इस कंपनी की स्थापना 28 आईआईटी के छात्रों ने एक स्टार्टअप के रूप में की थी, जो अब पेशेवर रूप से ड्रोन शो आयोजित कर रहे हैं। यह टीम अब तक खेलो इंडिया, जी-20, हाल ही में हुए आइफा अवाड्र्स और प्रयागराज कुंभ जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में ड्रोन फॉर्मेशन की शानदार प्रस्तुतियां दे चुकी है। टीम पहले ही उज्जैन पहुंच चुकी है और दो दिनों से आसमान में विभिन्न ड्रोन फॉर्मेशन का ट्रायल कर रही है, ताकि मुख्य आयोजन में अद्भुत नज़ारा पेश किया जा सके।

### सिंहस्थ- 2028 के लिए बना एंथम सॉन्ग

विक्रमादित्य शोध संस्थान के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि सिंहस्थ कुंभ 2028 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस महाकुंभ के लिए एक विशेष एंथम सॉन्ग तैयार किया है, जिसे गायक कैलाश खेर ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि संगीत आलोक श्रीवास्तव ने तैयार किया है। ढाई मिनट के सॉन्ग को भव्य तरीके से ड्रोन शो के माध्यम से लॉन्च किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने नागरिकों को दीं मंगलकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों को नवसंवत्सर, चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा और चेटीचंड की बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत से प्रारंभ होता है। अंग्रेजी कैलेंडर के प्रचलन के बाद भी हमारी संस्कृति से जुड़े नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा पर्व, चेटीचंड के त्योहार और चैत्र नवरात्र का अपना महत्व है। भारतीय समाज का बहुत बड़ा हिस्सा इन मंगल पर्वों को उल्लासपूर्वक मनाता है। डॉ. यादव ने कहा कि नव संवत्सर 2082 का आरंभ हो रहा है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को पर्व, त्योहारों की बधाई देते हुए प्रदेश के विकास के यज्ञ में सहभागिता की अपेक्षा भी की है। डॉ. यादव ने प्रदेश में इन पर्व-त्योहारों पर हो रहे पारिवारिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों की सफलता की कामना की है।

जस्टिस निर्मल यादव को 17 साल बाद बड़ी राहत

# 15 लाख रु. की रिश्वत मामले में सीबीआई कोर्ट ने किया 'बरी'

उनके लिए लिफाफा एक अन्य जस्टिस निर्मलजीत कौर के आवास पर पहुंचाया गया था

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

चंडीगढ़ की एक स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने शनिवार को रिटायर जस्टिस निर्मल यादव को 2008 के एक मामले में बरी कर दिया। इसमें कथित तौर पर उनके लिए 15 लाख रुपए की नकदी से भरा एक पैकेट



एक अन्य जस्टिस निर्मलजीत कौर के आवास पर पहुंचाया गया था। जस्टिस यादव उस समय पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की जज थीं। स्पेशल कोर्ट ऑफ एडिशनल सेशन जज अलका मलिक ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। इतना ही नहीं इस मामले में अन्य आरोपियों रविंदर सिंह भसीन, राजीव गुप्ता और निर्मल सिंह को भी बरी कर दिया गया। जस्टिस यादव ने अपने शेष पेज 2 पर

### 2011 में जस्टिस निर्मल यादव रिटायर हो गईं

जनवरी 2009 में सीबीआई ने जस्टिस यादव पर केस चलाने की इजाजत मांगी। हाई कोर्ट ने साल 2010 में मंजूरी दे दी। इस दौरान फरवरी 2010 में जस्टिस यादव का ट्रांसफर उत्तराखंड हाईकोर्ट में हो गया और मार्च 2011 में वे रिटायर हो गईं। 2014 में स्पेशल कोर्ट ने पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। यादव ने अपने खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, उन्हें यहां पर भी झटका लगा। बाद में उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी और सुप्रीम कोर्ट जा पहुंची। उन्होंने कहा कि यह बिना सबूत का मामला है और ट्रायल कोर्ट को उनके खिलाफ आरोप तय करने से रोका जाना चाहिए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ और याचिका खारिज कर दी।

### क्या है पूरा मामला?

यह पूरा का पूरा मामला साल 2008 का है, जब जस्टिस कौर के घर पर एक क्लर्क को 15 लाख रुपए की नकदी से भरा एक पैकेट मिला था। कथित तौर पर यह पैकेट जस्टिस यादव के लिए था और एक जैसे नाम होने की वजह से गलत पहचान के चलते दूसरे जज के घर पहुंचा दिया गया था। जस्टिस कौर ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश और चंडीगढ़ पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद 16 अगस्त 2008 को एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि, 10 दिन बाद तत्कालीन यूटी प्रशासक जनरल एसएफ रोड्रिग्स ने मामले को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया। सीबीआई ने 28 अगस्त 2008 को एक नई एफआईआर दर्ज की।

बकाया वसूलने गए थे कर्मचारी

# बिजली कंपनी टीम की हॉकी से पिटाई, एफआईआर दर्ज



बिजली काटी जा रही कुर्की की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जिले में वसूली अभियान चलाया जा रहा है। बकाया वसूलने के लिए बिजली कंपनी द्वारा जहां गांवों की लाइट काटी जा रही है तो वहीं कुर्की की कार्रवाई भी की जा रही है। बिजली कंपनी के इस अभियान से गांवों में आक्रोश भी पनप रहा है। इधर, ग्राम भाऊखेड़ी में बकाया वसूलने गए बिजली कंपनी दल पर हॉकी से हमला कर दिया। एक कर्मचारी के हाथ में फ्रेक्चर आया है। कर्मचारी द्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ शेष पेज 2 पर

पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म

# बारिश से शुरु होगा अप्रैल 2 दिन बाद और गिरेगा पारा


वीआईपी सड़क का दृश्य

रात का पारा 3.6 डिग्री गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शनिवार को दिन के साथ रात के तापमान में गिरावट रही। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से हवाएं उत्तरी हो गईं, जिससे प्रदेशभर में पारा तेजी से गिरा है। अब दो दिन बाद एक से 2 अप्रैल के आसपास शेष पेज 2 पर

# 15 टन राहत सामग्री लेकर सी-130 विमान यांगून पहुंचा



बोले पीएम- भारत अपने पड़ोसी व करीबी मित्र के साथ खड़ा

### म्यांमार की मदद के लिए भारत का 'ऑपरेशन ब्रह्मा'

**नई दिल्ली।** भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा शेष पेज 2 पर
पढ़ें पेज 06 भी

विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा

# बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ये अस्वीकार्य




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ ने प्रदूषण को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य है। विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन - 2025 के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यह भी कहा कि ऐसे समाधान शेष पेज 2 पर

सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए

### सांस लेने वाली हवा से समझौता भला कैसे हो सकता है?

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि यह कार्रवाई के लिए एक तत्काल आह्वान है, एक संकेत है कि हमें उत्सर्जन को विनियमित करने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश करने और टिकाऊ परिवहन विकल्पों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आना चाहिए, जो हमारे द्वारा सांस लेने वाली हवा से समझौता किए बिना आर्थिक प्रगति की अनुमति देता है।

### पवित्र और प्राचीन नदियां अपशिष्टों से भरी हुईं

उन्होंने जल प्रदूषण को एक अन्य प्रमुख चिंता के रूप में चिन्हित किया, उन्होंने कहा कि कई पवित्र और प्राचीन नदियां अनुपचारित अपशिष्टों से भरी हुई हैं। जब मैं इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी यादों और चिंता का मिश्रण महसूस होता है। पुरानी यादों के लिए कि ये जल कितने जीवंत और शुद्ध थे और हमारी असमर्थता के लिए चिंता कि हम उन्हें उनके प्राकृतिक गौरव में संरक्षित कर सकें। औद्योगिक अपशिष्ट का उपचार करना, सीवेज अवसंरचना को बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को नदी के किनारों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक कदम हैं।

कमांडर जगदीश भी मारा गया

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 18 नक्सली ढेर



एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापाल इलाके में शनिवार को सुरक्षा बलों ने एक बड़ी मुठभेड़ में 18 नक्सलियों को मार गिराया है। क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिली थी। शेष पेज 2 पर

### शाह ने कहा-शांति से होगा बदलाव

गृह मंत्री अमित शाह ने सुकमा में हुए मुठभेड़ को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया है और स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। उन्होंने आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 शेष पेज 2 पर

# एरियल के डिब्बे में कॉस्मेटिक भरकर चोरी करते दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर बायपास पर रिलायंस स्मार्ट बाजार में कैमरों से बचते हुए एरियल डिटर्जेंट के डिब्बों में कॉस्मेटिक भरकर ले जा रहे दो युवकों को गार्ड ने पकड़ लिया। उनके डिब्बे की तलाशी ली गई तो डिब्बे में कॉस्मेटिक भरा हुआ था। भरे हुए कॉस्मेटिक की कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है।

गार्ड और मैनेजर ने दोनों आरोपियों को अयोध्या नगर पुलिस को सौंप दिया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह अपनी गर्ल्सफ्रेंड के लिए कॉस्मेटिक चुराने की नियत से पहुंचे थे। इससे पहले ही पकड़ा गए। पुलिस के अनुसार नितेश शर्मा पिता अजय शर्मा (31) देवमाता अस्पताल के पास फेस-5, अहिन्सा विहार, अयोध्या नगर में रहते हैं और रिलायंस स्मार्ट बाजार अयोध्या नगर में मैनेजर है। गुरुवार रात करीब 10 बजे स्टोर में दो युवक पहुंचे थे। उन्होंने एरियल के डिब्बे को खाली किया और उसमें कॉस्मेटिक भर लिया। इस दौरान गार्ड की नजर उन पर पड़ गई। गार्ड कर्मचारियों के साथ पहुंचा और दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद मैनेजर के साथ युवकों को अयोध्या नगर थाने ले जाया गया।

आरोपियों की पहचान रामकिशन धाकड़ पिता कमल सिंह धाकड़ (24) अहमद अली कॉलोनी, ऐशबाग और धनश्याम यादव पिता छगनलाल यादव (25) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ऐशबाग के रूप में की गई।

गार्ड राजेश बैरागी ने पुलिस को बताया कि दोनों एरियल के डिब्बे में कॉस्मेटिक भर चुके थे। उन्हें आवाज दी तो वह भागने लगे। भागने के कारण उन पर संदेह और बढ़ गया। इसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया। डिब्बे में भरे गए ब्यूटी प्रोडक्ट्स की कीमत चालीस हजार रुपए बताई जा रही है।

# सेमरा नवयुवक व्यापारी संघ ने किया होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेमरा नवयुवक व्यापारी संघ ने राजीव नगर स्थित लक्ष्मी नारायण मैरिज गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें व्यापारियों ने हिस्सा लिया। साथ ही गुलाल और फूलों की होली खेली। अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा ने बताया कि होली मिलन समारोह से व्यापारियों का मिलना हो जाता है और अपनी बात रखते हैं। समारोह में बलराम विश्वकर्मा, अखिलेश लोधी, स्वामी निरंजन, वीरेंद्र साहू, मुकेश साहू, अर्जुन माली आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## जैकेट का शेष...

### पहले दिन करीब ...

में विख्यात शक्तिपीठ बिजासन धाम सलकनपुर में यूं तो प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं लेकिन चैत्र नवरात्र में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ट्रस्ट द्वारा भी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तरह-तरह की व्यवस्था की जाती हैं। इस बार पहले करीब 1 लाख लोग पहुंचेंगे।

### पहले दिन करीब 50...

हैं, जिससे भक्त कतारबद्ध होकर मां बगलामुखी के दर्शन कर सकें। बाहर से आने वाले साधकों के लिए ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। अनुमान है कि नवरात्रि के प्रथम दिन लगभग 50 हजार श्रद्धालु मंदिर पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मिश्रा के निर्देश पर करीब 200 पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। मंदिर व्यवस्थापक मनोज मुदगिल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव व्यवस्था की गई है।

### गर्भगृह के बाहर ...

है। एसडीएम एवं मंदिर समिति अध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा किमंदिर प्रांगण में बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं, इन्हीं के माध्यम से यहा दर्शन करने आने वाले भक्तों को सुविधा के दृष्टिकोण से कतारबद्ध मंदिर परिसर में प्रवेश करवाया जाएगा। दर्शनार्थियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए गर्भगृह के बाहर से ही दर्शन की व्यवस्था की गई है।

### नवरात्रि में ...

हैं। एसपी ने बताया कि मेला परिसर एवं सीढ़ियों पर जगह-जगह आधा सैकड़ा से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो मंदिर परिसर की सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचाने के लिए रोपवे के अलावा सीढ़ी का भी इस्तेमाल कर सकेंगे।

### जिलों की विकास...

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप का शुभारंभ मौके पर कही। इस मौके पर कार्यक्रम को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स के कार्यकर्ताओं से की कि आप सभी उद्यमी लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसेवक बनकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिलों के विकास को और अच्छे तरीके से सुनिश्चित करने के लिए जिलों में गठित विकास समितियों में उद्यमियों व प्रोफेशनल्स को भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की राजनीति से परिवारवाद को समाप्त करने के लिए एक लाख प्रोफेशनल्स, उद्यमियों और अलग-अलग क्षेत्र के प्रतिभावान लोगों, आंत्रप्रेन्योर को राजनीति में लाने का आह्वान किया है। आप लोग अलग-अलग क्षेत्र के अपने-अपने क्षेत्र के जानकार व महारथी हैं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में नीतियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

### औद्योगिक विकास...

प्रतिशत के करीब थी। भाजपा ने सुशासन और कल्याणकारी नीतियों के कारण मप्र को देश के अग्रणी राज्यों में लाकर खड़ा कर दिया है। वर्तमान में औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत पहुंच गई है।

### धार्मिक ध्वज हटाने...

उत्पन्न हुई। कर्मचारियों का कहना था कि नपा सीएमओ के आदेश पर ऐसा किया गया है। इस मामले में संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है। संगठन को भी अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। पर्यटन संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि सीएमओ को इस प्रकार का कृत्य नहीं करना चाहिए। यह निश्चित तौर पर निंदनीय है। झंडा हटाना बात ठीक नहीं है।

मैं इसे लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से बात करूंगा। यदि सीएमओ ने गलती की है तो उन्हें इसकी सजा जरूर मिलेगी। सीएमओ के मुंह पर कालिख पोतने वाले भाजपा युवा नेता अनुराग यादव और विवेक अग्रवाल ने चेतावनी दी है कि हिंदू धर्म के विरोधियों के साथ ऐसा ही व्यवहार किया जाएगा। इधर, सीएमओ प्रदीप शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन वे फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं। अभी तक उन्होंने पुलिस थाने में किसी तरह की शिकायत भी नहीं की है।

### नर्मदापुरम डिप्टी...

कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर पद पर पदस्थ किया गया था। उन्होंने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी और 25 मार्च को स्टे ले आए थे। हालांकि, इस दौरान प्रशासन ने जांच जारी रखी थी। कलेक्टर सोनिया मीणा ने महिला कर्मचारियों और पटवारियों के बयान लिए थे। इसकी रिपोर्ट कमिश्नर केजी तिवारी को सौंपी थी। जिसके बाद डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 22 मार्च को सोहागपुर से हटाने का आदेश जारी किया गया, जिसकी सूचना अगले दिन रविवार को मिली। इसके बाद हाईकोर्ट से स्टे आदेश लिया और 26 मार्च को कलेक्टर कार्यालय में जमा किया। 28 मार्च, शुक्रवार को सोहागपुर एसडीएम के पद पर बहाल करने का आदेश जारी हुआ, लेकिन उसी दिन देर शाम निलंबन की सूचना मिली। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि सोहागपुर के एसडीएम असवान राम चिरामन को नर्मदापुरम कलेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि चिरामन द्वारा आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

### सरकार को 5...

की रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ दुकानों की नीलामी हुई है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी बड़े शहरों में मिली है। हालांकि, कुछ दुकानों की नीलामी नहीं हुई है, किंतु सरकार को मिलने वाले राजस्व के आंकड़ें सामने आने लगे हैं। मप्र में एक अप्रैल 2025 से नई दुकानों का आवंटन शुरू हो जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी विभाग की नई पॉलिसी के हिसाब से दुकानों की नीलामी हुई है।

इसमें 19 धार्मिक स्थलों में शराब की दुकानों की नीलामी नहीं की गई है। इन शहरों व ग्राम पंचायतों में शराबबंदी के बाद भी आबकारी विभाग के राजस्व का आंकड़ा कम नहीं हुआ है। एक दिलचस्प बात यह भी है कि सरकार ने राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ ठेकेदारों पर भी सख्ती की है। अवैध शराब की बिक्री को पूरी तरह से रोक लगाने का बंदोबस्त हुआ है। मप्र में 10 टॉप के ऐसे जिले हैं, जहां सबसे ज्यादा सरकार को रेवेन्यू मिलेगा। इन जिलों से 22% से ज्यादा रेवेन्यू सरकार को मिलने की संभावना है। इनमें बुरहानपुर, भोपाल, रायसेन, टीकमगढ़ सहित अन्य जिले भी शामिल हैं।

### आबकारी विभाग के...

कारोबारी दूसरे राज्यों में सप्लाई करने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच नए आदेश ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। एक अप्रैल से लागू होने वाली नई आबकारी नीति में शराब दुकानों के लिए लाइसेंस लेने वाले ठेकेदारों को बैंक गारंटी सिर्फ ई-बैंक गारंटी के रूप में ही मिलेगी।

## पेज 1 का शेष

### विक्रम संवत प्रकृति ...

*श्रीकृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी। मध्यप्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि सांदीपनि आश्रम से श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण का आरंभ होगा। भारतीय नववर्ष प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और निर्माण की प्रेरणा देता है। इसमें सृष्टि, संस्कृति और समाज का संगम है। ऋतुकाल संधि के इन दिनों में नवचेतना और नवजागृति का संदेश है। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रकृति के नवसृजन और विकसित मध्य प्रदेश निर्माण का संकल्प लेता हूं। मुझे उम्मीद है कि इस वर्ष आरंभ होने वाले विशेष प्रयास आप सभी के जीवन में समृद्धि, खुशहाली और आनंद लेकर आएंगे।*

***जल गंगा अभियान में 1 लाख जलदूत तैयार होंगे:*** *गुड़ी पड़वा के अवसर पर हमारी परंपरा में सूर्योदय के पहले बहते हुए स्वच्छ जल में स्नान करने का विधान है। ऊषाकाल में सूर्य को प्रणाम किया जाता है। यह जलस्त्रोत के प्रवाह स्थल को सुरक्षित रखने का संकल्प है। प्रकृति के इस संदेश को स्वरूप प्रदान करते हुए हम प्राकृतिक स्त्रोतों की सुरक्षा के लिए जल गंगा अभियान शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत उज्जैन के क्षिप्रा तट से होने जा रही है। इसमें जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अंतर्गत 1 लाख जलदूत तैयार किए जाएंगे। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वाटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे।*

### सुनील अंबेकर बोले...

दौरा करेंगे जहां वे आरएसएस के स्मृति मंदिर, दीक्षाभूमि, माधव नेत्रालय और सोलर इंडस्ट्रियल एक्सप्लोसिव्स का दौरा करने वाले है।

### उज्जैन में एक हजार...

फीमेल वॉइस ओवर में माता शिप्रा की कथा सुनाई जाएगी। प्रदेश में यह पहला अवसर होगा जब इतनी बड़ी संख्या में ड्रोन का फॉर्मेशन लोगों को देखने को मिलेगा। इस दौरान आकाश में ही सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार किए गए एंथम सॉन्ग को भी रिलीज किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 1000 ड्रोन को एक साथ बालाजी गार्डन से उड़ाया जाएगा। ये ड्रोन हरसिद्ध मंदिर के ऊपर अलग-अलग आकृतियां बनाएंगे, जिन्हें रामघाट से लेकर दत्त अखाड़ा घाट और बड़नगर ब्रिज तक से देखा जा सकेगा। ड्रोन में स्वर्म टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, जिससे ये एक-दूसरे से टकराए बिना समन्वित रूप से उड़ान भरेंगे और एक ही रिमोट से संचालित किए जाएंगे। सभी ड्रोन अपनी निर्धारित दूरी बनाए रखेंगे और निर्धारित क्रम में एक साथ नीचे उतरेंगे। इस पूरी प्रक्रिया के पायलट सुदीप होंगे।

### 15 लाख रु. की रिश्वत...

आखिरी बयान में कहा था कि मैंने कोई अपराध नहीं किया है और पूरे मुकदमे के दौरान मेरे खिलाफ कोई भी ऐसा आरोप नहीं मिला है जिससे मुझे दोषी ठहराया जा सके। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 84 गवाहों का हवाला दिया, लेकिन केवल 69 की ही जांच की गई। इस साल फरवरी में हाई कोर्ट ने सीबीआई को चार हफ्ते के अंदर 10 गवाहों से फिर से पूछताछ करने की इजाजत दी और आगे ट्रायल कोर्ट से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई भी गैर जरूरी स्थगन न दिया जाए।

### बिजली कंपनी...

यंत्री हीरालाल लखोरे के नेतृत्व में टीम शुक्रवार को ग्राम भाऊखेड़ी पहुंची थी। इस दौरान उपभोक्ता सुरेश कुमार भागीरथ का 15 हजार 311 रुपए बकाया होने पर उनका कनेक्शन काटा गया। इसी दौरान ग्रामीण रवि मालवीय ने बिजली कंपनी की टीम पर हॉकी से हमला कर दिया। रवि ने बिजली कंपनी की गाड़ी से धीरज मालवीय को खींचकर हॉकी स्टिक से 3-4 वार कर दिए, जिससे धीरज के हाथ की हड्डी टूट गई, जबकि हीरालाल को मामूली चोंट आई है। हीरालाल ने रवि के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है।

### बारिश से शुरु...

भोपाल सहित अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी, जिससे तापमान में और गिरावट होगी। शनिवार को राजधानी में दिन का पारा आधा डिग्री गिरकर 34.5 डिग्री रहा, जबकि रात का 3.6 डिग्री गिरकर 16.8 डिग्री पर पहुंच गया। यह सामान्य से 3 डिग्री कम है। पश्चिमी मप्र दिन का औसत पारा एक डिग्री की कमी के साथ औसतन 36 डिग्री रहा, जबकि पूर्वी प्रदेश में औसतन 3 डिग्री की कमी के साथ औसत पारा 35 डिग्री रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दो दिन बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और कमी आएगी।

### म्यांमार की मदद ...

*कि एक पकरीबी मित्र और ड़ोसी के रूप में भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। म्यांमार और पड़ोसी थाईलैंड में शुक्रवार को उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया, जिससे इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए। म्यांमार में कम से कम 1,002 लोगों की मौत हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के हिस्से के रूप में टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, भोजन के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और जरूरी दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री की हमारी पहली खेप यांगून पहुंच गई है।*

### बच्चों को बाहर...

तलाशने की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें और सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं।

### छत्तीसगढ़ के...

जिले के केरलापाल थानाक्षेत्र के गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश के होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद डीआरजी और सीआरपीएफ के जवान रवाना हुए। इस एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया। हालांकि, मुठभेड़ में दो जवानों के घायल होने की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, गोगुंडा इलाके में कमांडर जगदीश के होने की सूचना पर रात 12 बजे डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। जहां सुबह 6 बजकर 50 मिनट में गोलीबारी शुरू हुई। इस ऑपरेशन में घायल हुए दोनों जवानों को उपचार के लिए रायपुर भेजा जाएगा। वहीं मुठभेड़ को एसपी किरण चव्हाण ने वॉर रूम से मॉनीटर किया है। मुठभेड़ के दौरान ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं।

### शाह ने कहा...

मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं हथियार रखने वालों से मेरी अपील है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

वैवाहिकी
वधु चाहिए
वधु चाहिए
उम्र 39 वर्ष 5'-5"
स्वयं का बिजनेस
इंकम 20000
जाति महार
हेतु वधु चाहिए
पता ओम नगर
जरहाभाठा बिलासपुर
7999764615

वधु चाहिए- अग्रवाल युवक उम्र 25 वर्ष रंग गोरा इकलौता स्वंय का घर ऊंचाई 5फीट 5" शुद्ध शाकाहारी हेतु शाकाहारी वधु चाहिए। व्यवसाय स्वयं का व्यवसाय है। जाति बंधन नही शादी मन्दिर में करना है दहेज नही चाहिए मों. 7049784336 (7067)

आवश्यक सूचना
वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5820



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5819 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | य | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5830

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5829 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |




# चांदी कर सकती है पौबारह, निवेश कर उठा ले फायदा

मनी मंत्र | बिजनेस डेस्क

- अभी एक लाख के पार निकले दाम, 1.8 लाख तक जा सकती है
- ईटीएफ के जरिए इसमें किया जा सकता है निवेश
- अब तक 1,00,400 रुपए प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी

विदेश में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से सोना और चांदी के दाम रोज नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। अभी चांदी की कीमत एक लाख रुपए किलो के आसपास है। हालांकि यह 1,00,400 रुपए प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी है। जानकारों का कहना है कि इस साल चांदी की कीमतें 1.8 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक जा सकती हैं। ऐसे में चांदी में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। इस साल चांदी के दाम में अब तक करीब 14000 रुपए की बढ़त देखने को मिल चुकी है। जानकारों का कहना है कि इसकी कीमत में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है। साल के आखिर चांदी 1 लाख 8 हजार या 1 लाख 12 हजार किलो तक जा सकती है। ऐसे में अगर आप चांदी में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो सिल्वर ईटीएफ सही ऑप्शन हो सकता है। सिल्वर ईटीएफ के जरिए आप शेयर की ही तरह चांदी में भी निवेश कर सकते हैं। बीते 1 साल में इसने 34% तक का रिटर्न दिया है।

### क्या है सिल्वर ईटीएफ

चांदी को शेयरों की तरह खरीदने की सुविधा को सिल्वर ईटीएफ कहते हैं। ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड हैं, जिन्हें स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीदा और बेचा जा सकता है। चूंकि सिल्वर ईटीएफ का बेंचमार्क स्पॉट सिल्वर की कीमतें हैं, आप इसे चांदी की वास्तविक कीमत के करीब खरीद सकते हैं।

### सिल्वर ईटीएफ में निवेश के लाभ

-कम मात्रा में भी खरीद सकते हैं चांदी : ईटीएफ के जरिए सिल्वर यूनिट्स में खरीदते हैं। इससे कम मात्रा में या एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए चांदी खरीदना आसान हो जाता है। सिल्वर ईटीएफ की 1 यूनिट की कीमत अभी 100 रुपए से भी कम है। यानी आप 100 रुपए से भी कम में इसमें निवेश की शुरुआत कर सकते हैं।

### चांदी रहती है सुरक्षित

इलेक्ट्रॉनिक चांदी डीमैट अकाउंट में होती है, जिसमें सिर्फ सालाना डीमैट चार्ज देना होता है। साथ ही चोरी होने का डर नहीं होता। वहीं, फिजिकल चांदी में चोरी के खतरे के अलावा उसकी सुरक्षा पर भी खर्च करना होता है।

### व्यापार की आसानी

सिल्वर ईटीएफ को बिना किसी परेशानी के तुरंत खरीदा और बेचा जा सकता है। यानी पैसों की जरूरत पड़ने पर आप जब चाहे इसे बेच सकते हैं और अपने निवेश को भुना सकते हैं।

### पोर्टफोलियो जोखिम में कमी

चांदी और सोना आदि जैसी कम जोखिम वाले एसेट्स में निवेश करके अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं। इससे उनके निवेश पोर्टफोलियो में जोखिम कम हो जाता है। चांदी में निवेश करना वैसे भी फायदेमंद माना गया है।

### सिल्वर ईटीएफ में कैसे करें निवेश

सिल्वर ईटीएफ खरीदने के लिए डीमैट अकाउंट होना जरूरी है। इसमें एनएसई या बीएसई पर उपलब्ध सिल्वर ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। आप ग्रो, अपस्टॉक्स और पेटीएम जैसे ऐप्स के जरिए फ्री में डीमैट अकाउंट खोल सकते हैं। इसके बाद आप अपने मन पसंद का सिल्वर ईटीएफ चुन सकते हैं।



पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखो, सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है

# पैसा 'सोने' की तरह नहीं बीज की तरह रखो, सही जगह निवेश करो

हर रुपया तुम्हारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है

अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा

निवेश मंत्रा
विनोद कौशिक

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है उसके लिए लगातार प्रयास भी करता है, लेकिन दिग्गज निवेशकों का कहना है कि आप सिर्फ मेहनत मजदूरी या सिर्फ नौकरी से ही अमीर नहीं बन सकते। अमीर बनने के लिए पैसे को सही जगह निवेश करना सीखो और रिस्क लो। एक कहावत भी है कि पैसे को 'सोने' की तरह नहीं 'बीज' की तरह रखो, यानी सही जगह निवेश करो। तभी पैसे बढ़ेगा। पैसा कमाने से ज्यादा उसे बढ़ाना जरूरी है। यह बात बिल्कुल सही भी है, क्योंकि पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखना बेहद जरूरी है। निवेश किया गया पैसा आपको भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए पैसे से पैसा कमाओ, तभी आप अमीर बन पाओगे। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता और अपने लक्ष्यों को जांच लें, इसके बाद ही निवेश करें। इसके अलावा, निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करें और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करें। हमेशा कोशिश करें कि निवेश लंबी अवधि के लिए हो। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ मिलेगा। सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है। हर रुपया आपका एक सिपाही है जो और सैनिक लाने की क्षमता रखता है। अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा और आप गरीब के गरीब ही रह जाएंगे।

## पैसा कमाने के ये तरीके सबसे पॉपुलर

### ऑनलाइन

1. **फ्रीलांसिंग:** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स पर काम करें।
2. **ब्लॉगिंग:** अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए एक ब्लॉग बनाएं।
3. **यूट्यूब:** वीडियो बनाकर यूट्यूब पर पैसे कमाएं।
4. **ऑनलाइन ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑनलाइन ट्यूशन दें।
5. **ई-कॉमर्स:** अपना ऑनलाइन स्टोर बनाकर उत्पाद बेचें।

### ऑफलाइन

1. **फोटोग्राफी:** अपनी फोटोग्राफी क्षमताओं का उपयोग करके शादियों, समारोहों और अन्य आयोजनों में फोटोग्राफी सेवाएं प्रदान करें।
2. **कोचिंग या ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑफलाइन ट्यूशन दें।
3. **हस्तशिल्प:** अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों को बेचें।
4. **कैटरिंग:** अपनी खाना पकाने की क्षमताओं का उपयोग करके कैटरिंग सेवाएं प्रदान करें।
5. **इवेंट प्लानिंग:** समारोहों और आयोजनों के लिए इवेंट प्लानिंग सेवाएं प्रदान करें।

### अन्य तरीके

1. **शेयर मार्केट :** शेयर मार्केट में निवेश करके पैसे कमाएं।
2. **म्यूचुअल फंड :** म्यूचुअल फंड में निवेश करके पैसे कमाएं।
3. **रियल एस्टेट :** रियल एस्टेट में निवेश करके पैसे कमाएं।
4. **पेट सिटिंग :** पालतू जानवरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
5. **हाउस सिटिंग :** घरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
6. गोल्ड या अन्य धातुओं में निवेश करके भी पैसे कमा सकते हैं।

## पैसे बढ़ाने के तरीके भी बेहद कामयाब

### बचत और निवेश

1. **नियमित बचत :** हर महीने एक निश्चित राशि बचाएं।
2. **निवेश :** अपनी बचत को निवेश करें, जैसे कि शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, या रियल एस्टेट।
3. **ब्याज दर :** उच्च ब्याज दर वाले खातों में अपनी बचत रखें।

### आय बढ़ाना

1. **नौकरी में वृद्धि :** अपनी नौकरी में वृद्धि के लिए काम करें।
2. **फ्रीलांसिंग :** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग करें।
3. **व्यवसाय शुरू करना :** अपना खुद का व्यवसाय शुरू करें।

### खर्च कम करना

1. **बजट बनाएं :** अपने खर्च के लिए एक बजट बनाएं।
2. **अनावश्यक खर्च कम करें :** अनावश्यक खर्चों को कम करें।
3. **बचत योजना बनाएं :** एक बचत योजना बनाएं और उसका पालन करें।

### शिक्षा और कौशल

1. **शिक्षा :** अपनी शिक्षा में सुधार करें।
2. **कौशल विकास :** अपने कौशल में सुधार करें।
3. **प्रमाणीकरण :** अपने कौशल के लिए प्रमाणीकरण प्राप्त करें।

### अन्य तरीके

1. **पैसे कमाने वाले ऐप्स :** पैसे कमाने वाले ऐप्स का उपयोग करें।
2. **ऑनलाइन सर्वेक्षण :** ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेकर पैसे कमाएं।
3. **पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स :** पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स पर काम करें।



### पल्ले गांठ बांध लें ये सूत्र

हर रुपया हमारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है, यानी कि हमारे पैसे को निवेश करके हम और पैसा कमा सकते हैं। यह अवधारणा हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करने और उसे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। जब हम अपने पैसे को निवेश करते हैं, तो वह हमारे लिए काम करता है और हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करते रहना चाहिए।

### भविष्य होता है सुरक्षित

जब हम अपने पैसे को सही जगह पर निवेश करते हैं, तो वह हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। यह हमारे वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद करता है और हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। सही जगह पर निवेश करने के लिए, हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता को समझना होगा। हमें अपने पैसे को निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करना होगा और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करना होगा। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए।

### निवेश में एआई भी करेगा मदद!

1. **बड़े डेटा का विश्लेषण :** एआई अल्गोरिदम बड़े डेटा सेट्स का विश्लेषण कर सकते हैं, जैसे कि बाजार के रुझान, आर्थिक आंकड़े, और कंपनी के प्रदर्शन।
2. **पैटर्न की पहचान :** एआई पैटर्न की पहचान कर सकता है जो मानव विश्लेषकों को दिखाई नहीं दे सकते हैं।
3. **पूर्वानुमान :** एआई डेटा के आधार पर भविष्यवाणी कर सकता है कि बाजार कैसे व्यवहार करेगा।

### पोर्टफोलियो प्रबंधन

1. **पोर्टफोलियो का निर्माण :** एआई पोर्टफोलियो का निर्माण कर सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।
2. **पोर्टफोलियो का पुनर्संतुलन :** एआई पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित कर सकता है ताकि यह निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार बना रहे।

### रोबो-एडवाइजरी

1. **निवेश सलाह :** एआई रोबो-एडवाइजरी प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से निवेश सलाह प्रदान कर सकता है।
2. **व्यक्तिगत निवेश योजना :** एआई व्यक्तिगत निवेश योजना बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### जोखिम प्रबंधन

1. **जोखिम विश्लेषण :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।
2. **जोखिम प्रबंधन रणनीतियां :** एआई जोखिम प्रबंधन रणनीतियाँ बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### ये मिल सकते हैं फायदे

- **बेहतर निर्णय लेना :** एआई डेटा के आधार पर बेहतर निर्णय ले सकता है।
- **जोखिम कम करना :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।

## कम बजट में शुरू कर सकते हैं ये कुछ काम, देंगे मुनाफा

आइडिया | बिजनेस डेस्क

अगर नवरात्रि में आप भी कमाने के लिए कुछ नया करना चाहते हैं तो यह बिजनेस आईडिया आपके लिए बेहतर हो सकता है। इस बार नव रात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और ये 6 अप्रैल तक चलेंगे। नवरात्रि में माता पूजन की सामग्री के साथ चुनरी, पूजा और श्रृंगार की किट की भी काफी डिमांड होती है। नवरात्रि में पूजा सामग्रियों का मार्केट करोड़ों रुपये का होता है। फल, ड्राईफ्रूट, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सामक के चावल, पपड़ी और आलू चिप्स की इन दिनों में भारी डिमांड होती है। ऐसे में आप भी इस मौके का फायदा उठा सकते हैं। थोड़ा सा निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसके लिए आपको पहले से ही तैयारी शुरू करनी होगी। इसके लिए दुकान चला सकते हैं या स्टॉल लगा सकते हैं। यह छोटा बिजनेस नवरात्रि में आप पर धनवर्षा कर सकता है। इसे सीजनल बिजनेस कहा जाता है तो कम समय में अच्छा मुनाफा आपको दे सकता है।

### आसानी से तैयार हो जाएगी किट

पूजा सामग्री और श्रृंगार की किट को आप चाहे तो आसानी से घर पर ही तैयार कर सकते हैं या फिर किसी होलसेलर से खरीद सकते हैं। यदि आप यह किट घर पर बनाना चाहते हैं तो आपको थोक में माता की चूड़ियां, सिंदूर, कुमकुम,अगरबत्ती श्रृंगार का सामान, चुनरी और पूजा का सामान खरीदना होगा. या सीधे निर्माताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके बाद इन सभी चीजों को पैक करके एक अच्छी सी किट तैयार करें।

# नवरात्रि पर जमकर बरसेगा धन, शुरू कर लें ये बिजनेस

*यदि आप भी सीजनल बिजनेस करके खूब मुनाफा कमाना चाहते हैं तो नवरात्रि से पहले ऐसा ही एक मुनाफेदार बिजनेस शुरू किया जा सकता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होने वाली है. इस दौरान माता पूजा और श्रृंगार किट की काफी डिमांड बढ़ जाती है. ऐसे में आप भी इस बिजनेस की शुरुआत करके नवरात्रि के कुछ ही दिनों में जबरदस्त मुनाफा कमा सकते हैं।*




### इन बातों का रखें ध्यान

#### ग्राहकों और प्रतियोगिताओं को पहचानें

इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको अपने लक्षित ग्राहकों की पहचान कर लेनी चाहिए। जैसे आप यह किट मंदिरों में घरों या फिर सभी जगह बेचना चाहते हैं। इसके अलावा आपको अपने इलाके के पहले से मौजूद विक्रेताओं के बारे में भी जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। यदि आप किसी सोसाइटी या अपार्टमेंट में रहते हैं तो आप अपने आसपास के लोगों को टारगेट करके छोटे स्तर पर भी या बिजनेस शुरू कर सकते हैं, जिसे यदि आप अपने आसपास के लोगों को यह सामान घर पर मुहैया करवाते हैं तो कम समय में आपको जबरदस्त मुनाफा हो सकता है।

#### सारे सामान की पहचान

आपको इस बात पर खास ध्यान देना होगा कि आपकी पूजा और श्रृंगार की किट में कोई भी सामान छूटे नहीं। जैसे रोली, सिन्दूर, चुनरी, रुई, दीपक, कुमकुम, अक्षत, मोली आदि। यदि आप थोड़े बड़े स्तर पर इस बिजनेस को शुरू करना चाहते हैं तो अन्य कई प्रकार की पूजा किटें बना सकते हैं। जैसे कि नवरात्रि पूजा किट, सत्यनारायण पूजा किट, गृह प्रवेश पूजा किट, करवा चौथ पूजा किट, दिवाली पूजा किट आदि। इस बिजनेस को कोई भी व्यक्ति घर बैठे भी शुरू कर सकते हैं इसके लिए आपको बस सामग्रियों को जुटाना है और उसकी अच्छी पैकिंग करनी है।

### आकर्षक पैकिंग

यदि आप चाहते हैं कि आपके प्रोडक्ट को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करे तो आकर्षक और टिकाऊ पैकेजिंग का उपयोग करें। इससे यह बेहतर दिखेगी। कहा भी जाता है कि जो दिखता है वही तो बिकता।

### कहां बेचें

आप ऑनलाइन या ऑफलाइन अपने बिजनेस को शुरू कर सकते हैं। पूजा सामग्री के लिए विश्वसनीय थोक विक्रेताओं की तलाश करें। इसके अलावा आप खुद की पूजा सामग्री बनाना चाहते हैं, तो निर्माताओं से संपर्क करें। यदि आप छोटे स्तर पर या बिजनेस शुरू कर रहे हैं तो अपना एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भी इसे शुरू कर सकते हैं। इसके बाद अपने इस व्हाट्सएप ग्रुप की लिंक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप में या सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से प्रचार करें।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको सभी प्रकार के आवश्यक लाइसेंस और परमिट प्राप्त कर लेने चाहिए।
- इसके अलावा आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपका उत्पाद गुणवत्ता मानकों को पूरे कर रहे हैं।
- यदि आप अपने ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार कस्टमाइज किट उपलब्ध कराते हैं तो आपकी सेल और बढ़ सकती है।




## स्मॉल कैप फंड : 20% से ज्यादा निवेश रिस्की, सोच समझकर ही उठाएं कदम

बिजनेस डेस्क

बाजार में इन दिनों उठा-पटक जारी है। लगभग सभी फंडों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा गिरावट स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में हुई है। इससे निवेशकों को झटका लगा है और वे निवेश के अन्य विकल्प देखने लगे हैं। ऐसे में बाजार के जानकारों का कहना है कि स्मॉल कैप फंड काफी रिस्की हो चुके हैं। ऐसे में इनमें निवेश लंबी अवधी के लिए तो ठीक है, लेकिन नए निवेशकों को अभी इन फंडों में निवेश से बचना चाहिए। देखा जाए तो पिछले तीन महीनों में स्मॉल कैप फंड में 21% गिरावट आई है। कई निवेशक, जो 2023 और 2024 के बुल रन के दौरान इस सेगमेंट को लेकर बहुत उत्साहित थे, आज काफी परेशान हैं। उन्हें इस दौर से बाहर निकलने के लिए एसेट एलोकेशन और लॉन्ग टर्म इन्वेस्टिंग के मंत्र अपनाने होंगे। तभी वे अपने निवेश को बढ़ा पाएंगे और अच्छा मुनाफा हासिल कर पाएंगे। लॉन्ग टर्म आउटलुक सकारात्मक अप्रैल-सितंबर छमाही से छोटी कंपनियों की आय बढ़ने की उम्मीद है। ब्याज दरें घटने से भी इन्हें मदद मिलेगी। इसके चलते लंबी अवधि में स्मॉलकैप सेक्टर में रिकवरी हो सकती है।

### एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश जोखिम भरा

स्मॉलकैप शेयर जैसे हाई बीटा फंड तेजी के दौरान आम रुझान से ज्यादा तेज बढ़ते हैं, लेकिन मंदी के दौरान ये ज्यादा गिरते भी हैं। अभी किसी भी एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश से बचें। सिर्फ एक सेगमेंट में निवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### स्मॉलकैप के मौजूदा निवेशक ये करें

लंबी अवधि के लिए भी स्मॉलकैप में निवेश इक्विटी पोर्टफोलियो के 20% तक ही सीमित रखें।

# देश में चल रही कई सरकारी पेंशन स्कीम, कौन सी हो सकती है बेहतर

जानकारी | बिजनेस डेस्क

बुढ़ापे में आर्थिक स्थिरता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए वक्त पर रिटायरमेंट की प्लानिंग बहुत जरूरी है। इसके लिए सरकार कई सेविंग स्कीम चला रही है जो रिटायरमेंट के बाद फाइनेंशियल सिक्योरिटी और मानसिक शांति देती हैं। ये योजनाएं रेगुलर रिटर्न, टैक्स बेनिफिट और फाइनेंशियल सिक्योरिटी देती हैं, जो विभिन्न इनकम लेवल और रिस्क प्रिफरेंसेज को पूरा करती हैं. इन योजनाओं के जरिए रिटायरमेंट लोग अपनी जीवनशैली और स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों के लिए एक संतुलित वित्तीय योजना बना सकते हैं। आइए, इस रिपोर्ट में जानते हैं उन प्रमुख सरकारी स्कीम के बार में जो बुढ़ापे में रेगुलर इनकम बनाने में मददगार साबित हो सकती हैं। ईपीएफ की ईपीएफ स्कीम नौकरी पेशा लोगों यानी सैलरीड एम्प्लाई के लिए एक रिटायरमेंट सेविंग स्कीम है। इसमें नौकरी के दौरान एंप्लाई को अपनी बेसिक सैलरी का 12% हिस्सा कॉन्ट्रीव्यूट करना होता हैं। इतनी ही रकम एंप्लायर की ओर से भी जमा की जाती है। फिलहाल ईपीएफ अकाउंट में जमा पर ब्याज दर 8.25% है। यह फंड एंप्लाई के 58 साल की उम्र पूरी कर लेने में पर मैच्योर होता है, जो उसे ईपीएफ में जमा रकम पर हर साल मिले ब्याज और लमसम अमाउंट के रूप में मिलता है। इमरजेंसी जैसी स्थिति में एंप्लाई ईपीएफ खाते से कुल जमा का कुछ हिस्सा निकाल भी सकता है। ईपीएफ खाते में जमा रकम इनकम टैक्स की धारा 80 सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है।

**बुढ़ापे को वित्तीय रूप से सुरक्षित और चिंतामुक्त बनाए रखने लें पेंशन स्कीम**

**ये 60 साल की उम्र पूरी होने पर रेगुलर इनकम बनाए रखने में मददगार**

### नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस)

नेशनल पेंशन सिस्टम एक मार्केट लिंक रिटायरमेंट प्लान है जो लोगों को इक्विटी, सरकारी बॉन्ड और कॉर्पोरेट डेट में विविध निवेश के माध्यम से एक फंड बनाने की अनुमति देती है. बाजार के प्रदर्शन के आधार पर रिटर्न अलग-अलग होता है। सब्सक्राइबर धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक और धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एक्स्ट्रा 50,000 रुपये तक का टैक्स लाभ हासिल कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री वय वंदना योजना

प्रधानमंत्री वय वंदना योजना यानी पीएमवीवीवाई 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाई गई एक पेंशन स्कीम है। यह 10 सालों के लिए 7.4% की गारंटीड रिटर्न प्रदान करती है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के खिलाफ फाइनेंशिल सिक्योरिटी प्रदान करती है। अधिकतम निवेश की अनुमति प्रति व्यक्ति 15 लाख रुपये है। यह योजना निवेश राशि के आधार पर एक निश्चित मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक पेंशन प्रदान करती है। मैच्योरिटी पर, मूलधन निवेशक को वापस कर दिया जाता है। पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशक की मृत्यु होने की स्थिति में, परचेज प्राइस का भुगतान नॉमिनी को किया जाता है। इस योजना के ज़रिए, वरिष्ठ नागरिकों को आय का एक वैकल्पिक जरिया मिलता है। यह योजना जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा मैनेज की जाती है।

### सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम

सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम (एससीएसएस) 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सबसे अधिक ब्याज देने वाली योजनाओं में से एक है। फिलहाल ब्याज दर 8.2% है, जो इसे जोखिम न लेने वाले निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है। इसमें अधिकतम निवेश सीमा 30 लाख रुपये है, जिसकी अवधि 5 वर्ष है, जिसे अतिरिक्त 3 सालों तक बढ़ाया जा सकता है। ब्याज का भुगतान तिमाही आधार पर किया जाता है, जिससे रेगुलर इनकम सुनिश्चित होती है। एससीएसएस में निवेश धारा 80सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है. हालांकि, इसमें मिला ब्याज टैक्स के दायरे में आता है।

### पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ)

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम एक लंबी अवधि वाली सेविंग स्कीम है। इस सरकारी स्कीम में निवेशकों को 7.1% ब्याज दर मिल रही है। इसमें 15 साल की लॉक-इन पीरियड है, जिसे 5-5 साल के लिए एक्सटेंज किया जा सकता है। मिनिमम एन्युअल निवेश 500 रुपये है, जबकि अधिकतम 1.5 लाख रुपये है। पीपीएफ को ईईई क्लास (एगजेंम्ट-एगजेंम्ट-एगजेंम्ट) का दर्जा प्राप्त है, जिसका अर्थ है कि निवेश रकम, मिले ब्याज और मैच्योरिची रकम, तीनों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। पांच साल के बाद आंशिक निकासी और डेट की अनुमति है। पीपीएफ कम जोखिम वाले, टैक्स-एफिशिएंट ग्रोथ की तलाश करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त है। इसकी लंबी अवधि और टैक्स बेनिफिट इसे रिटायरमेंट प्लान और फंड जुटाने के लिए एक विश्वसनीय निवेश विकल्प बनाते हैं।

Phone No. 07578-292027 Fax No. 07578-299441

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER
**छावनी परिषद पचमढ़ी**
MINISTRY OF DEFENCE, GOVERNMENT OF INDIA

**क्रमांक 40/पी.डब्लू./ शॉप/3804** **दिनॉक:- 28/03/2025**

(ई-टेण्डर)

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा छावनी क्षेत्र में स्थित दुकान की निविदा पाँच वर्ष हेतु टेण्डर e-procurement ई-प्रिक्योरमेन्ट पोर्टल पर आमंत्रित किये जाते हैं। कार्य संबंधी समस्त विवरण छावनी परिषद की साईट pachmarhi.cantt.gov.in तथा defproc.gov.in पर उपलब्ध हैं।

| क्र. | दुकानो का विवरण | अमानत राशि | दुकान की संख्या | दुकान क्रमांक | न्यूनतम राशि (प्रतिमाह) | ई-टेण्डर प्रकाशन तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमाकरने की अंतिम तिथि एवं समय | आरक्षित दुकानो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्ट जटाशंकर मार्केट जयप्रकाश मार्ग | 10000.00 | 02 | 07,12 | रू. 1000.00 | 29/03/2025 | 19/04/2025 के 17:00 बजे तक | - |
| 2 | केन्ट न्यू मार्केट, पिपरिया मार्ग | 10000.00 | 01 | 24 | रू. 1000.00 | 29/03/2025 | 19/04/2025 के 17:00 बजे तक | - |
| 3 | केन्ट 32 दुकान अरविन्द मार्ग | 10000.00 | 02 | ए-14 ए-16 | रू. 1000.00 | 29/03/2025 | 19/04/2025 के 17:00 बजे तक | - |
| 4 | कैन्ट 10 दुकान अरविन्द मार्ग ओल्ड वेजीटेबल मार्केट | 10000.00 | 01 | 04 | रू. 1000.00 | 29/03/2025 | 19/04/2025 के 17:00 बजे तक | - |

**राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.**
**मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद पचमढ़ी**

**हमारी न्यायपालिका की साख पर अधजले नोट की कालिख लगी है। सच या साजिश, अभी इसका पता नहीं है। देश की सर्वोच्च अदालत सजग है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोट आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से देश का न्याय तंत्र हिला हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, उनके खिलाफ साजिश हो रही है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। ऐसे कई मौके आए हैं, जिसमें हमारी न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है। अधजले नोट मुद्दे के बहाने इंसाफ के संकट व न्यायिक सुधार पर आजकल का ताजा अंक...**

# जवाबदेह-भ्रष्टाचारमुक्त न्याय तंत्र कब?



विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन
राजनीतिक विश्लेषक एवं सॉलिसिटर

**सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निलंबित कर दिया है और उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है।**

अगस्त, 2017 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कथित तौर पर ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने के कारण 60 बच्चों की मौत मामले में चिकित्सीय लापरवाही का आरोप झेल रहे डॉ. कफ़ील ख़ान को वर्ष 2018 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान जमानत देने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा आजकल सुर्खियों में हैं। जज के नाते अपने फैसलों की वजह से नहीं, बल्कि अपने आवासीय परिसर में मिले अधजले नोटों के चलते हर किसी की जुबान पर हैं। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोटों की गड्डियां आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से जनता के मन में न्यायिक तंत्र में अविश्वास बड़ा हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। हाई कोर्ट के जज को सभी लक्जरी सुविधाएं सरकार से मिलती हैं, ताकि वो लालचमुक्त हो निडर होकर न्याय कर सकें।

जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, व यह उनके खिलाफ साजिश है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। कमिटी में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति जी. एस. संधावालिया व न्यायमूर्ति अनु सिवारमन हैं। जांच पड़ताल के उपरांत रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय को दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निरस्त कर दिया है व उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है। यूं तो अभी कमिटी की जांच के परिणाम का इंतजार है, लेकिन इस पूरी घटना में हमारे न्याय तंत्र के उच्च स्तर पर व्याप्त कदाचार की बू आ रही है। भारतीय जनमानस में एक मान्यता है कि नेता, अफसर भ्रष्ट हो सकते हैं, लेकिन हमारे माननीय जज भ्रष्ट नहीं हो सकते। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक ही नहीं है, बल्कि नैतिक भ्रष्टाचार भी राजकीय तंत्र को खोखला कर रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब एक जज सवालों के घेरे में हैं, अनेक ऐसे मौके आए हैं, जिसमें न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है।





## चीनी मिल केस कनेक्शन

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से कथित नकदी बरामदगी ने उनके पिछले वित्तीय लेन-देन, विशेष रूप से 2018 सिंभावली चीनी मिल धोखाधड़ी मामले से उनके संबंधों की जांच को फिर से जिंदा कर दिया है। तब वर्मा को 97 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बनाया गया था। 14 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट के जज के आवास के एक स्टोर रूम में आग लगी थी, जहां पर कथित तौर पर उनके आवास परिसर से बड़ी मात्रा में अधजले नोट मिले थे। अभी यशवंत वर्मा के ख़िलाफ़ 'इन-हाउस' जांच प्रक्रिया जारी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने प्रस्ताव दिया है कि जस्टिस वर्मा को दिल्ली से हटाकर वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया जाए। हालांकि, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने फैसले पर आपत्ति जताई है, इसके बाद भी उन्हें इलाहाबाद भेजा गया है।

## इससे पहले भी कई मामले

10 अगस्त 2023 को ईडी ने हरियाणा के विशेष सीबीआई न्यायाधीश, सुधीर परमार को गिरफ़्तार किया, जिन्हें पहले अनुकूल फैसले के बदले में 5 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा पर आरोप लगे कि वे केवल अपनी पसंद के न्यायाधीशों पर ही ज़ोर देते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीश, आई.एम. कुद्दुसी पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को रिश्वत देने की साज़िश रचने का आरोप था, जिस मामले की सुनवाई खुद जस्टिस दीपक मिश्रा ने की थी। कुद्दुसी को सितंबर में कथित न्यायिक रिश्वतखोरी गिरोह में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शमित मुखर्जी की वर्ष 2003 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई गिरफ्तारी, जो कानूनी इतिहास में इस तरह की पहली गिरफ्तारी है, ने न्यायिक नैतिकता पर बहस छेड़ दी थी। वर्ष 1993 में जस्टिस रामास्वामी को 14 में से 11 आरोपों में दोषी पाया गया था। जज निर्मल यादव का 'कैश एट होम कांड' सभी को मालूम है। 29 मार्च को चंडीगढ़ के सीबीआई न्यायाधीश ने जज निर्मल यादव को दोष मुक्त किया है।

## चीफ जस्टिस से मार्मिक अपील

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, इस वर्ष मई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनसे निवेदन है कि वे एक जूडिशल ऑर्डर पास कर दें कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के दोषी न्यायाधीशों के साथ सामान्य नागरिक के समान कानूनी कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का ध्येय वाक्य में न्याय की जीत का विवरण है। सुप्रीम कोर्ट के चिन्ह (लोगो) में अशोक चक्र बना हुआ है, जिसके नीचे संस्कृत का श्लोक लिखा हुआ है - 'यतो धर्मस्ततो जयः' संस्कृत के इस श्लोक का अर्थ है 'जहां धर्म है, वहां जय (जीत) है'। क्या देश में न्याय की जीत हो रही है? क्या आमजन अपनी अदालतों से इंसाफ की उम्मीद रख पा रहे हैं? क्या इंसाफ के सौदे नहीं हो रहे हैं? क्या हमारी न्याय व्यवस्था खर्चीली नहीं होती जा रही है? क्या यह क्षेत्र अत्यधिक अव्यवस्थित नहीं है? क्या न्याय व्यवस्था साधारण आदमी को न्याय दे पा रही है? न्याय सिस्टम इतना पेचीदा है कि मुकदमेबाजी में अनेक घर बर्बाद हो जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तीर्थ सिंह ठाकुर ने राज्यों के उच्च न्यायालयों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कानून मंत्री की मौजदूगी में एक बार अपने मन की व्यथा व्यक्त करते हुए रोकर कहा था कि हम, 'जनता को न्याय नहीं दे पा रहे हैं'। उन्होंने न्यायपालिका में अधूरे रिक्त पदों पर भराई ना होने पर दुःख जताया था। न्याय तंत्र में जजों की करीब 60 फीसदी की कमी है। उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्तियों को पारदर्शी बनाने की जरूरत है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम की आवश्यकता महसूस हो रही है। कॉलेजियम को लेकर सरकार के साथ टकराव है।

## न्याय प्रणाली में अब तक सुधार के प्रयास

ई-कोर्ट परियोजना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई, टेली-लॉ कार्यक्रम, न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार, न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान और अध्ययन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, न्यायबंधु प्लेटफॉर्म और उमंग ऐप, प्रौद्योगिकी का उपयोग, न्याय प्रतिपादन और विधिक सुधार के लिए राष्ट्रीय मिशन, सरकार ने मध्यस्थता, पंचनिर्णय और लोक अदालतों जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्रों को मज़बूत किया है। वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 वाणिज्यिक विवादों में पूर्व-संस्थागत मध्यस्थता को अनिवार्य बनाता है, जिससे समाधान की गति बढ़ जाती है। मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने के लिए समयसीमा शुरू की है। मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सिविल और वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थता की सुविधा प्रदान करता है। लोक अदालतों से लंबित मामलों को कम करने में मदद मिली है। लंबित मामलों को कम करने तथा न्याय प्रदान करने में तेज़ी लाने के लिए कई कानूनों में संशोधन किया गया है। इनमें वाणिज्यिक न्यायालय (संशोधन) अधिनियम 2018, मध्यस्थता व सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 तथा आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2018 शामिल हैं।

## न्याय देने में चुनौतियां

न्याय तक पहुंच में असमानता, इंसाफ की प्रक्रिया जटिल, डिजिटल तकनीक का अभाव, लंबित मामलों की संख्या, न्यायिक रिक्तियां, इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, न्यायिक जवाबदेही का अभाव, न्याय तक पहुंच में बाधाएं, प्रतिनिधित्व और विविधता का अभाव, विशेषकर लिंग, जाति और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के संदर्भ में आदि। न्यायिक सुधारों में एक महत्वपूर्ण बाधा न्यायपालिका और न्यायालय के कर्मचारियों दोनों की ओर से नई प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को अपनाने का प्रतिरोध है। व्यवस्था के भीतर कई लोग पारंपरिक तरीकों के अभ्यस्त हैं, जो सुधारों को अपनाने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है। पर्याप्त धन की कमी न्यायिक सुधारों के कार्यान्वयन में एक बड़ी बाधा है। इससे डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने, नई सुविधाओं के निर्माण व न्यायिक प्रणाली के समग्र आधुनिकीकरण पर असर पड़ता है।

## आगे की जरूरतें

न्यायपालिका की स्वतंत्रता बढ़ाना, न्याय प्रणाली की निष्पक्षता में सुधार करना, न्याय की गति बढ़ाना, न्यायिक अवसंरचना विकास करना, न्यायिक रिक्तियों को भरना। न्यायिक सुधारों के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका के बीच सहयोग की आवश्यकता है। इन शाखाओं के बीच समन्वय की कमी एवं निर्णय लेने में देरी से सुधार प्रक्रिया में बाधा आती है। इसलिए कार्यपालिका और विधायिका के साथ समन्वय की आवश्यकता है। डिजिटलीकरण, ऑनलाइन केस फाइलिंग और एआई-सहायता प्राप्त केस प्रबंधन के लिए ई-कोर्ट परियोजना का विस्तार करना चाहिए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को मज़बूत करने, सचल विधिक क्लीनिकों का विस्तार करने तथा हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए टेली-लॉ जैसी पहल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और कानूनी जागरूकता के लिए लाइव स्ट्रीमिंग, क्षेत्रीय भाषा में निर्णय, शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वजनिक सहभागिता को संवर्द्धित किया जा सकता है। समय आ गया है कि न्यायपालिका को आत्म चिंतन का उद्घोष होना चाहिए।

# न्यायपालिका में पारदर्शिता पर उठते सवाल



दो टूक

रवि शंकर
वरिष्ठ स्तंभकार

भारत में 75 साल के इतिहास में कई ऐसे मौके आए हैं जब न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर नोटों में आग लगने की घटना ने एक बार फिर इस मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया।

इससे न्यायपालिका की साख को भी गहरा झटका लगा है। शायद यही वजह है कि पहली बार देश के प्रधान न्यायाधीश ने इस मामले से संबंधित प्रारंभिक रिपोर्ट और जले हुए नोटों के वीडियो सार्वजनिक किए। यह भी अच्छी बात है कि इस मामले की जांच के लिए तीन हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों की समिति बिना देर किए बनाई गई है। भारतीय न्यायपालिका लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करती है। लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। भारत में जहां न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोच्च माना गया है, वहीं पारदर्शिता की कमी कई बार संदेह और आलोचना का विषय बनती रही है।

## पहले भी कई मामले सामने आए

इस मामले का महत्व इसलिए बहुत ज्यादा है क्योंकि ऐसे समय में जब लोगों का अन्य सरकारी संस्थाओं से विश्वास उठ गया है, तब न्यायपालिका को बिल्कुल साफ-सुथरा दिखने की जरूरत है। पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज सौमित्र सेन ने संसद में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया के दौरान ही इस्तीफा दे दिया था। उन पर धन के दुरुपयोग का आरोप था। दिल्ली हाई कोर्ट के जज शामित मुखर्जी ने रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया था। सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पी.डी. दिनाकरण ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस्तीफा दे दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट जस्टिस वर्मा के आवास पर नकदी की जांच कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट को इस 17 साल पुराने मामले को ध्यान में रखना चाहिए। जस्टिस वर्मा केस ने इन पुराने घावों को फिर से कुरेद दिया है।

## सरकार-जनता की भूमिका नहीं

साफ है, न्यायपालिका में जवाबदेही की कमी और पारदर्शिता का अभाव इन समस्याओं को बढ़ावा देता है। वर्तमान में भारत में न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के तहत होती है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश ही नए न्यायाधीशों का चयन करते हैं। इसमें सरकार व जनता की कोई भूमिका नहीं होती, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठते हैं। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक करार दिया, जिससे सुधार की संभावनाओं पर विराम लग गया। न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाए जाने की बहस आज भी जारी है। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड के अनुसार 26 मार्च तक देश की अदालतों में चार करोड़ 54 लाख से ज्यादा मुकदमे विचाराधीन पड़े थे। इनमें 46.43 लाख से ज्यादा केस 10 साल से ज्यादा पुराने हैं। यह मान लें कि औसतन एक मुकदमे में कम से कम दो या तीन व्यक्ति पक्षकार होते हैं तो देश में करीब 10 से 15 करोड़ लोग मुकदमेबाजी के शिकार हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते पांच साल के दौरान अदालतों में भ्रष्टाचार की 1631 शिकायतें दर्ज की गई हैं। शायद इस प्रकरण के निष्कर्ष भी बहुत जल्दी सार्वजनिक न किए जाएं, क्योंकि एक न्यायाधीश के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी, आपराधिक प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी है। बेशक संविधान के अनुच्छेद 124 (4 और 5) में प्रावधान हैं, जिनके तहत न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन यह भी इतना सपाट और आसान नहीं है। महाभियोग के जरिए सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाया जा सकता है, लेकिन संसद में आज तक महाभियोग का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। बहरहाल, यदि अब तीन न्यायाधीशों की जांच में जस्टिस यशवंत वर्मा पर आरोप साबित भी हो जाते हैं, तो वह रपट केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेजी जाएगी। मंत्रालय उस रपट को राष्ट्रपति को प्रेषित करेगा। सिफारिश स्वीकार होने पर राष्ट्रपति महाभियोग के लिए संसद को भेजेगा। संसद में महाभियोग प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है, तभी जज को हटाया जा सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति आज तक नहीं आई। हाई कोर्ट जज एक संवैधानिक पद है। महाभियोग के अलावा उच्च न्यायालय के जज के ख़िलाफ़ 'प्रिवेंशन ऑफ़ करप्शन एक्ट' के तहत कार्रवाई हो सकती है। पर, पुलिस ख़ुद से किसी जज के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज नहीं कर सकती। राष्ट्रपति को चीफ़ जस्टिस की सलाह लेनी होगी और उसके बाद तय करना होगा कि एफआईआर दर्ज हो सकती है या नहीं। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इन-हाउस जांच से अलग है। लेकिन अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं जहां जजों को आरोपों के बाद ट्रांसफर कर दिया गया था, लेकिन उन्हें कभी भी दोषमुक्त नहीं किया गया। इससे न्यायपालिका की छवि खराब होती है। सुप्रीम कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जस्टिस वर्मा के मामले में निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने आए। सुप्रीम कोर्ट को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लोगों का न्यायपालिका पर बहुत अधिक विश्वास है। अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार होता है, तो इससे लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। न्यायपालिका जिन चुनौतियों से जूझ रही है, उनके मद्देनजर जस्टिस वेंकटचलैय्या की सिफारिशों को लागू करने का यह सही समय हो सकता है, जिससे नियुक्ति में पारदर्शिता, न्यायिक जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित हो सकेगा। इसके लिए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग जैसी संस्था का गठन होनाा चाहिए, जिसमें न्यायपालिका के साथ-साथ कार्यपालिका और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी हो।



## 'न्यायिक परिषद' का गठन हो

न्यायाधीशों के आचरण की निगरानी के लिए 'न्यायिक परिषद' की स्थापना की जानी चाहिए। न्यायाधीशों को अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देना अनिवार्य तो किया ही जाना चाहिए, इसके साथ, एक स्वतंत्र 'न्यायिक लोकपाल' की नियुक्ति भी होनी चाहिए, जो न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कर सके। न्यायिक नियुक्तियों और न्यायाधीशों के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा होनी चाहिए। न्यायालयों में तकनीकी सुधार करने और ई-कोर्ट की स्थापना भी की जानी चाहिए, ताकि मुकदमों का निपटारा तेजी से हो सके। स्पष्ट है, न्याय में देरी, नियुक्ति प्रक्रिया की गोपनीयता और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस सुधार जरूरी हैं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए इसे अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। यही लोकतंत्र की असली गारंटी है।

# धीमी रफ्तार से न्याय-व्यवस्था बीमार



न्यायपालिका

डॉ. सुनील कुमार मिश्र
एसोसिएट प्रोफेसर,
वीआईपीएस, नई दिल्ली

किसी भी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को जिंदा रखने में उस देश की न्यायपालिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। न्यायपालिका का सुदृढ़ होना न सिर्फ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है अपितु देश को किसी भी अराजक स्थिति से बचाने में यह रक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। सशक्त से अशक्त को न्याय दिलाने वाली न्यायपालिका का स्थान लोकतंत्र में काफी ऊंचा है, परन्तु न्याय की उम्मीद लिए आम जनमानस की इस अंतिम शरणस्थली में मिलने वाली प्रत्येक अगली तारीख पीड़ित की वेदना को बढ़ाने का कार्य करती है, और समय बीतने के साथ यह वेदना पीड़ित के न्यायपालिका में विश्वास का ह्रास करती जाती है। तारीख पर तारीख झेलने वाले अनगिनत मुकदमों में फैसला तब आता है जब उस फैसले का कोई औचित्य नहीं रह जाता क्योंकि इस दौरान पीड़ित व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुर्दशा की उस पीड़ा को झेलने को विवश होता है जो न्याय मिलने के बाद भी समाप्त नहीं होती है। न्याय के लिए साक्ष्य आवश्यक हैं, साक्ष्य के अभाव में न्यायालय से अनगिनत आरोपी सजा से बच निकलते हैं।

## सुधार की आवश्यकता

ऐसे में न्याय व्यवस्था पर प्रश्न खड़े करने से पहले हमें सामाजिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा करना चाहिए क्योंकि सामाजिक महिमामंडन एवं राजनीतिक संरक्षण रूपी कवच कई अवसरों पर आरोपी और साक्ष्य के बीच दूरी पैदा कर देता है जिससे न्याय प्रक्रिया भी लंबित हो जाती है। गम्भीर बीमारी बताकर जमानत प्राप्त करने वाला कोई धनाढ्य व्यक्ति अगले ही दिन जब कोई सार्वजनिक सभा में सम्मिलित हुआ दिखलाई देता है तो हमारी न्याय व्यवस्था हंसी के पात्र के रूप में दिखती है। वर्तमान में अदालतों को त्वरित रूप से कार्य सम्पादित करने के लिए कुछ सुधार की आवश्यकता है। कुछ सुधार संसाधन से जुड़े हैं तो कुछ इच्छा शक्ति पर निर्भर करते हैं, कुछ कार्य प्रबंधन से तो कुछ उपलब्ध कानून में बदलाव की मांग करते हैं। आज अदालतों के समक्ष कार्यभार प्रबंधन जैसी बड़ी चुनौती स्पष्ट रूप से दिखलाई देती है क्योंकि देश में बढ़ते अपराध एवं अदालतों की आधारभूत संरचना में काफी अंतर है। निचली अदालतों से लेकर सुप्रीमकोर्ट में लंबित केसों की संख्या में बढ़ोत्तरी कानून व्यवस्था के समक्ष मुश्किलें पैदा कर रही हैं। देश में साढ़े चार करोड़ से अधिक केस लंबित हैं, उनमें जजों की संख्या एवं आधारभूत संरचना न्याय प्रक्रिया की गति को बाधित करती हैं।

## उपलब्ध संसाधनों में कमी

निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट आने वाले मामलों का निपटारा समय से कर सके, इसके लिए अदालतों में मानव संसाधन बढ़ाने के साथ ही तकनीकी क्षमता भी बढ़ानी होगी जिससे न्याय प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सके। देश के 25 उच्च न्यायालयों में भी लंबित केस की संख्या काफी है जबकि उपलब्ध संसाधन में कमी दिखती है। विगत एक दशक में अदालतों में आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ी है एवं आधारभूत संरचना में भी सुधार हुआ है परन्तु अभी भी 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश के लिए यह कम है। ऐसे में सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि अदालतों में आवश्यक मानव संसाधन एवं तकनीकी संसाधन की आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करे जिससे अदालतें अपना कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कर सकें। वीडियो कांफ्रेंसिंग से होने वाली सुनवाई प्रक्रिया भी दूर-दराज के क्षेत्र से जुड़े मामलों को गति प्रदान कर सकती है जिसके लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आवश्यक हो जाती है।



सामाजिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए न्याय व्यस्था का सुदृढ़ एवं सशक्त होना भी आवश्यक है। ऐसे में सरकार द्वारा किए गए संविधान संशोधन न्यायपालिका को और अधिक शक्ति प्रदान करें जिससे बदलते सामाजिक परिवेश में अदालतें न्याय सम्मत फैसला कर सकें। संसद एवं न्यायपालिका की दिशा का एक होना देशहित में है जबकि किसी प्रकार का मतभेद लोकतंत्र को कमजोर कर सकता है। इंदिरा गांधी के समय में जब सरकार ने संविधान का 24वां संशोधन किया था, तब संसद एवं न्यायपालिका के बीच टकराव की स्थिति देखी गई थी। इसके कुछ समय बाद ही केशवानंद भारती केस में एसएम सीकरी की अगुआई में 13 सदस्यीय बेंच ने अपने फैसले में कहा था कि सरकारें संविधान से ऊपर नहीं हैं, सरकार कानून में कोई बदलाव करती है तो अदालत को सरकार के उस फैसले की न्यायिक समीक्षा का अधिकार है। निश्चित रूप से न्यायसंगत कोई भी निर्णय स्वीकार्य होना चाहिए, एवं लोकतंत्र के सभी स्तम्भ सहगामी होने चाहिए जिससे राष्ट्र को और अधिक सशक्त किया जा सके। आज हम सामाजिक सुधारों की बात तो करते हैं परन्तु बात जब न्यायिक सुधार की होती है तो कभी-कभी न्यायपालिका का मौन कचोटता भी है क्योंकि सामाजिक सुधारों का रास्ता न्यायपालिका की पवित्र चौखट से होकर ही जाता है। सरकार सामाजिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठा रही है, यह प्रयास तभी फलीभूत होंगे जब कार्यपालिका एवं विधायिका के साथ ही न्यायपालिका में भी पारदर्शी व्यवस्था हो। राष्ट्रीय न्यायिक आयोग विधेयक 2014 इस दिशा में सरकार द्वारा बढ़ाया गया एक कदम था। जस्टिस वर्मा से जुड़े ताजा प्रकरण ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए शुरू हुई कालेजियम प्रणाली पर एक बार फिर से समाज में बहस छेड़ दी है, जिसे समाप्त करना प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त उन 4 न्यायाधीशों के विवेक पर निर्भर करता है जो वर्तमान कालेजियम का हिस्सा हैं।

## मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा

न्याय के सिंहासन पर बैठे न्यायाधीश से मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा की जाती है, जो न सिर्फ न्याय व्यवस्था के प्रति सम्मान का स्तर निर्धारित करती है अपितु इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। निचली अदालत हो या फिर उच्च न्यायालय, न्यायधीशों द्वारा की गई कोई भी टिप्पणी न्यायपालिका के आदर्शों को स्थापित करने वाली होनी चाहिए। विगत दिनों सुप्रीमकोर्ट ने इलाहबाद हाईकोर्ट द्वारा दुष्कर्म से जुड़े एक फैसले पर की गई टिप्पणी को न सिर्फ असंवेदनशील बताया अपितु इस प्रकार की टिप्पणी को कानूनी रूप से अव्यावहारिक भी कहा। दो वर्ष पहले कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा यौन हिंसा से जुड़े एक मामले पर की गयी टिप्पणी को भी सुप्रीमकोर्ट ने बेहद गैरजरूरी बताया था। निश्चित रूप से न्याय की उम्मीद में न्यायालय में बैठी पीड़िता पर जब ऐसी टिप्पणी की जाती है तो इससे न सिर्फ पीड़िता के जख्म हरे हो जाते हैं अपितु अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का मनोबल भी बढ़ता है, जो न तो न्याय व्यवस्था के लिए ठीक है न ही सामाजिक व्यवस्था के लिए।

# देश के ये भी बड़े देवी माता मंदिर: यहां नवरात्रि पर दर्शन मात्र से मुरादें हो जाती हैं पूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रविवार से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इस दौरान मां दुर्गा के 9 रूपों की हर दिन पूजा होती है। पूरे देश भर के देवी मंदिरों में इस दौरान छटा देखने योग्य होती है। कहा जाता है कि यहां दर्शन मात्र से प्राणी की मुरादें पूरी हो जाती है।

देशभर में कई प्रसिद्ध और प्राचीन देवी मंदिर हैं, जहां दर्शन के लिए केवल देश ही नहीं विदेशों से भी हिंदू भक्त पहुंचते हैं। भारत के उत्तर में कटड़ा में माता वैष्णो देवी माता का मंदिर है, वहीं दक्षिण में चामुंडेश्वरी मंदिर और मदुरै का मीनाक्षी मंदिर है। इसके अलावा 52 शक्तिपीठ भी हैं।

**जय अंबे गौरी मैया जय श्यामा गौरी...**

देशभर में कई प्रसिद्ध और प्राचीन देवी मंदिर हैं, जहां दर्शन के लिए केवल देश ही नहीं विदेशों से भी हिंदू भक्त पहुंचते हैं। भारत के उत्तर में कटड़ा में माता वैष्णो देवी माता का मंदिर है, वहीं दक्षिण में चामुंडेश्वरी मंदिर और मदुरै का मीनाक्षी मंदिर है। इसके साथ देश में 52 शक्तिपीठ भी हैं, जहां मनवांछित फलों की प्राप्ति होती है।


## देवी कृपा से देश के चहुंओर से मिल रहा उनका 'प्रसाद'

### 1 वैष्णो देवी मंदिर, कटड़ा



जम्मू-कश्मीर के कटड़ा में वैष्णो देवी का मंदिर है। इसे भारत का सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय मंदिर माना जाता है। नवरात्रि में यहां का नजारा देखते ही बनता है। माता के दर्शन को भक्तों को पैदल यात्रा करनी होती है। अब हेलीकॉप्टर सेवा और घोड़े व पालकी की व्यवस्था भी है। हर साल यहां लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### 2 कामाख्या देवी मंदिर, गुवाहाटी



असम राज्य के गुवाहाटी में कामाख्या देवी मंदिर स्थित है। यह मंदिर 52 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माता सती का योनि भाग गिरा था।इस मंदिर को तंत्र साधना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। नवरात्रि के समय यहां विशेष पूजा-अर्चना होती है। देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं।

### 3 अन्नपूर्णा मंदिर, वाराणसी



भगवान शिव की नगरी काशी में माता अन्नपूर्णा का मंदिर है जो कि देवी पार्वती का प्रमुख स्थल है। यह मंदिर भक्तों को सुख-समृद्धि और अन्न-धन का आशीर्वाद देने वाला माना जाता है। नवरात्रि में यहां भव्य पूजा और भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### 4 हरसिद्धि मंदिर, उज्जैन



मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी शक्तिपीठ है, जिसका नाम हरसिद्धि माता मंदिर है। इसे देश के प्रमुख शक्ति पीठों में गिना जाता है। यहां माता सती की कोहनी गिरी थी। नवरात्रि के दौरान यहां विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। मां काली की भव्य आरती भक्तों को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव देती है।

### 5 अंबाजी मंदिर, गुजरात



गुजरात के बनासकांठा में अंबाजी मंदिर स्थित है। इस मंदिर को 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि यहां माता सती का हृदय गिरा था। यह मंदिर बिना किसी मूर्ति के पूजनीय है, क्योंकि यहां केवल श्री यंत्रकी पूजा की जाती है। मान्यता है कि यहां भगवान श्रीकृष्ण का मुंडन संस्कार संपन्न हुआ था।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में आग से छत गिरी, 4-5 कर्मी घायल



**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित धारूहेड़ा में एक फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात अचानक आग लग गई। आग के कारण एक्सपेंशन बिल्डिंग की छत गिर गई। मलबा गिरने से 4-5 कर्मचारियों को मामूली चोट आई हैं। दमकल की 3 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।धारूहेड़ा के मालपुरा स्थित एक फैक्ट्री का प्लांट है।

### मंदिर में नूडल्स का लंगर, 17 लोग भर्ती



**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर के बीनेवाल गांव में एक मंदिर में आयोजित लंगर (सामुदायिक रसोई) में खाना खाने के बाद 10 बच्चों सहित करीब 17 लोग बीमार हो गए। शुक्रवार को पेट में ऐंठन और उल्टी की शिकायत के बाद उन्हें पहले बीनेवाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### वडोदरा में डंपर ने स्कूटी सवार मां-बेटी को कुचला



**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा के वागोडिया तालुका के मालोधर रोड पर एक हिट-एंड-रन की घटना घटी है। डंपर की टक्कर से एक्टिवा पर सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस हादसे में 12 वर्षीय बेटी काव्या पटेल की जान चली गई। हादसे का फुटेज भी सामने आया है। वाघोडिया पुलिस डंपर चालक को तलाश रही है।

### सिंगर के शो के दौरान छात्र गुट भिड़े,1 की मौत



**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा के शो के दौरान छात्रों के दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान हमलावरों ने चाकू मारकर 4 छात्रों को घायल कर दिया। जिनमें से एक छात्र की मौत हो गई। उसकी पहचान आदित्य ठाकुर के रूप में हुई है। वह हिमाचल का रहने वाला था।

## सांसद सुमन के समर्थन में सड़क पर उतरी समाजवादी पार्टी

# आंबेडकर पार्क से तुवन चौराहा होकर कलेक्ट्रेट कूच किया, पुलिस से की नोकझोंक-नारेबाजी

### जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, सुरक्षा का मांग की

एजेंसी ⏭ आगरा

सांसद रामजीलाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर 26 मार्च को करणी सेना के पदाधिकारियों द्वारा आवास सहित उनकी गाड़ियों को निशाना बनाया गया। सांसद के परिजनों पर हमला किया गया था। जिसके विरोध में समाजवादी पार्टी एकजुटता के साथ शनिवार को सड़क पर उतरी। बाबा साहेब आंबेडकर पार्क में सपा नेताओं के जुटने का सिलसिला शुरू हुआ। यहां भारी संख्या में प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी पहुंचे।

इस दौरान पुलिस कर्मियों से सपाइयों की नोकझोंक भी हुई। बाद में सपा जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शन को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। सपाइयों ने तुवन चौराहा होते कलेक्ट्रेट में कूच किया। जहां सपाई पुलिस के घेरे में रहे। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि सपा सांसद एवं वरिष्ठ नेता रामजी लाल सुमन के घर तोड़फोड़ करने वाले आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। जब लोकतंत्र के सबसे बड़े सदन में सांसद सुरक्षित नहीं है, तो सोचो दलित वर्ग का क्या हाल होता होगा।

**सुमन के बयान पर मचा घमासान**

#### प्रदेश की कानून व्यवस्था हो गई ध्वस्त

प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। योगी सरकार पर कानून व्यवस्था संभालने नहीं संभल रही है। प्रदेश में गुंडाराज कायम है, आज हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, प्रतिदिन प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार जैसी कई घटनाएं घट रही हैं और सरकार अपनी झूठी उपलब्धियों का बखान कर रही हैं।



#### प्रदर्शन में ये भी रहे शामिल

प्रदर्शन के दौरान अनुसूचित पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, नगर अध्यक्ष अंशुल जैन,युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष ह्देश यादव मुखिया, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आकिब मंसूरी, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, राममूर्ति तिवारी सहित अनेक सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं

झांसी ललितपुर लोकसभा बूथ प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह यादव ने कहा कि हम दलितों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि हमारे दलित समाज के सम्मान को ठेस पहुंचती है तो समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में बड़ा जन आंदोलन छेड़ देगी। उन्होंने कहा कि यह देश बाबा साहब आंबेडकर के संविधान से चलेगा, किसी की तानाशाही से नहीं चलेगा। मनमानी बर्दाश्त नहीं होगी।

### वक्फ बिल पर ओवैसी ने सरकार को घेरा | पास कराने को सरकार के पास बहुमत नहीं



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि विधेयक को पारित कराने के लिए भाजपा के पास लोकसभा में बहुमत नहीं है। अगर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार इसका विरोध करते हैं, तो बिल पारित नहीं होगा। ओवैसी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की बैसाखी पर निर्भर हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वक्फ बिल को लेकर देश में झूठ फैला रहे हैं। शाह भारत सरकार के गृह मंत्री हैं और उनका बयान इस बात का सबूत है कि आप एक असांविधानिक कानून बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिसे अदालत में चुनौती दी जा सकती है। यह संविधान के अनुच्छेदों का उल्लंघन है और इससे पूरे देश के वक्फ को नुकसान होगा।

#### नीतीश, चिराग व नायडू से की रोकने की अपील

वक्फ बोर्ड का मामला पूरे देश में गरमाया हुआ है। बिहार में 5 महीने के बाद ही चुनाव है और ऐसे में जो विपक्षी दल हैं, विशेषकर आरेजडी इसे भुनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। तेजस्वी यादव जैसे नेता वक्फ बोर्ड बिल के ऊपर हो रहे किसी भी आंदोलन का चेहरा बनने को हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसे में बिहार की राजनीति में ओवैसी ने भी नया पांसा फेंक दिया है। ओवैसी ने वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर नीतीश कुमार, चिराग पासवान और चंद्रबाबू नायडू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर ये नेता मुसलमानों के हितैषी होने का दावा करते हैं, तो उन्हें केंद्र सरकार में अपनी ताकत का इस्तेमाल करके वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को रोकना चाहिए।

## वीर तेजाजी की मूर्ति से छेड़छाड़

# जयपुर में बवाल, सड़कें जाम बाजार बंद, पुलिस का पहरा



एजेंसी ⏭ जयपुर

जयपुर में प्रताप नगर के वीर तेजाजी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद विहिप और बजरंग दल समेत श्रद्धालुओं ने टोंक रोड पर जाम कर दिया। सांगानेर इलाके में शुक्रवार देर रात असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

देखते ही देखते टोंक रोड पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। सुबह से ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश के तहत धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए की गई है, इसलिए कठोर कार्रवाई की जाए।

#### आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: बेनीवाल

घटना की गंभीरता को देखते हुए जयपुर के कई प्रमुख नेता घटनास्थल पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने कहा कि यह केवल धार्मिक स्थल पर हमला नहीं है, बल्कि समाज में अशांति फैलाने की एक सोची-समझी चाल है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले की न्यायिक जांच करवाने और दोषियों को जल्द से जल्द सजा देने की मांग की। सांसद हनुमान बेनीवाल ने चेतावनी देते हुए एक्स पर पोस्ट डाली है। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नर से मूर्ति को तोड़ने वालों का जल्दी पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के संदर्भ में बात की है। उन्होंने कहा कि आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे।


#### बाजारों में सन्नाटा, पुलिस बल तैनात

घटना के विरोध में सांगानेर और प्रताप नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और माहौल गंभीर बना रहा। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा। प बहरहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्ध गतिविधियों का पता चला है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।लिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को सामान्य करने की अपील की।

## कसाब को पकड़ने में दिया था बलिदान

# शहीद तुकाराम का स्मारक बनाएगी फडणवीस सरकार

एजेंसी ⏭ मुंबई



साल 2008 में हुए मुंबई हमलों में मुंबई पुलिस के जवान शहीद तुकाराम ओंबले ने हमले के एक मात्र जिंदा आतंकी अजमल आमिर कसाब को पकड़ने में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। कसाब लगातार उन पर गोलियां चला रहा था लेकिन ऐके 47 की गोलियां लगने के बावजूद तुकाराम ओबले ने उस दरिंदे को नहीं छोड़ा था। कसाब को जिंदा पकड़ा गया। तुकाराम ओंबले शहीद हो गए थे। महाराष्ट्र सरकार उनका स्मारक बनाएगी।

#### सतारा के पैतृक गांव में किया जाएगा निर्माण

शहीद तुकाराम ओंबले को अपने सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। महाराष्ट्र सरकार ने बताया है कि शहीद ओंबले का स्मारक सतारा जिले में उनके पैतृक गांव केदांबे में बनाया जाएगा, जहां तुकाराम ओंबले का जन्म हुआ था।

## विकास कार्यों का लोकार्पण किया

# चौहान ने विदिशा में 'आवास' के स्वीकृति पत्र वितरित किए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केxद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को विदिशा संसदीय क्षेत्र के भैरूंदा में हि त ग्र ा ही सम्मेलन में सहभागिता की और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। साथ ही 74 करोड़ 58 लाख से ज्यादा की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने दुर्गा चौक से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो कर जनता का अभिवादन भी किया। उन्होंने कहा कि इसी साल सीहोर जिले को 35 हजार 165 मकान दिए गए हैं उनमें से 10 हजार 73 बुदनी क्षेत्र में बनेंगे। भैरूंदा में 7 हजार से ज्यादा, बुदनी में 2 हजार 870 मेरे इन भाई-बहनों को स्वीकृति पत्र मिल जाएगा और खाते में राशि भी डाल दी जाएगी। चौहान ने कहा कि अब यहां शानदार राष्ट्रीय राजमार्ग गोपालपुर से बक्तरा तक भैरुँदा होते हुए जाएगा।

## 'गुड़ी पड़वा' समारोह



सूरत। शनिवार को सूरत में 'गुड़ी पड़वा' समारोह के दौरान अनुष्ठान करती हुई छात्राएं।

## उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने दर्ज कराया मामला

अलग अलग इलाकों में कायमी की

# कॉमेडियन कामरा के खिलाफ महाराष्ट्र में तीन और एफआईआर

एजेंसी ⏭ मुंबई

कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ तीन और एफआईआर दर्ज कराई है।

शिवसेना के ये कार्यकर्ता एक शो के दौरान शिंदे पर की गई कामरा की कथित अपमानजनक टिप्पणी से नाराज हैं। ये तीनों मामले महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में दर्ज किए गए हैं। इन मामलों को आगे की जांच के लिए मुंबई के खार पुलिस स्टेशन को भेज दिए गए हैं। खार पुलिस



पहले से ही कामरा के खिलाफ दर्ज मामले की जांच कर रही है। ये एफआईआर मयूर बोर्से नासिक के मनमाड, संजय भुजबल ने बुलढाणा के जलगांव जामोद में और सुनील जाधव ने नासिक के नांदगांव मनमाड में दर्ज कराई है।

#### स्वाति ने मां और भाई-बहन पर की अश्लील टिप्पणी

एक और कॉमेडियन स्वाति सचदेवा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो रिलीज किया है। इसका नाम है 'फैमिली फर्स्ट'। स्वाति कहती हैं कि मेरी मां आजकल कूल बनने की कोशिश कर रही हैं। हाल ही में उन्हें मेरा टॉय मिला। वे मेरे पास आईं और 'एक दोस्त' की तरह बात करने को कहा। मां से इसका नाम भी नहीं बोला जा रहा था। वे गैजेट और खिलौना कहकर बुला रही थी। उन्होंने दबाव देकर पूछा तो मेरे मुंह से निकल गया कि यह पापा का है। फिर मां बोलीं, बकवास मत कर।

## राष्ट्रपति ने 'पर्यावरण 2025' पर 2 दिनी सम्मेलन का किया उद्घाटन

# स्वच्छ पर्यावरण के लिए जागरूक और संवेदनशील बनें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को नई दिल्ली में 'पर्यावरण-2025' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील जीवनशैली अपनानी होगी ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि उसका संवर्धन भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर भी है और चुनौती भी।

### आगामी पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देना हम सब की जिम्मेदारी



#### पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना चाहिए

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा, तभी मानवता वास्तविक प्रगति कर सकेगी। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के समक्ष कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर हरित नेतृत्व की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां वायु, जल, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करे।

#### भारतीय विरासत का आधार पोषण

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारा मानना है कि प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है और हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहीं, संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विकसित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं।

#### पर्यावरण परिवर्तन का रखना होगा ध्यान

राष्ट्रपति कहा कि हमारे बच्चों और युवा पीढ़ी को व्यापक स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हर परिवार में बड़े-बुजुर्गों को इस बात की चिंता होती है कि उनके बच्चे किस स्कूल या कॉलेज में पढ़ेंगे और कौन सा कॅरियर चुनेंगे। यह चिंता जायज है। हम सभी को सोचना होगा कि बच्चे कैसी हवा में सांस लेंगे, उन्हें कैसा पानी पीने को मिलेगा, वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे?

# 24 घंटों में आए भूकंप के 15 झटके

# मरने वालों की संख्या 1600 पार, 2000 से अधिक घायल, दहशत में लोग
# पीएम मोदी ने वरिष्ठ जनरल से की बात, भारत का ऑपरेशन 'ब्रह्मा' शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार में 24 घंटे में ही भूकंप के आए 16 तेज झटकों से लोग दहशत में हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 2:50 बजे भूकंप का 16वां झटका लगा। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है।

वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है। राहत पैकेज में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, भोजन के पैकेट, वाटर प्यूरीफायर, हाइजीन किट, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और पैरासिटामोल, एंटीबायोटिक्स, सीरिंज, दस्ताने और पट्टियां जैसी आवश्यक जीचें शामिल हैं। प्रभावित इलाकों में मदद और राहत-बचाव कार्य के लिए भारत से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को भेजा गया है।

भूकंप का 16वां झटका 4.7 तीव्रता का रहा

थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूकंप से मौत

भारत ने सी-130जे से भेजी 15 टन राहत



## हर तरफ मलबा और टूटी इमारतें

म्यांमार की सेना (जुंटा) के हवाले से बताया है कि भूकंप में अबतक 694 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1,670 घायल हुए हैं। वहीं अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या 1600 से अधिक हो सकती है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें मिल रही हैं। म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे का ढेर, टूटी सड़कें, और ढही इमारतें नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि, अस्पतालों में घायलों की तादाद भी हजारों में है। म्यांमार के अनुसार, पांच शहरों और कई कस्बों में इमारतें गिर गई हैं और दो प्रमुख पुल भी ढह चुके हैं।



## कब-कब आया भूकंप

| संख्या | समय | तीव्रता |
|---|---|---|
| पहला | शुक्रवार सुबह 11:50 मिनट पर | 7.2 |
| दूसरा | दोपहर 12:02 मिनट पर | 7.0 |
| तीसरा | दोपहर 12:57 मिनट पर | 5.0 |
| चौथा | दोपहर 01:07 मिनट पर | 4.9 |
| पांचवा | दोपहर 02:48 मिनट पर | 4.4 |
| छठवां | दोपहर 03:25 मिनट पर | 4.3 |
| सातवां | शाम 04:46 मिनट पर | 4.0 |
| आठवां | शाम 05:52 मिनट पर | 4.3 |
| नौवां | शाम 06:22 मिनट पर | 3.8 |
| दसवां | रात 08:19 मिनट पर | 3.7 |
| ग्यारवां | रात 09:49 मिनट पर | 3.6 |
| बारहवां | रात 10:16 मिनट पर | 4.5 |
| तेरहवां | रात 11:56 मिनट पर | 4.2 |
| चौदहवां | रात 01:46 मिनट पर | 3.6 |
| पंद्रहवां | शनिवार सुबह 11:54 मिनट | 4.3 |
| सोलहवां | शनिवार दोपहर 02:50 मिनट | 4.7 |

आंकड़े नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक



### पीएम मोदी ने कहा- मुश्किल वक्त में भारत खड़ा है साथ

पीएम मोदी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

### इन शहरों में भारी नुकसान



*इस विनाशकारी भूकंप ने मंडाले, नेपिटॉ, यांगून और कई अन्य शहरों में इमारतों, पुलों और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन सबसे अधिक मौतें नेपिटॉ में हुई हैं। यहां से 90 से अधिक लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया है। भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मंडाले के पास था। झटकों के बाद कई आफ्टरशॉक्स (भूकंप के बाद के झटके) भी महसूस किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.4 मापी गई। मंडाले में भूकंप ने कई इमारतों को जमींदोज कर दिया, जिनमें शहर का एक प्रमुख मठ भी शामिल था। राजधानी नेपिटॉ में भी कई सरकारी कर्मचारियों के आवासीय भवन मलबे में तब्दील हो गए, जहां बचाव दल पीड़ितों को निकालने में जुटा हुआ है।*

### मस्क ने बढ़ाया मदद का हाथ स्टारलिंक किट की पेशकश की

एक्स के मालिक एलन मस्क ने भी मदद की पेशकश की है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि थाईलैंड और म्यांमार में भूकंप के कारण हुए नुकसान के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। स्पेसएक्स की टीम संचार आवश्यकताओं और राहत प्रयासों में सहायता के लिए स्टारलिंक किट प्रदान करने के लिए तैयार है। स्टारलिंक एक सैटेलाइट कॉन्स्टेबुल सिस्टम है जिसका उद्देश्य वैश्विक इंटरनेट कवरेज देना है। यह सिस्टम ग्रामीण और भौगोलिक रूप से अलग-थलग क्षेत्रों के लिए आदर्श है जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी न के बराबर होती है।

### यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी

भूकंप की मार झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। भारतीय नौसेना के दो जहाज म्यांमार भेज दिए गए हैं। इसके अलावा आपदा राहत सामग्री के साथ दो और जहाज भेजे जाएंगे। भेजे जाने वाले विमानों की संख्या पांच हो गई है।

## खून की भारी किल्लत




म्यांमार सरकार के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में रक्तदान की अत्यधिक आवश्यकता है। अस्पतालों में खून की भारी कमी बताई जा रही है। आपदा में घायल लोगों से अस्पताल भरे पड़े हैं। म्यांमार ना इस आपदा में दवाओं और अन्य राहत सामाग्री की कमी से जूझ रहा है। सैन्य सरकार ने विदेशी सहायता स्वीकार करने की घोषणा की है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने प्रारंभिक राहत कार्यों के लिए 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि जारी की है। वहीं चीन और रूस ने म्यांमार में बचाव दल भेजे हैं, राष्ट्रपति ट्रंप ने भी अमेरिकी मदद की बात कही है।

### सैंकड़ों लोग लापता

सैकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं इस भूकंप में अभी तक 2300 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। 30 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। बता दें कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे म्यांमार में भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया था। इसके बाद 24 घंटे से भी कम समय में भूकंप के 15 झटके महसूस किए गए। शनिवार सुबह 11.54 बजे यहां एक बार फिर धरती कांपी, यह 15वां भूकंप था। 15वें भूकंप का केंद्र जमीन से 27 किमी गहराई में था। अचानक आई इस आपदा के बाद म्यांमार ने आपातकाल लगा दिया गया है। इस भंयकर भूकंप का असर सिर्फ म्यांमार पर ही नहीं बल्कि थाइलैंड, भारत, चीन नेपाल समेत पांच देशों में देखने को मिला है। उधर, थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूकंप से मौत हुई है।

## भारत ने भेजे 80 एनडीआरएफ कर्मी, दल में खोजी कुत्ते भी

भारत भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए आगे आया है। देश ने राहत और बचाव कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के 80 कर्मियों का दल म्यांमार भेजा है। इसमें खोजी कुत्ते भी शामिल हैं। अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत उठाया गया है। इससे पहले भी भारत ने दो मौकों पर विदेश में एनडीआरएफ को तैनात किया है, इनमें 2015 में नेपाल भूकंप और 2023 में तुर्किये में आया भूकंप शामिल है। एनडीआरएफ कर्मियों को म्यांमार में सहायता प्रदान करने के लिए मजबूत कंक्रीट कटर, ड्रिल मशीन, हथौड़े आदि जैसे भूकंप बचाव उपकरणों के साथ तैनात किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि 80 एनडीआरएफ कर्मियों की एक टीम गाजियाबाद के हिंडन से भारतीय वायुसेना के दो विमानों में म्यांमार के लिए रवाना की गई है।



### पीके तिवारी करेंगे टीम का नेतृत्व

गाजियाबाद में स्थित 8वीं एनडीआरएफ बटालियन के कमांडेंट पीके तिवारी शहरी खोज और बचाव (यूएसएआर) टीम का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ टीम अंतरराष्ट्रीय खोज एवं बचाव सलाहकार समूह (आईएनएसएआरएजी) के मानदंडों के अनुसार म्यांमार में ढही संरचना की खोज एवं बचाव अभियान का काम करेगी। इसके लिए वह अपने साथ बचाव कुत्तों को भी साथ ले गई है।

## खबर संक्षेप

### डीसीपी डॉ. पठारे की कार एक्सीडेंट में मौत



**हैदराबाद।** मुंबई पुलिस के पोर्ट जोन के डीसीपी डॉक्टर सुधाकर पठारे की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई है। ये कार एक्सीडेंट हैदराबाद में हुआ है। बता दें कि सुधाकर पठारे ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद गए थे। वह 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। एसपी नगर कुरनूल वैभव गायकवाड़ ने इस खबर की पुष्टि की है।

### यमन में हूती विद्रोहियों पर हमला, एक की मौत



**दुबई।** यमन में शुक्रवार रातभर और शनिवार को हुए अमेरिकी हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को किए गए हमलों में अमेरिका ने यमन के उन कई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया, जिन पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का कब्जा है। इन क्षेत्रों में राजधानी सना, अल-जौफ तथा सादा प्रांत शामिल हैं।

## नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर पुलिस की बड़ी कार्रवाई
# 100 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार, काठमांडू से हटा कर्फ्यू, पूर्व पीएम का 'पूर्व राजा' पर आरोप

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया है। वे राजतंत्र की बहाली और हिंदू राज्य की मांग कर रहे थे। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। काठमांडू जिला पुलिस रेंज के पुलिस अधीक्षक अपिल बोहरा ने बताया कि प्रसाई अभी फरार है। अधिकारियों ने शनिवार को काठमांडू के पूर्वी हिस्से में तनाव कम होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया।

### पूर्व राजा को दी गई स्वतंत्रता को सीमित करें: दहल



नेपाल के पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर शुक्रवार को हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। शनिवार सुबह सोशलिस्ट फ्रंट के तोड़फोड़ वाले कार्यालय का दौरा करने वाले दहल ने सरकार से पूर्व राजा को दी गई स्वतंत्रता को सीमित करने का भी आह्वान किया। दहल ने कहा कि स्पष्ट हो गया है कि इन सभी कृत्यों के पीछे ज्ञानेंद्र शाह का हाथ है। उन्होंने कहा कि शाह की मंशा ठीक नहीं है। यह पहले भी देखा गया है और अब भी देखा जा रहा है। समय आ गया है कि सरकार सख्त कार्रवाई करे।

### प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग और फेंके पत्थर

बता दें, प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय हिंसक हो गया जब आंदोलन के संयोजक दुर्गा प्रसाई सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर संसद भवन की ओर बढ़ गए। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

### सुवेदी कर रहे आंदोलन का नेतृत्व

आंदोलन का नेतृत्व नवराज सुवेदी कर रहे हैं। वे राज संस्था पुनर्स्थापना आंदोलन से जुड़े हुए हैं। इसका मकसद नेपाल में राजशाही को बहाल करना है। नेपाल की जनता देश में फैले भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बार-बार सत्ता परिवर्तन से परेशान हो गई है। सुवेदी का नाम तब सुर्खियों में आया जब पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने उन्हें इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उनका नाम आगे बढ़ाया। नवराज सुबेदी ने कहा कि हम अपनी मांगें शांतिपूर्ण तरीके से रख रहे हैं, लेकिन अगर हमें सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो हमें प्रदर्शन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि हमारा मकसद पूरा नहीं हो जाता।

## गृह युद्ध की साजिश का आरोप
# बांग्लादेश में शेख हसीना समेत 73 के खिलाफ एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना के खिलाफ ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पुलिस ने मामला दर्ज कराया है। शेख हसीना के अलावा 72 अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। इन सभी पर बांग्लादेश में गृह युद्ध भड़काने और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने का आरोप है। सत्ता से बेदखल होने के बाद से ही पूर्व पीएम हसीना पर सामूहिक हत्या और भ्रष्टाचार समेत 100 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने अंतरिम सरकार को गिराने की साजिश के आरोप में ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर मामला दर्ज किया है।

### जॉय बांग्ला ब्रिगेड पर लगा आरोप

अदालत ने मामले का संज्ञान लिया और गुरुवार को सीआईडी को जांच शुरू करने को कहा। सीआईडी ने 19 दिसंबर 2024 को हुई एक ऑनलाइन बैठक की जानकारी मिलने के बाद मामला दर्ज किया है। आरोप है कि बैठक में शामिल लोगों ने 'जॉय बांग्ला ब्रिगेड' नामक एक मंच बनाया है। इसके माध्यम से गृह युद्ध भड़का कर हसीना को दोबारा सत्ता में लाने की योजना है।

**बैठक में 577 लोग थे शामिल :** पुलिस ने बताया कि बैठक में बांग्लादेश और विदेश से कुल 577 लोगों ने हिस्सा लिया था। अवामी लीग के अमेरिकी चैप्टर के उपाध्यक्ष आलम ने यह बैठक बुलाई थी। मामले में उन्हें दूसरे नंबर का आरोपित बनाया गया है। बैठक में सभी ने शेख हसीना के निर्देश का अनुसरण किया।

## पेंशनभोगियों और उनके परिजनों को सहायता प्रदान करने की रक्षा मंत्रालय की पहल
# स्पर्श पोर्टल से ऑनलाइन जुड़े 31 लाख रक्षा पेंशनभोगी


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब 'स्पर्श' पोर्टल के माध्यम से कुल 32 लाख रक्षा पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे यानी उनके बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से सीधे पेंशन की राशि पहुंचेगी। वर्तमान में पोर्टल से जुड़ने वाले पेंशनभोगियों का आंकड़ा 31 लाख पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि करीब पांच साल पहले 2020 में मंत्रालय ने पेंशन के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान के लिए स्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन-रक्षा) को लांच किया था। जिसका उद्देश्य देशभर में रहने वाले सशस्त्र सेनाओं और रक्षा नागरिक कर्मियों की रक्षा पेंशन के मामले को व्यापकता, पारदर्शिता के साथ देखते हुए एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करना था। अब केवल 1 लाख लोग बाकी बचे हुए हैं। जिन्हें इस पोर्टल से जोड़ा जाना है। पेंशनभोगियों को मदद देने के लिए 200 डीएडी कार्यालय, 16 बैंक शाखाएं और 5 लाख सीएससी मदद प्रदान कर रहे हैं।

मदद देने के लिए 200 डीएडी कार्यालय, 16 बैंक शाखाएं

अब केवल 1 लाख लोग शेष, जिन्हें इस पोर्टल से जोड़ा जाएगा

### 90 आउटरीच कार्यक्रम किए




मंत्रालय ने कहा, सुदूर इलाकों में रहने वालों के लिए पूर्व कर्मियों और उनके परिजनों को मदद देने के लिए रक्षा पेंशन समाधान आयोजनों के जरिए सहायता दी जा रही है। पिछले साल जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक देश के अलग-अलग इलाकों में ऐसे कुल 7 आयोजन किए गए थे। यह वो इलाके हैं जहां कंप्यूटर, इंटरनेट तक की सुविधा नहीं है। साथ ही स्पर्श के 90 आउटरीच कार्यक्रम भी हुए हैं। जिससे जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा रही है।

### टोल फ्री नंबर से लें सहायता

पूर्व कर्मियों और उनके परिवारों की मदद के लिए मंत्रालय ने एक टोल फ्री नंबर- 1800-180-5325 जारी किया है। जिस पर कॉल करके मदद ली जा सकती है। पूरी तरह से प्रशिक्षित स्टाफ मदद करते हैं। दिसंबर 2014 से इसकी शुरुआत के बाद से लेकर अब तक इस हेल्पलाइन पर कुल करीब 50 लाख से अधिक कॉल का जवाब दिया जा चुका है।


## बीएसएनएल भरेगा नई उड़ान
# लगा रहा 1 लाख स्वदेशी 4जी टावर, जो बदल जाएंगे 5जी में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत संचार निगम लिमिटेड यानी बीएसएनएल देशभर में ऐसे 1 लाख स्वदेशी 4जी मोबाइल टावर लगा रही है, जिन्हें 5जी में बदल दिया जाएगा। यह काम जून तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। यह आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भारत अब दुनिया के उन पांच देशों में शामिल हो गया है जिनके पास अपनी टेलीकॉम तकनीक है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल 18 साल बाद मुनाफे में आई है और सरकार 6जी तकनीक में भी आगे बढ़ने की योजना बना रही है।



### अपनी टेलिकॉम तकनीक वाला पांचवा देश बना भारत



*सिंधिया ने बताया कि दुनिया के सिर्फ चार देशों के पास अपनी टेलिकॉम तकनीक है। इनमें चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जिसके पास खुद के टेलिकॉम स्टैक बनाने वाली कंपनियां हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल 18 साल बाद मुनाफे में आई है। कंपनी को पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ। वहीं, पिछले साल की तीसरी तिमाही में उसे 1262 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। लागत को 18 फीसदी तक कम किया है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट मैसेजिंग सेवाएं शुरू की गई हैं। इस तकनीक में स्मार्टफोन से तब भी मैसेज भेजे जा सकते हैं, जबकि वह नेटवर्क से कनेक्ट न हो।*

# मुख्यमंत्री आज उज्जैन से करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

## 30 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा अभियान

### क्षिप्रा तट से होगी प्रदेशव्यापी जल संरक्षण अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मप्र सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी 'खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है।



### जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे।

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर लगेंगे प्याऊ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे पौध-रोपण, जल स्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और प्रदेश में अभियान के दौरान इसे एक को जन-आंदोलन बनाएं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में होंगे महत्वपूर्ण कार्य

पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किए जाएंगे। अभियान के 90 दिनों में प्रदेश की 90 लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। नदियों में जलीय जीवों को पुनर्स्थापित किया जाएगा। लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जल स्त्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण करेगा। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन आदि के कार्य होंगे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान-वर्ष 2024

पिछले वर्ष 5 से 30 जून 2024 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया था। इस अवधि में 1056 करोड़ की लागत से 38 हजार 851 कार्य किए गए। अभियान के दौरान 302 करोड़ से अधिक राशि 21 हजार 577 जीर्णोद्धार, सुधार कार्यों पर खर्च की गई थी। वर्ष 2024 में 5672 पुरानी बावड़ियों एवं कुओं का जीर्णोद्धार किया गया और 93 करोड़ रुपए की लागत से 3751 नए कुएं निर्मित किए गए थे। साथ ही 7709 तालाबों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार पर 616 करोड़ की राशि खर्च हुए। इसी प्रकार 2925 चेक डैम एवं स्टॉप डैम निर्माण एवं जीर्णोद्धार में 119 करोड़ रुपए की लागत आई। अभियान में 7158 रिचार्ज पिट और रीचार्ज शॉफ्ट निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण किया गया। अन्य जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों में लगभग 458 करोड़ रुपए की लागत से 30 हजार से अधिक कार्य हुए थे।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप को किया संबोधित

# राजनीतिक शुचिता व समर्थ भारत बनाने में अपना योगदान दें उद्यमी और प्रोफेशनल्स : जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद व भाजपा के सुशासन प्रमुख डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे एवं प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप में विभिन्न सत्रों को संबोधित किया।

**सुशासन प्रमुख डॉ. सहस्त्रबुद्धे, मंत्री विजयवर्गीय, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. शर्मा ने भी किया संबोधित**

पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीति में शुचिता लाने और परिवारवाद को समाप्त करने के लिए कार्य कर रहे हैं। आप सभी उद्यमी व प्रोफेशनल्स राजनीतिक शुचिता लाने व समर्थ भारत बनाने में अपना योगदान दें। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद व भाजपा के सुशासन प्रमुख डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि भारत में 2700 राजनीतिक दल हैं, जिनमें छह-सात दल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त दलों में भाजपा एक मात्र पार्टी है जो देश को आगे ले जाने वाली अपनी विशिष्ट विचारधारा के साथ सुशासन को स्थापित कर रही है। प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आप सभी मध्यप्रदेश के भविष्य के सफल उद्यमी होने के साथ-साथ पार्टी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। आप लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को अपनाकर देश की सेवा के लिए जो कदम बढ़ाया है, वह निश्चित ही देश को बहुत आगे ले जाने का कार्य करेगा। सत्र को भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने भी संबोधित किया।



















































# मनोकामना के लिए दरबार में बांधते हैं कलावा, माता रानी करती हैं मुरादें पूरी

## तलैया काली मंदिर: 1968 में हुआ था निर्माण, समय के साथ बदला स्वरूप

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि में देशभर में माता रानी के मंदिरों में भक्तों की भीड़ रहती है। श्रद्धालु मंदिरों में पहुंच कर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद मांगते हैं। रविवार से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि पर राजधानी के प्राचीन मंदिरों में शुमार तलैया काली मंदिर में बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंचते हैं। वैसे आम दिनों में रोजना सैकड़ों लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। भक्त मां से जो भी अर्जी लगाते हैं, माता रानी उनकी मुरादों को अवश्य पूरा करती हैं।

नवरात्रि के अवसर पर लोग नौकरी, संतान प्राप्ति सहित अनेक प्रकार की मुरादें लेकर मां के पास आते हैं और कलावा बांधकर मातारानी के चरणों में अर्जी लगाते हैं। कई श्रद्धालुओं की यहां मनोकामना पूरी होती हैं। वैसे तो इस मंदिर का निर्माण 1968 में हुआ था, लेकिन इसका इतिहास कापी पुराना हैं। मंदिर के मंदिर रजनीश सिंह बगवार ने बताया कि वैसे यहां सैकड़ों सालों से पूजा हो रही हैं, लेकिन आज से करीब 55-56 साल पहले पूर्वजों को माता रानी ने सपने में यहां मंदिर की स्थापना करने का आदेश दिया। इसके बाद मंदिर निर्माण की तैयारियां शुरू की गई। यहां 1967 में एक मढ़िया बनाई गई और माता रानी की स्थापना की गई। समय के साथ मंदिर का स्वारूप बदलता गया। माता की पूजा और अपनी मन्नत के लिए दरबार में कलावा बांधने लगें और लोगों की मुरादें पूरी होने लगी। दूर-दूर से लोग यहां आने लगें। भोपाल के अलावा आसपास से भी यहां बड़ी संख्या में भक्त आते हैं और माता रानी सबकी मुराद पूरी करती है। बगवार ने बताया यहां माता रानी पिंडी स्वरूप में है। हरियाली अमावस्या की रात यहां पर विशेष पूजा की जाती है। इसके बाद माता को मदिरा का प्रसाद चढ़ाया जाता है। मंदिर को लेकर लोगों की बड़ी अस्था है।



### मेरी देवी माता पर बड़ी आस्था



श्रद्धालु कुमारी दीपिका ने बताया कि कई सालों से माता के दरबार में आ रही हूं। यहां पर मन्नत का कलावा बांधने से माता रानी हमारी मन्नत को पूरी करती हैं। माता रानी पर मेरी व परिवार के लोगों की बड़ी अस्था है।

### नवरात्रि में जलती है अखंड ज्योति



मंदिर के पुजारी वशिष्ठ ने बताया कि नवरात्रि में यहां पर अखंड ज्योति जलाई जाती है और ज्वारों की स्थापना होती है। आमतौर पर मंदिर सुबह 6 से दोपहर एक बजे तक और शाम 4 से 10 बजे तक खुला रहता है, लेकिन नवरात्रि में मंदिर सुबह 5 से दोपहर एक और शाम को चार से रात 11 बजे तक खुला रहता है। वहीं सप्तमी से नवमी तक भक्तों की भीड को देखकर यहां पर पूरे दिन मंदिर के पट खुले रहते हैं।

---

## रवि-रेवती और सर्वार्थ सिद्धि योग में आज से शुरू होगी चैत्र नवरात्रि

# राजधानी की मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया, घट स्थापना कर होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस बार नवरात्रि का पर्व आठ दिन का ही रहेगा

अश्विनी नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से यानी 30 मार्च रविवार से चैत्र नवरात्रि आरंभ हो रही है। इस बार नवरात्रि पर्व आठ दिन का रहेगा। अपरान्ह में अश्विनी नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि तिथि मतांतर के कारण विभिन्न पंचांगों में तिथियों की गणना अलग-अलग है। कुछ में द्वितीया, कुछ में तृतीया और कुछ में तृतीया-चतुर्थी संयुक्त दी गई है। नवरात्रि के दौरान चार दिन रवि योग और तीन दिन सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इस बार का विशेष संयोग है कि नवरात्रि का आरंभ रेवती नक्षत्र में हो रहा है। रेवती नक्षत्र पंचक का पांचवां नक्षत्र है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से इसका आरंभ विशेष कल्याणकारी माना गया है। वर्ष में चार नवरात्रि होते हैं, दो प्राकट्य और दो गुप्त। चैत्र और शारदीय नवरात्रि को प्राकट्य नवरात्रि कहा जाता है। चैत्र नवरात्रि को बड़ी नवरात्रि माना जाता है, क्योंकि यह सृष्टि के आरंभ का दिन है।

शहर के मंदिरों को भी रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया जा रहा है, जहां पर नित्य भजन व कीर्तन पूजन होंगे। इस महापर्व के साधक शक्ति की देवी की आराधना और मंत्र जाप आदि से मां दुर्गा को प्रसन्न करेंगे।

### व्रत में शुचिता रखें




पं. रामजीवन दुबे ने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान शुचित का पालन करना अत्यावश्यक है। नवरात्रि के दौरान व्रत रखने से त्याग और तपस्या की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपने माता-पिता को भगवान मानकर उनकी सेवा करता है, उन्हें साक्षात ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### चैत्र नवरात्रि पूजा विधि

नवरात्रि पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व होता है। प्रतिपदा तिथि पर सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पूजा स्थल की साफ-सफाई करके कलश स्थापना करें। इस बात का खास ध्यान दें कि कलश स्थापना के समय आपका मुंह पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए। साथ ही कलश को ईशान कोण में रखें।

### नौ देवियों के नाम और आराधना से प्राप्त फल

- शैलपुत्री : इच्छा व संकल्प शक्ति की प्राप्ति होती है।
- ब्रह्मचारिणी : मन के विकार दूर होते हैं, सभी पापों का नाश होता है।
- चंद्रघंटा : मन से अशांति दूर होती है।
- कुष्मांडा : धन-धान्य की प्राप्ति होती है।
- स्कंध माता : घर की महिलाएं सुख, समृद्धि एवं आरोग्य प्राप्त करती हैं।
- कात्यायनी : ऐश्वर्या की वृद्धि होती है।
- कालरात्रि : बड़े से बड़ा भय दूर होता है।
- महागौरी : संतान के कार्यों में सफलता मिलती है।
- सिद्धिदात्री : अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

शक्ति उपासना का प्रतीक

### चैत्र नवरात्रि एक नई शुरुआत का संकल्प



चैत्र नवरात्रि पर अपने भीतर नई आशाओं, नई ऊर्जा, आत्मशुद्धि, आत्मबोध और शक्ति उपासना का प्रतीक है। यह केवल देवी पूजन का अवसर नहीं, बल्कि जीवन को एक नई दिशा देने और नई शुरुआत करने का सर्वश्रेष्ठ समय है। नई शुरुआत का संकल्प ले सकते हैं। नवरात्रि पर देवी मां के भक्त नवरात्रि का बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की उपासना की जाती है। पूरे देश में नवरात्रि का उत्सव भव्य और धूमधाम से मनाया जाता है। माता रानी के स्वागत के लिए मंदिर से लेकर लोग अपनों घरों तक में विशेष तैयारी करते हैं। मान्यता है कि नवरात्रि में मां दुर्गा धरती लोक पर आती हैं और अपने भक्तों पर अपार कृपा बरसाती हैं। नवरात्रि हिंदुओं का सबसे प्रमुख त्यौहारों में से एक है। ये दिन देवी दुर्गा को समर्पित हैं और इन नौ दिनों में भक्त मां की भक्ति और पवित्रता के साथ पूजा करते हैं। हिन्दू धर्म में नवरात्रि का अपना एक इतिहास और महत्व है।

**पंडित रामजीवन दुबे**
पुजारी, मां चामुंडा दरबार

## चैती चांद पर निकली शोभायात्रा...



**भोपाल।** राजधानी के रोशनपुरा चौराहे से गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा।

### करुणा बुद्ध विहार से निकलेगा शांति मार्च

**भोपाल।** विश्व के सभी बौद्ध धर्मावलंबियों के आस्था का केंद्र व सिद्धार्थ गौतम की ज्ञान स्थली बिहार के बोधगया में बीते 70 वर्षों से गैर बौद्ध के अधिन है। उसकी मुक्ति को मांग को लेकर देश के अलग-अलग शहरों में शांति मार्च निकलेंगे। इसी के तहत भोपाल के तुलसी नगर करुणा बौद्ध विहार से शांति मार्च निकलेगा। सुबह 11 बजे मार्च बुद्ध विहार से शुरू होगा, जो डा. बाबा साहब आंबेडकर जयंती मैदान सेकंड नंबर बस से होते हुए प्रकाश तरण पुष्कर, लिंक रोड नंबर एक से होते हुए बोर्ड आफिस चौराह पर स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर आएगा। यहां वंदना होगी।

## नव वर्ष पर गायत्री शक्तिपीठ में आज से शुरू होगा महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गायत्री शक्तिपीठ पर नूतन वर्ष का विशेष आयोजन किया गया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि साधना के साधकों को अनुष्ठान का संकल्प आचार्य वासुदेव ने नवरात्रि साधना का दर्शन एवं महत्व समझाते हुए कराया गया।

30 मार्च को विक्रम नव संवत्सर 2082 के स्वागत में सुबह सर्जना पार्क गौतम नगर में गायत्री महायज्ञ होगा। शाम को गायत्री शक्ति पीठ पर दीपोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान श्रद्धालु केशर चंदन लगाकर नए संकल्प लेंगे, बुराइयों को त्यागने और अच्छाइयों को ग्रहण करने का संकल्प सूत्र बांधा जाएगा। गायत्री परिवार के सभी सदस्य चैत्र नवरात्रि में 9 दिन तक गायत्री महामंत्र की साधना करेंगे। यह यह साधना साधकों की स्वयं की अंतर ऊर्जा एवं आत्मोत्कर्ष एवं विश्व कल्याण की भावना से की जाएगी जिसकी पूणार्हुति नवरात्रि समापन रामननमोत्सव पर 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न होगी।

---

## म्यांमार में भूकंप से पीड़ितों के लिए ब्रह्मकुमारीज सुख शांति भवन में सामूहिक ध्यान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र नीलबड़ में म्यांमार-थाईलैंड में आए भूकंप के पीड़ितों और दिवंगत आत्माओं के लिए एक सामूहिक ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय निवासियों, साधक व श्रद्धालु शामिल हुए। आपदा के समय ध्यान और सकारात्मक ऊर्जा के माध्यम से हम दुनिया में शांति और समरसता स्थापित कर सकते हैं। केंद्र की प्रभारी नीता दीदी ने सभी को सहज राजयोग ध्यान की विधि बताई। उन्होंने कहा कि किस तरह हमारी शुभ भावनाएं एवं दुआओं के प्रकंपन दूर-दूर तक फैलते हैं। साथ ही हीलिंग विज्ञान पर विशेष प्रकाश डाला गया। सूक्ष्म शरीर, फरिश्ता स्वरूप द्वारा कैसे हम किसी स्थान पर पहुंचकर मानसिक स्तर पर पीड़ितों को मदद दे सकते हैं। हिम्मत बढ़ा सकते हैं। इस विज्ञान पर भी प्रकाश डाला गया। ध्यान और चिंतन की प्रक्रिया के माध्यम से सभी को शांति, स्थिरता और सुकून की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कैंडल जलाकर पीड़ितों और दिवंगत आत्माओं के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ प्रतिमा स्थापना और नामदेव समाज का परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जवाहर चौक क्षेत्र संत नामदेव महाराज के नारों से गूंज उठा। अवसर था नामदेव समाज विकास मप्र द्वारा जवाहर चौक स्थित संत नामदेव सामुदायिक भवन में दो दिवसीय संत नामदेव की प्रतिमा स्थापना और आश्रय स्थल के लोकार्पण के शुभारंभ का। पहले दिन कलश यात्रा को संत नामदेव सामुदायिक भवन से जवाहर चौक हनुमान मंदिर से होकर संत नामदेव सामुदायिक भवन तक निकाली गई, जिसमें नामदेव समाज की महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर संत नामदेव जी के नारे लगाए और नृत्य किया। साथ ही सामुदायिक भवन में संत नामदेव महाराज के कैलेंडर, नामदेव चालीसा और नामदेव आरती का विमोचन भी किया गया। साथ ही युवक-युवती का परिचय सम्मेलन भी हुआ। भगवान विठ्ठल और संत नामदेव की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जा रही है।

# ईद की खरीदारी में बाजार गुलजार, आज देखा जाएगा चांद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

## बोहरा समाज आज मनाएगा ईद, धर्म गुरु देंगे संदेश

रमजान माह के 28 रोजे पूरे होने के साथ अब ईद का इंतजार शुरू हो गया है। रविवार को 29 रोजे पूरे होने के बाद आसमान में रमजान का चांद देखा जाएगा। चांद नजर आने के बाद सोमवार को ईद मनाई जाएगी, जबकि चांद नहीं दिखने पर मंगलवार को ईद मनाएंगे। इधर रोजेदार सहित अन्य लोगों ने ईद की तैयारी को देखते हुए जरूरी खरीदारी तेज कर दी है। शहर के प्रमुख बाजार इन दिनों गुलजार हो गए हैं।

सड़कों किनारे हजारों दुकानदार कपड़े, शूज सहित अन्य सामान की बिक्री कर रहे हैं। यहां देर रात तक खरीदारी की जा रही है। कपड़ों से लेकर सेवइयां की दुकानों पर



ग्राहकों की भीड़ है। सेवइयां, मेवा, कपड़ा, जूते, टोपी, रूमाल, इत्र, चूड़ी की दुकानों पर सुबह से देर रात तक ग्राहकों की भीड़ लग रही है। इधर, रविवार को दाउदी बोहरा समाज अपने तीस रोजे पूरे होने के बाद ईद मनाएगा। इधर, बंदों ने रमजान के आखिरी रोजों को देखते हुए बंदे रातों में जागकर रब की इबादत में मशगूल हैं।

मस्जिदों में भी एहतिकाफ कर रहे बंदे अपने रब को मनाने में लगे हुए हैं। ईदुल-फितर को देखते हुए ईदगाह में जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजधानी में ताज उल मसाजिद, मोती मस्जिद और जामा मस्जिद के अलावा शहर की कई मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए शहरकाजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने नमाज के समय का ऐलान कर दिया है। साथ ही ताकीद की है कि शहर की किसी भी मस्जिद में ईदगाह से पहले नमाज अदा न की जाए।

### शहर में ईद की नमाज का समय

ईदगाह सुबह 7.30, जामा मस्जिद 7:45, ताजुल मसाजिद 8, मोती मस्जिद 8.15 और मस्जिद प्रेस कांपलेक्स में सुबह 9 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।

### लाइटिंग से जगमगाया बुधवारा चौराहा

शहर के बुधवारा चौराहे (चारबत्ती) पर खूबसूरत लाइटिंग की गई है। इसके अलावा यहां की रौनक इसलिए देखते ही बनती है कि यहां जहां एक तरफ फूड मार्केट बना हुआ है तो दूसरी तरफ यहां पर खरीदारी के लिए कई तरह के कपड़ों, जूतों और इत्र की दुकानें भी मौजूद हैं। यहां का बाजार सुबह करीब 4 बजे तक खुला रहता है। इसके अलावा यहां पर करीब 70 से अधिक फूड पाइंट अलग से रमजान के लिए बनाए गए हैं।

---

## राजधानी में श्रद्धाभाव से मनाई गई शनिश्चरी अमावस्या



नेहरू नगर स्थित शनि मंदिर में पूजा करते भक्त।

# शनि मंदिरों में सुबह से लगी भक्तों की कतार, पूजा-पाठ कर तेल, काली उड़द, काली तिल, काला कपड़ा आदि चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिश्चरी अमावस्या शनिवार को श्रद्धाभाव से मनाई गई। सुबह 7 बजे से शहर के कई शनि मंदिरों में पूजा-पाठ शुरू हुई गई थी। जोकि दोपहर व रात तक जारी रही। इस दौरान नेहरू नगर के प्राचीन नवग्रह मंदिर शनिधाम सहित, टीटी नगर, लालघाटी सहित अन्य शनि मंदिरों में श्रद्धालु शनिदेव की आराधना में लीन नजर आए।

अमावस्या पर शहर के बड़े व प्राचीन शनि मंदिर में सुबह से लोगों का तांता लगा रहा। लोग अपने ऊपर आए संकट को टालने के लिए शनिदेव की विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई। पंडितों द्वारा शनि को शांत करने के लिए भभूति व मंत्रों द्वारा पढ़ी हुई अंगूठियां दी गई। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि कई सालों बाद चैत्र माह में षटग्रही योग के विशेष संयोग में श्रद्धा-भक्ति के साथ शनिश्चरी अमावस्या मनाई गई। शनि अमावस्या के दिन शनिदेव को तेल, काले उड़द, काली तिल, काला कपड़ा आदि चढ़ाया गया। तो वहीं अधिकांश लोगों ने पीपल के पेड़ में जल चढाने पहुंचे। साथ ही गरीबों को भोजन भी कराया।

### दोपहर तक लगी रही लंबी-लंबी कतारें



शनि अमावस्या पर कमला पार्क स्थित मंदिर में लगी भक्तों की भीड़।

शनिचरी अमावस्या पर शनिवार को राजधानी के शनि मंदिरों में सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कई श्रद्धालुओं ने लंबी-लंबी लाइनों में लगकर तेल, तिल, गुड़, लोहे की कील आदि चढ़ाया। श्रद्धालु कुलदीप मिश्रा ने बताया कि पंडितों ने उन्हें शनिश्चरी अमावस्या पर दान करने व तेल-तिल चढ़ाने की सलाह दी थी। इसलिए वे लंबी लाइन में लगकर पूजन-अर्चन कर रही हैं। वहीं, महामाई का बाग निवासी पलक विश्वकर्मा ने बताया कि वे सुबह ही शनि मंदिर जाकर दर्शन कर आए थे। इसके अलावा राजधानी के बोर्ड ऑफिस चौराहा, माता मंदिर, 45 बंगला, नेहरू नगर, इंद्रपुरी, सहित अन्य मंदिरों में भगवान शनि का तिल व तेल चढ़ाने सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे।

### भोपाल सेंट्रल जेल में इफ्तार, कैदियों की नम हुई आंखें



**भोपाल।** खुद्दाम-ए-मिल्लत कमेटी ने शनिवार को भोपाल सेंट्रल जेल में इफ्तार का आयोजन किया। पिछले 15 सालों से लगातार यह आयोजन किया जा रहा है। इफ्तार के वक्त कैदियों ने मिलकर रोजा खोला। इसके बाद मुफ्ती सैयद दानिश परवेज नदवी ने कैदियों को मगरिब की नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद कारी सैयद शाहवेज परवेज हुसैनी नदवी ने खुसूसी दुआ कराई, जिसमें जेल के सैंकड़ों कैदियों की आँखें नम हो गईं। इफ्तार में मस्जिद अब्दुल अजीम के सदर सलमान खान, फारूक माज, हाफिज उमर अली, मुहम्मद फारूक समेत अन्य लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि खुद्दाम-ए-मिल्लत कमेटी के संयोजक मुफ़्ती सैयद दानिश परवेज नदवी लगातार सेंट्रल जेल में रोजा अफ्तार का आयोजन करा रहे हैं।

## गंभीर अपराधों को निपटाने 4 श्रेणी के आधार पर जिले विभाजित

# मध्य प्रदेश पुलिस को समय सीमा में पूरा करना होगा सनसनीखेज अपराधों का इन्वेस्टीगेशन, दिए निर्देश

*सीआईडी शाखा ने प्रदेश के सभी जिलों में कुल अपराधों और गंभीर अपराधों का परीक्षण किया, संबंधित जिलों के एसपी को बुलाया*

प्रशांत शुक्ला ▶▶ भोपाल

अलग खबर

पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के लिए गंभीर एवं सनसनीखेज अपराधों की विवेचना को तय समय सीमा में निपटाने के निर्देश दिए है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों को गंभीर मामलों और अपराधों की संख्या के आधार पर चार श्रेणी में बांटा गया है। दरसअसल सीआईडी शाखा ने प्रदेश के सभी जिलों में कुल अपराधों और गंभीर अपराधों का परीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि गंभीर अपराधों की विवेचना काफी लेट लतीफी से की जा रही है। इसी लिए संबंधित जिलों के एसपी को ताकीद किया गया है कि अपने जिले का क्राइम इन्वेस्टीगेशन ठीक करें। साथ ही अपराधों की जांच के पैरामीटर्स भी निर्धारित किए है।

### श्रेणी के आधार पर जिले विभाजित

दरसल गंभीर अपराधों को समय सीमा में निपटाने के लिए ए,बी,सी,डी श्रेणी के जरिए जिलों को विभाजित किया है। इसमें ए श्रेणी के जिलों इंदौर सिटी, भोपाल सिटी, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, देवास, धार, उज्जैन, रतलाम, रीवा के लिए वार्षिक रूप से 40 गंभीर अपराधों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। बी श्रेणी के जिलों बैतूल, खरगौन, रायसेन, नरसिंहपुर, शिवपुरी, छतरपुर, सिंगरौली, सीहोर, झाबुआ, छिन्दवाड़ा, विदिशा, मुरैना, खंडवा, बड़वानी, इंदौर देहात, राजगढ़, सतना, सीधी, भिंड, सिवनी, गुना, शहडोल, मंदसौर, अशोकनगर, पन्ना, बालाघाट, नर्मदापुरम, दतिया, टीकमगढ़, दमोह, शाजापुर, कटनी का वार्षिक लक्ष्य 20 गंभीर अपराध रखा गया है। इधर, सी श्रेणी के जिलों अलीराजपुर, श्योपुर, हरदा, अनूपपुर, डिंडौरी, नीमच, मऊगंज, उमरिया, आगर मालवा, मैहर, भोपाल देहात, बुरहानपुर के लिए 15 गंभीर अपराधों का लक्ष्य निर्धारित है। इसके अवाला डी श्रेणी के अंतर्गत आने वाले जिले निवाड़ी, पाण्दुर्ना, रेल भोपाल, रेल जबलपुर, रेल इंदौर के लिए 5 गंभीर अपराधों को समय सीमा के अंदर निराकरण का टार्गेट है।

### अपराधों की श्रेणी में 16 प्रकार के अपराध

गंभीर एवं सनसनीखेज अपराधों की श्रेणी में 16 प्रकार के अपराध शामिल किए गए हैं, जिसमें हत्या के विभत्स प्रकरण जैसे जिंदा जला देना, दिन दहाड़े सार्वजनिक स्थल पर गोली मार देना, धारदार हथियार से निहत्थे व्यक्ति को मार देना, सामूहिक हत्याकांड, संगठित अपराध एवं गंभीर श्रेणी के आर्थिक अपराध, हत्या के साथ डकैती, बैंक, सराफा एवं सार्वजनिक स्थल पर दिन दहाड़े खुलेआम डकैती, गैंगरेप या नाबालिग के साथ दुष्कृत्य, आतंकवादी कृत्य, अपहरण के साथ हत्या, 12 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के साथ दुष्कर्म या सामूहितक दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं।

### जांच पूरी करने के निर्देश दिए

*पहले सभी जिलों में कुल अपराधों और गंभीर अपराधों की विवेचना की स्थिति का परीक्षण किया गया। इसके बाद जिलों को चार श्रेणी में विभाजित किया गया है। वहीं तय समय सीमा में गंभीर अपराधों की जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए है।*
**पवन श्रीवास्तव**, स्पेशल डीजी सीआईडी शाखा पुलिस मुख्यालय

## असिस्टेंट प्रोफेसर को मारी टक्कर, इलाज के बहाने ले जाकर की मारपीट

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज पर ऑटो चालक ने बाइक सवार निजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी ऑटो चालक उन्हें इलाज कराने का कहकर अपने साथ ऑटो में ले गया और रास्ते में उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने असिस्टेंट प्रोफेसर की शिकायत पर ऑटो चालक के विरुद्ध एक्सीडेंट करने और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस ऑटो के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार जाहिद अहमद खान (35) एलआईजी-23, लालालाज पत राय कॉलोनी, बाग दिलकुशा, अशोका गार्डन में रहते हैं। और निजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है। शुक्रवार शाम वह पीपुल्स अस्पताल से घर लौट रहे थे। शाम करीब पांच बजे के आसपास भानपुर ब्रिज पर ऑटो चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### खबर संक्षेप



## स्वच्छता रैंकिंग सुधारने कार्यशाला आयोजित

**मंडीदीप।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी रैंकिंग बेहतर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। खुले में शौच, पेशाब और कचरा फेंकने जैसी समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। डस्टबिन के उचित उपयोग पर जोर दिया गया। गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग संग्रहण की जानकारी दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि मण्डीदीप को स्वच्छता रैंकिंग में आगे लाने के लिए आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है।



## रोजा इफ्तार में पहुंचे जिला महामंत्री सलमान अली

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री सलमान अली ने सभी को रमजान की बधाई दी और कहा रमजान माह में की जाने वाली हर दुआ कुबूल होती है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर कांग्रेस नेता दीपेश मीना, कैलाश गुप्ता, इकबाल अली, रिजवान अली, नफीश अली, शहिद अली, उधम पाल, श्रीकांत गुप्ता, कपिल पाल सहित अन्य लोग शमिल हुए।

## महिला से बाइक सवारों ने सोने की चेन झपटी

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सलैया चौराहा पर एचपी पेट्रोल पंप के पास एक्टिवा सवार महिला से बाइक सवार बदमाशों ने चेन झपट ली। झपट्टामार चेन के साथ पैंडल भी लेकर गए हैं। घटना की शिकायत लेकर मिसरोद थाने पहुंची महिला को पुलिस ने यह कहकर चलता कर दिया कि घटना हमारे थाना क्षेत्र की नहीं है, शाहपुरा जाकर शिकायत दर्ज कराओ। शाहपुरा पुलिस ने झपट्टामारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। बाइक सवार बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार शिरीन लुईस पिता स्व.जन लुईस (40) बंसल विहार, रोहित नगर शाहपुरा में रहती हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि अपनी छोटी बहन डार्थी लुईस के साथ वह गुरुवार को सलैया स्थित चर्च गई थी। चर्च से प्रार्थना करने के बाद रात करीब साढ़े 8 बजे दोनों बहनें सलैया चौराहा, एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवकों उनके गले पर झपट्टा मारा और चेन झपट ली।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 234 | 96 | 556 |
| रात: | 599 | 32 | 480 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 678 | 12 | 237 |
| रात: | 289 | 96 | 457 |

## गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित एयरोसिटी ओवरब्रिज के नीचे हुई वारदात

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर घायल, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित एयरोसिटी ओवरब्रिज के नीचे पुरानी रंजिश में हुए विवाद के बाद दो युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के घाव युवक को गर्दन, पेट और सीने पर तीन जगह लगे हैं। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक से पूछताछ करने के बाद एक नामजद आरोपी और उसके साथी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है।

एएसआई प्रवीण सिंह बैस ने बताया कि रितिक लालवानी पिता दिलीप लालवानी (23) अर्जुन वार्ड, गांधी नगर में रहता हैं। वह पढ़ाई करता है और



साथ ही प्राइवेट काम भी करता है। उसका टैगोर वार्ड में रहने वाले 28 साल के गौरव त्यागी से पुराना विवाद है। विवाद में समझौता करने की बात करने के लिए गौरव ने रितिक को आरजीपीवी कॉलेज के पास एयरोसिटी ब्रिज के नीचे बुलाया था। शुक्रवार रात करीब पौने आठ बजे रितिक लालवानी गौरव से बात करने पहुंचा। इस दौरान गौरव के साथ उसका साथी था। पुराने विवाद की बात को लेकर रितिक और गौरव में विवाद हो गया।

### फरार आरोपी की तलाश

*विवाद बढ़ने पर गौरव ने अपने साथी के साथ मिलकर रितिक से मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। चाकू का हमला रितिक की गर्दन, पेट और सीने में तीन जगह किया गया था। हमला होने से वह बेसुध होकर गिर गया। आसपास के लोगों ने रितिक को अस्पताल पहुंचाया था, वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के बाद देर रात आरोपी गौरव त्यागी को हिरासत में ले लिया था। उस पर पूर्व में मारपीट के दो अपराध दर्ज है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी गौरव को कोर्ट में पेश कर दिया, वहां से जेल भेज दिया गया है। आरोपी के साथी की तलाश की जा रही है।*

### प्रॉपर्टी डीलर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित त्रिलंगा में शुक्रवार रात प्रॉपर्टी डीलर ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। वह किराए के मकान में अकेले रह रहे थे। जबलपुर से भोपाल पहुंचे उनके बेटे को शव पीएम के बाद पुलिस ने सौंप दिया। बेटे ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस का कहना है कि उनका कमरा सील कर दिया है। कमरे की तलाशी लेने पुलिस रविवार को पहुंचेगी। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस के अनुसार अखिलेश दुबे (55) त्रिलंगा में किराए के मकान में रहते थे और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और बेटी है। पत्नी से तलाक होने के कारण पत्नी बच्चों के साथ जबलपुर में रहती हैं। अखिलेश यहां अकेले ही रहते थे। शुक्रवार रात अखिलेश ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोसियों ने उन्हें फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अखिलेश का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। शनिवार को उनका बेटा जबलपुर से पहुंचा और उसकी मौजूदगी में पीएम कराया गया।

### प्रेम प्रसंग में ऑटो डीलर ने पीया जहरीला पदार्थ, मौत



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अहमद अली कॉलोनी में रहने वाले ऑटो डीलर ने शुक्रवार रात जहरीला पदार्थ पी लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व पुलिस उसके बयान दर्ज नहीं कर सकी थी। परिजन ने बताया कि उसने प्रेम प्रसंग में यह कदम उठाया है। प्रेमिका उस पर अक्सर दबाव बनाती थी। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस को मोबाइल में कुछ रिकॉर्डिंग मिली है। रिकॉर्डिंग प्रेमिका और उसकी सहेली की है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। शाकिर अली पिता रहबर अली (30) निवासी अहमद अली कॉलोनी, ऐशबाग में रहता था और भारत टॉकीज पर उजैर के साथ ऑटो डीलिंग का काम करता था। शुक्रवार रात उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। उसकी तबीयत बिगड़ी और उसने परिजन को बताया कि जहर पी लिया है। परिजन ने ऑटो डीलिंग वाले उजैर को घटना की जानकारी दी। वे शाकिर के घर पहुंचे और उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले गए। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मोबाइल में मिली रिकॉर्डिंग

*परिजन ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि इलाके में रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वे युवती से उसकी शादी कराना चाहते थे, लेकिन उससे पहले ही शाकिर ने जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि शाकिर और उसकी प्रेमिका के बीच आए दिन कहासुनी होती थी और वह हाथ की नस काटने की धमकी देती थी। शाकिर के मोबाइल में एक रिकॉर्डिंग भी मिली है, जिसमें गर्लफ्रेंड की दोस्त उसे जानकारी देती है कि प्रेमिका ने हाथ की नस काट ली है। परिजन का आरोप है कि शाकिर की प्रेमिका छोटी-छोटी बातों पर विवाद करती थी और उस पर दबाव बना रही थी।*

### सीसीटीवी कैमरे लगाए तो हुआ खुलासा





## डुप्लीकेट चाबी बनाकर मकान मालिक का बेटा ही कर रहा था किराएदार डॉक्टर के घर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित शंकराचार्य नगर में डुप्लीकेट चाबी बनाकर किराए से रहने वाले डॉक्टर के घर कोई और नहीं मकान मालिक का बेटा ही चोरी कर रहा था। दरअसल, तीन महीने में बार-बार बिना ताला टूटे चोरी की घटनाएं हो रही थी।



परेशान होकर डॉक्टर ने घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए तो चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। चोर मकान मालिक का बेटा ही निकला, जिसने चोरी के पैसों से बुलट बाइक और आईफोन खरीद लिया था। पुलिस के अनुसार डॉक्टर विपिन तिवारी अपने भांजे के साथ शंकराचार्य नगर में रहते हैं। जनवरी में उनके कमरे में रखे तीन लाख रुपए और सोने की चेन चोरी हो गई। इसके बाद आएदिन घर से कुछ न कुछ सामान चोरी हो रहा था। चोरी से वह परेशान हो गए थे। उनका कहना है कि घर से ताला तोड़े बिना चोरी हो रही थी। चोर को पकड़ने के लिए उन्होंने कमरे में अलग-अलग एंगल पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। कैमरे लगवाने के बाद फिर उनके कमरे से चोरी हो गई। डॉक्टर तिवारी ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो मकान मालिक का बेटा आदि जैन नजर आया। डॉक्टर तिवारी ने पुलिस से शिकायत करते हुए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज सौंपे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी आदि जैन (19) शंकराचार्य नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने की चेन, हंटर बाइक, 30 हजार की नगदी, डुप्लीकेट चाबी सहित 3 लाख 17 हजार रुपए का माल जब्त किया है।

**डॉक्टर के जाते ही खोल लेता था ताला**

सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर पता चला कि डॉक्टर तिवारी के ड्यूटी जाते ही आदि उनके कमरे का ताला डुप्लीकेट चाबी से खोल लेता था। फुटेज आदि के पिता को भी दिखाए गए तो वह भी हैरान हो गए। आरोपी आदि ने इस साल 12 वीं कक्षा की परीक्षा दी है।

## कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी शेड से पकड़ा

# क्राइम ब्रांच ने युवक और युवती से 4 किलो गांजा बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच पुलिस ने कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी शेड गोविंदपुरा थाना क्षेत्र से एक युवक व एक युवती को गिरफ्तार कर उनसे 4 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत 80 हजार बताई गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार विगत 28 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी टीन शेड गोविंदपुरा में एक युवक व एक युवती अवैध गांजा बेचने की फिराक में पिट्ठु बैग लिए किसी ग्राहक के इंतजार में खड़े हैं। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की



घेराबंदी कर दी और मुखबिर के बताए स्थान से शेड के नीचे खड़े संदिग्ध युवक-युवती को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम राहुल चौरसिया (21) निवासी शिव नगर लक्ष्मी नगर छोला मंदिर, संजना ठाकुर (20) अटल अय्यूब नगर बताए। बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखे पैकेट से चार किलो 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ओड़िसा से कम दाम में गांजा लाकर भोपाल में महंगे दाम में बेच देते थे।

### नेता से फ्रॉड का मामला

## भोपाल से मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो को पकड़ा

**भोपाल।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने भोपाल से एक शख्स और उसकी पत्नी को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई में भोपाल क्राइम ब्रांच ने मुंबई क्राइम ब्रांच का सहयोग किया। अरोपी की पहचान सुधांशु के रूप में हुई है।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने युवक को एक नेता के साथ हुए फ्रॉड के मामले में पकड़ा है। कार्रवाई से पहले मुंबई क्राइम ब्रांच ने भोपाल पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद भोपाल क्राइम ब्रांच की अधिकारियों की एक टीम मुंबई क्राइम ब्रांच के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए गई। सुधांशु को पुलिस ने टीटी नगर स्थित गेमन इंडिया से पकड़ा है। सुधांशु के साथ पत्नी को भी हिरासत में लिया है। आरोपी के पास से पुलिस को 1 करोड़ की गाड़ी भी मिली है।

## 'एक शाम झूलेलाल साईं के नाम' कार्यक्रम आयोजित

# गायकों ने मनमोहक भजनों से बांधा समां, जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

महावीर कॉलोनी में श्री झूलेलाल मंदिर प्रांगण में पूज्य सिंधी पंचायत औबेदुल्लागंज ने 'एक शाम झूलेलाल साईं के नाम' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोता शामिल हुए। भजन गायक सुमित खटवानी, विपिन चौबे, नम्रता जलपरी ने मनमोहक भजनों से समा बांधा। व्यापार महासंघ नगर के गणमान्य नागरिकों ने आनंद उठाया।

इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष नामिता बागिश अग्रवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, पार्षद भारती नरेश सेठी नागर, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता



प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, जगदीश चंदानी, अध्यक्ष रमेश वासवानी, सचिव रतन मेघानी, दिलीप मेघानी, पंकज नागरानी, बंटी जोशी, देव आडवाणी, सोनू वासवानी आदि ने कार्यक्रम में भजनों का आनंद लिया और जमकर नृत्य किया। रतन मेघानी, जगदीश चंदानी, रमेश वासवानी ने बताया कि 30 मार्च रविवार को विशाल भंडारा दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। शाम 5 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## चैत्र नवरात्रि पर्व पर खेड़ापति माता मंदिर में तैयारियां पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर सबसे पुराने खेड़ापति माता मंदिर में सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान मंदिर में विशेष विद्युत सज्जा की गई है। नवरात्रि पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह 4 बजे से नंगे पैर जल का कलश लेकर माता को चढ़ाने और उनकी पूजा करने आते हैं। मंदिर के अध्यक्ष डॉ. माखन सिंह नागर, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिव जेपी मिश्रा, संरक्षक रामकिशोर शर्मा, नरेंद्र शर्मा, नारायण सिंह सेन आदि ने बताया कि हिरनिया खेड़ापति माता मंदिर में श्री भैरव बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए 2 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी। 4 अप्रैल को नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा कर 7 अप्रैल को भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## पीटीआरआई में मप्र पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन ने आयोजित किया सम्मान समारोह

# डीजीपी मकवाणा ने कहा, पुलिस बल के प्रशिक्षण में रिटायर्ड पुलिस अफसरों के अनुभव का होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा शनिवार 29 मार्च को 22वें विशिष्ट सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहांगीराबाद स्थित पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीजीपी ने अपने संबोधन में अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद किया और कहा कि जब अपने कॅरियर की शुरुआत को देखता हूं, तो मुझे हमारे केडर के लीजेंड कहे जाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों की याद आती है। मालवीय साहब जैसे अधिकारियों से हमें हमेशा प्रेरणा



मिलती रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस सेवा के दौरान उन्हें कई प्रतिष्ठित अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनमें अरुण गुर्टू, नरेंद्र प्रसाद, पीएल पांडे, एमआर ज्योतिष चंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के अनुभव का उपयोग किया जाएगा।

### कार्यक्रम में इन विशिष्ट सदस्यों को किया गया सम्मानित

*कार्यक्रम में डीजीपी द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के उपेंद्र वर्मा और राज्य पुलिस सेवा के आर सी छारी, आरबी शर्मा, एके श्रीवास्तव, एएस बिसेन, महबूब खान सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक ने मध्यप्रदेश पुलिस सर्विस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ पुलिस कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 10-10 हजार रुपए और प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। पुरस्कार 1961 बैच के आईपीएस स्वर्गीय सुरेन्द्रनाथ चतुर्वेदी की स्मृति में उनकी पत्नी सुबोध चतुर्वेदी द्वारा दिया जाता है। पुरस्कृत विद्यार्थियों में पलक यादव, नित्या श्रीवास्तव, जयंत पांडे, शुभी शुक्ला और उन्नति शर्मा शामिल हैं।*

### बड़ी संख्या में भक्तों ने चढ़ाया निर्वाण लाडू

# शनि अमावस्या पर जिनालय में हुआ महामस्तकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को शनि अमावस्या पर सुबह 8 बजे 108 कलशों से श्री मुनिसुव्रत नाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण महोत्सव संपन्न हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव अभिनेष आशु जैन ने बताया कि शनि अमावस्या पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्री मुनि सुव्रतनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

महामस्तकाभिषेक में भगवान के प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सौ धर्म इंद्र बनकर अजीत कुमार जैन मिठाई परिवार को प्राप्त हुआ, अन्य इंद्र बनकर अभिषेक करने का सौभाग्य राजीव जैन, विकास जैन परिवार, रीतेष जैन परिवार,



सुनील जैन, सुलभ जैन परिवार व जयकुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान चन्द्रप्रभु का अभिषेक नरेन्द्र कुमार, चंदन जैन परिवार व शांतिनाथ भगवान का अभिषेक अजीत कुमार गौरव जैन परिवार द्वारा किया गया। इस दौरान भगवान के 108 कलश से महामस्तक अभिषेक किया गया। इस दौरान भगवान अनंतनाथ के निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य विनोद कुमार आरएनजी परिवार, द्वितीय लाडू कमलेष कुमार आषु जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप



### प्यार के मीठे-मीठे बोल का लोकार्पण

**भोपाल।** तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा सृजन श्रंखला 46 के अंतर्गत डॉ. मोहन तिवारी आनंद के नवगीत संग्रह 'प्यार के मीठे-मीठे बोल' का लोकार्पण एवं नवगीत विधा पर साहित्यिक विमर्श किया हुआ। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. राजेश श्रीवास्तव निदेशक रामायण केंद्र भोपाल रहे।

### दो दिवसीय शोध शिखर विज्ञान पर्व का समापन



**भोपाल।** शोध एवं अनुसंधान पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025 का शनिवार को रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) परिसर में समापन सत्र का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. भरत शरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनोज कुमार पटेरिया उपस्थित थे। 1750 में भारत दुनिया का जीडीपी का 25 प्रतिशत सम्भालता था इस दौरान अपने वक्तव्य में प्रो. भरत शरण ने शोधार्थियों से भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने प्राचीन समय के कई उद्धरण देते हुए भारत की प्राचीन उपलब्धियों से अवगत कराया जिसमें 1750 के समय में भारत दुनिया का जीडीपी का 25 प्रतिशत सम्भालता था, स्थापत्य कला में उत्कृष्टता हडप्पा से लेकर हम्पी तक देखी जा सकती है।

# 16वें सृजन महोत्सव का नाटक बेबी की प्रस्तुति के साथ समापन

**बेबी नाटक में ठुमरी, शायरियां व गाने रहे खास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहां भी आज़ाद रूह की झलक पड़े समझना वो घर मेरा है...., आवाज़ देकर देख लो शायद वो मिल ही जाए वरना ये उम्र भर का सफर रयगां तो है ही.. दिल को छूने वाले यही डायलॉग्स सुनने को मिले नाटक बेबी में। जिसका मंचन शनिवार को यंग्स थिएटर आर्टिस्ट आर्ट द्वारा बैठक द आर्ट हाउस में किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी सरफ़राज़ हसन की संयोजन परिकल्पना में नाटक प्रसिद्ध लेखक विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित है। बेबी नाटक में ठुमरी, शायरियां व गाने खास रहे।





### नाटक की कहानी

विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित नाटक बेबी एक महिला प्रधान नाटक है। बेबी, एक स्त्री के भीतर उमड़ रही पीड़ा, रुदन व तिरस्कार को दर्शाता है नाटक की शुरुआत होती है बेबी (रिया सिंह) से, जो एक बस्ती में शिवप्पा (हर्षित शर्मा) के दिए हुए चॉल में रहती है, फिल्म में एक्स्ट्रा का काम कर वह अपना जीवन गुज़ारती है, एक दिन बेबी का भाई राघव (लोकेन्द्र शर्मा) पागलखाने से छूट कर बेबी के पास आ जाता है, और अब उसी के साथ रहने की बात करता है। बेबी जहां परेशानी में दिन गुज़ार रही है, वहीं राघव को इतने सालों बाद देखकर खुश तो होती है।



**रंग श्री लिटिल बैले में बैले नृत्य नाटिका कृष्णा की मित्रता का प्रेरणादायक मंचन**



# बैले के रूप में दिखाई सदियों तक याद रखी जाने वाली श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मित्रता का जिक्र आता है तो उदाहरण भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का दिया जाता है। कृष्ण एक राजा और सुदामा एक गरीब ब्रह्मणा फिर भी कृष्ण और सुदामा की मित्रता जन-जन में व्याप्त है। सदियों तक याद रखी जाने वाली श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की गाथा कहता बैले नृत्य नाटिका कृष्णा की मित्रता का मंचन शनिवार शाम रंग श्री लिटिल बैले में किया गया।



### नाटक की कहानी

अर्घ्य कला समिति द्वारा प्रस्तुत इस नाटिका में दिखाया कि सुदामा को अपने जीवन में अधिकांश समय अत्यंत गरीबी का सामना करना पड़ा। यह कष्ट उसके कामों के कारण था। कारण संदीपनी आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते वक्त उनके बचपन के दौरान कृष्ण से की गई धोखा था। लेकिन कालांतर में इसी कृष्ण ने उनकी गरीबी दूर की।

# शहीद भवन में नाटक लछिया का मंचन

## बुंदेलखंडी बोली और हिंदी भाषा के अनूठे संगम को दर्शाता नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुंदेलखंडी बोली और हिंदी भाषा के अनूठे संगम को दर्शाता नाटक लछिया, जो समाज में व्याप्त जाति, धर्म और वर्गभेद की गहरी सोच को रेखांकित करता है। समाज के उन अनकहे प्रश्नों की पड़ताल करते इस नाटक का मंचन हुआ शनिवार शाम शहीद भवन में। त्रिकर्षि नाट्य संस्था द्वारा प्रस्तुत नाटक में जैकी भावसार के लेखन, परिकल्पना एवं निर्देशन-वसीम अली का रहा।



### सोच को दी एक नई दिशा

वसीम अली द्वारा निर्देशित यह नाटक बुंदेलखंडी परिवेश, लोकसंस्कृति और भावनात्मक गहराई से भरपूर नाटक है। इस नाटक के माध्यम से समाज की सोच को एक नई दिशा देने की कोशिश की गई।

### कई सवालों के इर्द गिर्द घूमता नाटक



यह नाटक लछिया नामक किरदार को जीवंत करता है जो न पूरी तरह पुरुष है, न स्त्री, और न ही पारंपरिक अर्थों में किन्नर। यह किरदार समाज की तयशुदा परिभाषाओं से परे है, अपनी पहचान और अस्तित्व की खोज में है। हमारे समाज में जो नियम बने हैं, वे सभी को मानने पड़ते हैं। लेकिन क्या कोई व्यक्ति समाज की सोच से अलग हटकर अपनी राह बना सकता है? क्या लछिया को समाज अपनाएगा, या फिर उसके लिए समाज अपने नियम बदलेगा? इन्हीं सवालों के इर्द-गिर्द घूमता है यह नाटक, जो संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ दर्शकों के दिलों को छूने के लिए तैयार है।

**राजा भाऊ के संघर्षों का जिक्र**

# संस्कार भारती में एक भूला सेनानी राजा भाऊ महाकाल का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन के राजा भाऊ और राष्ट्रीय सेवा संघ के प्रचारक भी थे। स्वतंत्रता के बाद पूरा भारत आजाद हो गया था लेकिन गोवा पुर्तगाली सेना के अधीन था राजा भाऊ ने अपने कुछ स्वयं सेवकों के साथ मिलकर गोवा को आजाद करने के लिए कई संघर्ष किए। भाऊ की गाथा कहता नाटक एक भूला सेनानी राजा भाऊ महाकाल का मंचन संस्कार भारती में किया गया। सहर्ष कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया।



### इतिहास के पन्नों में कही खोये राजा भाऊ

नाटक की शुरुआत में सूत्रधार उन सभी स्वतंत्रता सैनानियों को याद करते है जिन्हें आज की युवा पीढ़ी भूल चुकी है या वे इतिहास के पन्नों में कही खो गए है।

# अनन्य नाट्य समारोह के अंतिम दिन हुआ भोर का गीत का मंचन




**भोपाल।** जब हरियाली का मंजर छाएगा, तब वो नन्हा पौधा उग जाएगा...। कुछ इसी तरह के काव्य गीतों के साथ मंच और शुरू हुआ नाटक भोर का गीत। इस नाटक का मंचन दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित अनन्य नाट्य समारोह के अंतिम दिन हुआ।

**नाटक की कहानी**

नाटक में दिखाया कि किस तरह विकास की अंधी दौड़ में व्यक्ति पर्यावरण का क्षरण कर रहा है, उसे इस बात का आभास नहीं कि यदि आज पर्यावरण को नुकसान से नहीं बचाया तो कल हमारा भविष्य ही संकट में आ जाएगा।

# मां की याद में हनुमान जयंती के मौके पर श्रीराम पर आधारित नया गीत करुंगा लांच

**हरिभूमि चर्चा**

**एलएनसीटी में आयोजित म्यूजिकल कंसर्ट में प्रस्तुति देने आए सिंगर अखिल सचदेवा से हरिभूमि की खास बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मैं अपनी मां से काफी इंस्पायर रहा हूं और वह काफी स्पिरिचुअल थीं और उनके अंतिम शब्द यही थे कि 'बेटा कुछ भी हो जाए अपना संगीत मत छोड़ना' इसीलिए मैं अपनी मां से काफी कनेक्ट हूं और वो श्री राम की बहुत बड़ी भक्त थीं इसलिए उनकी याद में आने वाली हनुमान जयंती पर मैं श्री राम पर आधारित नया गीत प्रस्तुत करुंगा। यह कहना है कबीर सिंह जाने कहां जाऊंगा..., चन्ना वे.. जैसे बेहतरीन गानों को आवाज देने वाले सिंगर अखिल सचदेवा का। जो शनिवार को एलएनसीटी में आयोजित म्यूजिकल कंसर्ट में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन के अंश साझा किए।




### ए आई ह्यूमेन का रिप्लेसमेंट नहीं कर सकती

उन्होंने कहा कि एआई की वजह से दुनिया में काफी बदलाव आया है, म्यूजिक की दुनिया में भी बदलाव आया है लेकिन सिंगर का स्थान कभी नहीं बदलेगा। फिर वह गानों को लिखना हो, गाना हो या म्यूजिक देना इन सभी चीजों में एआई ह्यूमेन का रिप्लेसमेंट नहीं कर सकती।

### म्यूजिकल कंसर्ट के लिए इंडिया बन गया बहुत बड़ा हब

उन्होंने कहा कि आजकल म्यूजिकल कंसर्ट के लिए इंडिया एक बहुत बड़ा हब बन चुका है, यह हम सभी के लिए खुशी और प्राउड की बात है कि इंडियन म्यूजिशियन को देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी अच्छे ऑफर आ रहे हैं। यहां तक की विदेशी आर्टिस्ट भी अब इंडिया आना पसंद कर रहे हैं। वहीं अखिल कहते हैं कि मैं बचपन में क्रिकेटर बनना चाहता था और एक्टिंग से भी मेरा गहरा नाता था, एक्टिंग वर्कशॉप भी की लेकिन उस दौरान मैंने जब गिटार उठाकर गाना चालू किया तो मुझे काफी सराहना मिली और उन्होंने कहा कि तुम्हें एक्टिंग नहीं बल्कि सिंगिंग की दुनिया में जाना चाहिए और आज शायद खाना और गाना दो ही चीजें मुझे आती हैं।

# तेरा बन जाऊंगा, किसे पूछूं और चन्ना वे... गीतों पर झूमे श्रोता

एल एन सी टी में अखिल सचदेवा के मधुर गीतों से झूमे छात्र, मंत्रमुग्ध हुआ माहौल




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के एनुअल फेस्ट में बीते शाम संगीत की एक शानदार महफिल सजी, जहां प्रसिद्ध गायक अखिल सचदेवा ने अपने दिलकश गीतों से छात्रों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सचदेवा ने अपने लोकप्रिय गीतों तेरा बन जाऊंगा, किसे पूछूं, और चन्ना वे जैसे कई हिट गानों से श्रोताओं का मन मोह लिया। छात्रों ने भी उनके गानों पर जमकर तालियां बजाईं और उनके साथ झूमते हुए दिखे।इस अवसर पर कॉलेज के सेक्रेटरी अनुपम चौकसे के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**कविता, व्यंग्य एवं गजल आयोजित**

# निराला संगीत के अध्येता के साथ यथार्थ कहने वाले कवि-उपन्यासकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निराला सृजनपीठ, साहित्य अकादमी द्वारा वर दे शीर्षक से कविता, व्यंग्य एवं गजल पाठ का आयोजन पुरुषार्थ भवन में किया गया। कार्यक्रम में निराला सृजनपीठ की निदेशक डॉ . साधना बलवटे ने कहा कि एक ओर निराला संगीत के सूक्ष्म अध्येता हैं तो दूसरी ओर यथार्थ को कहने वाले कवि, उपन्यासकार हैं। उनकी कविताओं जो लय है प्रवाह है, छंदों का जो प्रयोग है पढ़कर लगता है उन्हें संगीत का अच्छा ज्ञान था। यथार्थ को कहने की शैली सहज ही व्यंग्य का रूप ले लेती है। कुकुरमुत्ता कविता में व्यंग्य की दोहरी धार है।




### संघर्ष और विषाद का जीवन था निराला का...

साहित्यकार पिलकेंद्र अरोड़ा ने कहा कि निरालाजी का जीवन गरीबी और संघर्ष का जीवन था। दुख और विषाद का जीवन था। यदि उनके जीवन में साहित्य और संगीत के चश्मे न होते तो उनका जीवन गर्म रेत का एक मरुस्थल बन कर रह जाता।

# अखिल भारतीय बाल साहित्य संगोष्ठी का आयोजन

भोपाल।मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा कीर्तिशेष कृष्ण कुमार अष्ठाना की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय 'किलकारी 'अखिल भारतीय बाल साहित्य संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम को साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बाल साहित्य की उपादेयता, बाल साहित्य की भाषा, बाल साहित्य का भविष्य आदि विषयों पर अपनी बात रखी। इस आयोजन में भोपाल से घनश्याम मैथिल 'अमृत ', डॉ. प्रीति प्रवीण खरे, कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ मीनू पाण्डेय, नीना सिंह सोलंकी, शीला मिश्रा, इंदिरा त्रिवेदी उपस्थित थे।

# 'वाटर फॉर ऑल, ऑल फॉर वाटर फेस्टिवल' का समापन

## स्थानीय उद्यमियों से जुड़कर फंड जुटा सकते हैं






हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रवीन्द्र भवन में दो दिवसीय 'वाटर फॉर ऑल, ऑल फॉर वाटर फेस्टिवल' का समापन शनिवार को हुआ। रंजन पांडा, जलपुरुष ने कहा 'कि स्थानीय उद्यमियों से जुड़कर फंड जुटाया जा सकता है'।

### पानी, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण पर कविता कहानी

दिन का सबसे आकर्षक हिस्सा वॉइस ऑफ़ चेंज - पानी, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण पर काव्य सत्र रहा-इस कार्यक्रम का संचालन द सोशल हाउस द्वारा किया गया। पानी, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जोर दिया गया, जिसमें कविता, कहानियों और संवादों के माध्यम से इन विषयों की महत्ता को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर सितार वादिका स्मिता नागदेव ने अपने सुमधुर सितार की तानों से समां को संगीतमय बना दिया।

**गुरु-शिष्य जुगल में कलाकारों ने सुनाया डागर वाणी की प्रसिद्ध रचना शिव-शिव शंकर आदि देव...**

# रवीन्द्र भवन की संगीत सभा में सुप्रियो और आकाश तिवारी की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ध्रुपद गायिकी की यही विशेषता होती है कि वह हमेशा जुगलबंदी में गायी जाती है। डागर बंधुओं से लेकर गुंदेचा बंधुओं तक देश को ऐसे कई मूर्धन्य संगीत साधक मिले जिन्होंने ध्रुपद गायकी को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष पहचान दिलवाई। ध्रुपद शैली में गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत जुगलबंदी की एक ऐसी ही अविस्मरणीय प्रस्तुति के साक्षी बने भोपाल के कला रसिक। मौका था शनिवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित विशेष संगीत सभा 'गुरु शिष्य जुगल' का। जहां सुप्रियो मैत्रो और उनके शिष्य आकाश तिवारी ने ध्रुपद गायन की यादगार प्रस्तुति दी। देवांश फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस संगीत सभा में दोनों ही कलाकारों ने राग भीम में परंपरागत षडज की प्रस्तुति के साथ सभा को आरंभ किया।



### जुगलबंदी की परिकल्पना पर की चर्चा

इसके उपरांत पारंपरिक आलाप जोड़ झाला, विलंबित और मध्य लय के साथ सभा को गति प्रदान की। इस दौरान सुप्रियों ने मंच के सामने बैठे दर्शकों से संवाद करते हुए इस जुगलबंदी की परिकल्पना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आकाश मेरे साथ पिछले चार वर्षों से लगातार सहयोगी के रूप में मंचीय प्रस्तुतियां देते रहे हैं। लेकिन यह पहली बार अवसर है जब मैं और आकाश एक साथ जुगलबंदी प्रस्तुत कर रहे हैं।

### प्रचीन पद की दी प्रस्तुति

सुर, लय और ताल से सजी इस संगीत सभा में कलाकारों ने प्रस्तुति के क्रम को आगे बढ़ाने के लिए चौताल में निबद्ध प्राचीन पद भरी-भरी धरी-धरी आवत... को सुनाया। इस प्रस्तुति में दोनों ही कलाकारों ने लय और सुरों का बेहतर तालमेल प्रस्तुत किया। कलाकारों की इस प्रस्तुति को प्रभावी बनाने में पखावज और तानपुरे ने भी महती भूमिका निभाई। सभा को आगे बढ़ाते हुए कलाकार सुप्रियों ने राग बसंत का चयन किया जिसें उन्होंने सूरफाक ताल में निबद्ध तुलसीदास के पद खेल बसंत राजाधी राज... सुनाया।




# धोनी की गजब रफ्तार, 0.12 के बाद अब 0.16 सेकंड से किया स्टंपिंग

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में टीम के लगातार दूसरे मैच में विकेट के पीछे अपनी तेजी से सभी को चौंकाया। पहले मैच में धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सूर्यकुमार यादव को महज 0.12 सेकंड जबकि पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिल साल्ट को सिर्फ 1.16 सेकंड में गिल्लियां बिखेर कर स्टंप आउट कर दिया। शुक्रवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर यह मुकाबला खेला गया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके के खिलाफ आरसीबी ने तेज शुरुआत की। सॉल्ट और कोहली ने पांच ओवर खत्म होने से पहले ही 45 रन जोड़ लिए थे। हालांकि, उसे सॉल्ट के रूप में पहला झटका लगा। धोनी ने एक बार फिर बिजली की रफ्तार से स्टंप किया और सॉल्ट को चौंका दिया। सॉल्ट 16 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए।





### चंद सेकंड में किया आउट

नूर की गुगली पर सॉल्ट ने शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन वह चूक गए और धोनी ने जल्दी से स्टंप किया। धोनी की अपील पर अंपायर ने तीसरे अंपायर का इशारा किया। टीवी रिव्यू में दिखा कि सॉल्ट का पैर क्रीज की लाइन पर था, लेकिन जब धोनी ने गेंद विकेट में हिट की तब सॉल्ट का पैर हवा में था जिस कारण वह आउट करार दिए गए। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। धोनी विकेट के पीछे अपनी फुर्ती के लिए जाने जाते हैं और आईपीएल 2025 में सीएसके के लगातार दूसरे मुकाबले में धोनी का जलवा देखने मिला है।

### मुंबई के खिलाफ भी दिखाई थी फुर्ती

43 साल के धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीएसके के पिछले मुकाबले में भी विकेट के पीछे गजब की फुर्ती दिखाई थी। धोनी ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऐसा कारनामा किया था जिससे फैंस को उनके पुराने दिनों की याद आ गई थी। धोनी ने मुंबई की पारी के 11वें ओवर में सूर्यकुमार यादव को 0.12 सेकंड में स्टंप आउट किया और सभी को चौंका दिया था। मुंबई की पारी के दौरान जब नूर अहमद गेंदबाजी कर रहे थे तो उन्होंने सूर्यकुमार को गुगली डाली। सूर्यकुमार गेंद मिस कर बैठे, लेकिन विकेट के पीछे खड़े धोनी ने उन्हें स्टंप करने में जरा भी देर नहीं लगाई। धोनी की फुर्ती का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता था कि उन्होंने 0.12 सेकेंड में ही सूर्यकुमार को स्टंप किया था।

खास खबर

## 10 गुना बेहतर है आरसीबी टीम का संतुलन : एबीडि



**चेन्नई।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शानदार शुरुआत को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डि विलियर्स का मानना है कि उम्दा शुरुआत से आगे आसीबी का काम आसान हो जाएगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर सत्रह साल बाद हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के लिए खेल चुके डिविलियर्स ने अपने पॉडकास्ट 'एबी डिविलियर्स 360' में कहा, 'इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है। पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था। यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप

निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप

नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

**सुदर्शन ने गिल के साथ की 78 रन की साझेदारी**

# मुंबई इंडियंस की लगातार दूसरी हार गुजरात टाइटंस ने दर्ज की पहली जीत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 36 रन से हराकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस की दो मैच में यह दूसरी हार है।टाइटंस के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। टाइटंस ने साई सुदर्शन की 63 रन की पारी तथा कप्तान शुभमन गिल (38) के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 78 और जोस बटलर (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 196 रन बनाए।

शीर्ष तीन बल्लेबाजों के अलावा गुजरात के अन्य बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए जूझना पड़ा और सिर्फ शेरफेन रदरफोर्ड (18) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। मुंबई की ओर से कप्तान हार्दिक पंड्या सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और सत्यनारायण राजू को एक-एक विकेट मिला। गुजरात ने अहमदाबाद में मुंबई को लगातार चौथे मैच में हराया है।



### अहमदाबाद में गिल के 1000 रन पूरे

*शुभमन गिल को अहमदाबाद का यह मैदान कितना रास आता है, यह किसी के छुपा नहीं है। इस मैदान पर गिल ने हर प्रारूप में शतक लगाया है। शनिवार को चाहर के ओवर में चौके के साथ ही शुभमन गिल ने इस मैदान पर 1000 आईपीएल रन भी पूरे कर लिए। गिल ने 20 पारियों में इस आंकड़े को छुआ। सबसे कम पारियों में एक मैदान पर 1000 रन का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 19 पारियों में एक हजार रन बनाए थे।*

### हार्दिक की वापसी

*मैच में मुंबई के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी हुई और उन्होंने गेंद से कमाल दिखाया। हार्दिक ने विरोधी कप्तान शुभमन गिल और शाहरुख खान का विकेट लिया। हार्दिक ने शाहरुख को वाइड गेंद फेंकी और शाहरुख बाउंड्री पर खड़े तिलक वर्मा के हाथों में शॉट मार बैठे। हार्दिक की अनुपस्थिति में पिछले मैच में सूर्यकुमार यादव ने टीम की कप्तानी की थी और मुंबई को चेन्नई के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।*

### टर्निंग पिच पर टकराएंगी सुपर किंग्स और रॉयल्स

पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों अपने गढ़ चेपॉक में 17 साल बाद मिली हार से हताश चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रविवार को गुवाहाटी की टर्निंग पिच पर राजस्थान रॉयल्स से होगा तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। रविवार को दिन के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत का लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन पगबाधा बो बोल्ट | 63 | 41 | 4 | 2 |
| गिल का नमन बो पंड्या | 38 | 27 | 4 | 1 |
| बटलर का रिकेलटन बो मुजीब | 39 | 24 | 5 | 1 |
| खान का वर्मा बो पंड्या | 09 | 07 | 0 | 1 |
| रदरफोर्ड का सेंटनर बो चाहर | 18 | 11 | 0 | 2 |
| राहुल तेवतिया रन आउट | 00 | 00 | 0 | 0 |
| राशिद का पंड्या बो राजू | 06 | 04 | 0 | 1 |
| कागिसो रबादा नाबाद | 07 | 05 | 0 | 1 |
| साई किशोर रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 20 ओवर में 196/8
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-34-1, चाहर 4-0-39-1, मुजीब 2-0-28-1, पंड्या 4-0-29-2, सेंटनर 3-0-25-0, राजू 3-0-40-1.

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो सिराज | 08 | 04 | 2 | 0 |
| रेयान रिकेल्टन बो सिराज | 06 | 09 | 1 | 0 |
| तिलक का तेवतिया बो प्रसिद्ध | 39 | 36 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार का गिल बो प्रसिद्ध | 48 | 28 | 1 | 4 |
| रोबिन का इशांत बो किशोर | 03 | 06 | 0 | 0 |
| पंड्या का सिराज बो रबादा | 11 | 17 | 1 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 18 | 11 | 3 | 0 |
| मिचेल सेंटनर नाबाद | 18 | 09 | 1 | 2 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 160/6
गेंदबाजी : सिराज 4-0-34-2, रबाडा 4-0-42-1, इशांत 2-0-17-0, राशिद 2-0-10-0, किशोर 4-0-37-1, प्रसिद्ध 4-0-18-2.

## कमतर नहीं आंकें, टीम में काफी आक्रामकता



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए। उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई को शुक्रवार को आरसीबी ने 50 रन से हराया। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं।'

## सनराइजर्स के खिलाफ खास रणनीति : निगम



**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला विपराज निगम ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी क्रम को जिस तरह लखनऊ सुपर जाइंट्स ने परेशान किया, उसे देखकर उनकी टीम ने भी इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खास रणनीति बनाई है । सनराइजर्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाये थे लेकिन दूसरे मैच में लखनऊ ने उसे 200 रन भी पार नहीं करने दिए। लखनऊ को एक विकेट से हराने वाली दिल्ली की टीम का सामना रविवार को सनराइजर्स से होगा। पिछले मैच में बल्ले और गेंद से चमकने वाले निगम टीम की तैयारियों को लेकर आश्वस्त हैं।

### खबर संक्षेप

#### फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए मुश्किलभरा दिन



**अम्मान।** सुजीत कलकल को छोड़कर भारत के अन्य पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों को शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहली बाधा पार करने में भी संघर्ष करना पड़ा। तीन भारतीय पहलवानों को रेपेचेज के जरिए अपनी दावेदारी के लिए इंतजार करना होगा। सुजीत ने 65 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए फलस्तीन के अब्दुल्ला असफ को तकनीकी दक्षता से हराया लेकिन वह जापान के काइसेई तनाबे के डिफेंस को नहीं भेद सके। सुजीत को रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक के लिए दावा पेश करने का मौका मिलेगा।

#### भारत का सामना करने निरंतरता जरूरी : रूट



**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला में भारत के खिलाफ प्रदर्शन में निरंतरता रहनी जरूरी है क्योंकि इसके अलावा ऐसे कठिन प्रतिद्वंद्वी का सामना करने का कोई उपाय नहीं है। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से करेगी जिसका पहला मैच 20 जून से हेडिंग्ले में खेला जाएगा। रूट ने कहा, 'हम अपने हालात में अच्छा खेलते हैं लेकिन भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में प्रदर्शन में निरंतरता जरूरी होगी। आपको बार बार मैच जीतने वाला प्रदर्शन करना होगा।'


#### पांच खिलाड़ियों को शामिल करने का प्रावधान



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के संविधान के मसौदे में कई आमूलचूल परिवर्तन प्रस्तावित किए गए हैं। इसमें 14 सदस्यीय कार्यकारी समिति में कम से कम पांच पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल करने और अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पदाधिकारियों को हटाने का प्रावधान शामिल है। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार संविधान का मसौदा उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की उच्चतम न्यायालय की पीठ ने 25 मार्च को एआईएफएफ संविधान को अंतिम रूप देने से संबंधित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू की।

मियामी ओपन

## दर्शक दीर्घा में मेसी, जोकोविच ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

चौथी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया तो दर्शक दीर्घा में उनके लिए तालियां बजाने वालों में महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी शामिल थे।

जोकोविच ने 14वीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराया। सातवें मियामी ओपन खिताब के लिए उनका सामना 19 साल के गैर वरीय जाकूब मेंसिक से होगा जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-6, 4-6, 7-6 से परास्त किया। सैतीस वर्ष के जोकोविच अगर जीत जाते हैं तो यह उनका सौवां पेशेवर खिताब होगा। कोर्ट पर इंटरव्यू में जोकोविच ने मेसी की मौजूदगी का जिक्र किया। मेसी मेजर लीग फुटबॉल में इंटर मियामी के लिए खेलते हैं। उन्होंने बताया कि मेसी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लॉकर रूम में भी आए और उन्होंने एक दूसरे को तोहफे दिए।



### ब्राजील ने शर्मनाक हार के बाद कोच को हटाया

**साओ पाउलो।** ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4-1 से हराया जो विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया। उन्होंने मीडिया से कहा, 'परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं।' ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी। ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था।



### साउथ आस्ट्रेलिया ने 29 साल में पहली बार जीती शेफील्ड शील्ड

**एडीलेड।** साउथ आस्ट्रेलिया ने क्वींसलैंड को चार विकेट से हराकर 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट जीता। साउथ आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 270 रन बनाकर चौथे दिन ही जीत दर्ज की। जेसन संघा ने नाबाद 126 रन बनाए जबकि आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली। दोनों ने 202 रन की साझेदारी की। क्वींसलैंड की टीम पहली पारी में 95 रन पर आउट हो गई थी। जवाब में साउथ आस्ट्रेलिया ने 271 रन बनाए थे। क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाकर साउथ आस्ट्रेलिया को 270 रन का लक्ष्य दिया था।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶| नेपियर



मार्क चैपमैन (132 रन) और डेरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में नौ विकेट पर 344 रन बनाकर पाकिस्तान को 73 रन से परास्त किया।

चैपमैन ने तीसरा वनडे शतक जमाकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटकों से निकाला। न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर तक तीन विकेट गंवा दिए थे। न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले पाकिस्तान मूल के मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंद में 50 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में पदार्पण पर किसी खिलाड़ी का सबसे तेज अर्धशतक है। बाबर आजम ने पाकिस्तान के लिए 83 गेंद में 78 रन बनाए लेकिन उनके आउट होने के बाद पाकिस्तान ने 22 रन के भीतर सात विकेट गंवा दिए। उस्मान खान और अब्दुल्ला शफीक ने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े। बाबर और मोहम्मद रिजवान ने तीसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। इसके बाद बाबर और सलमान आगा ने चौथे विकेट के लिए 85 रन जोड़े।

# पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट खेलने वाले सभी भारतीय खिलाड़ी सम्मान के हकदार : रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार चढ़ावों का सामना करते हुए सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया है। पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में भाग लेने वाली टीम का प्रत्येक सदस्य सम्मान का हकदार है।

भारत को पिछले तीन आईसीसी सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में 24 मैचों में से एक में ही पराजय का सामना करना पड़ा जब 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में अहमदाबाद में उसे आस्ट्रेलिया ने हराया। भारत ने पिछले साल टी20 विश्व कप और इस साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके बीच भारत को न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के हाथों टेस्ट श्रृंखलाओं में पराजय झेलनी पड़ी।



### 24 में से 23 मैच जीतना अविश्वसनीय

भारत के कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के बारे में रोहित ने कहा, 'इस टीम ने तीन बड़े टूर्नामेंटों में जो हासिल किया है। इस तरह के टूर्नामेंट खेलना और बस एक मैच हारना और वह भी फाइनल (2023 वनडे विश्व कप)। सोचो कि अगर हम वह भी जीत जाते तो तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में अपराजेय रहते। ऐसा कभी सुना ही नहीं है। 24 में से 23 मैच जीतना। बाहर से यह बहुत अच्छा लगता है लेकिन इस टीम ने काफी उतार चढ़ाव देखे हैं।'

### देखा कठिन समय

रोहित ने मुंबई इंडियंस के 'एक्स' पेज पर टीम द्वारा डाले गए वीडियो में कहा, 'हमने कठिन समय भी देखा है लेकिन फिर आपको जश्न मनाने का मौका भी मिला। मेरा मानना है कि पिछले तीन टूर्नामेंट खेलने वाला हर खिलाड़ी सम्मान का हकदार है।'

### लगातार दो श्रृंखला हारे पर जीती चैंपियंस ट्रॉफी

रोहित का इंटरव्यू ऐसे समय में आया जब बीसीसीआई के आला अधिकारी भविष्य की रुपरेखा तय करने के लिए बैठक करने वाले थे लेकिन वह बैठक स्थगित कर दी गई। रोहित ने कहा, 'यह उन सभी खिलाड़ियों के लिए है जो किसी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं और निराशा में हैं, वे वापसी करना चाहते हैं और परिस्थितियां जो भी हो, बुलंदियां छूना चाहते हैं। हम घर में श्रृंखला हार गए और आस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं खेल सके। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती। पिछले नौ महीने इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि जीवन कैसा है। इसमें उतार चढ़ाव हमेशा रहेंगे।'

## संपूर्ण मानवता को समस्त विधाओं में भारत की अग्रणीयता, आर्थिक समृद्धि, सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश देती है चैत्र शुक्ल प्रतिपदा

# उल्लास के साथ नव वर्ष का करें स्वागत, भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में लें नव संकल्प



शिव प्रकाश

नव वर्ष- नव संकल्प

आलेख

भारतीय कालगणना के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रमी संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। आंग्ल तिथि के अनुसार 30 मार्च रविवार का यह दिन है। भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक अनेक ऐतिहासिक प्रसंग चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जुड़े हैं। पृथ्वी की उत्पत्ति के कारण पृथ्वी संवत, सृष्टि प्रारंभ दिवस के कारण सृष्टि संवत, श्रीराम जी का राज्याभिषेक, कलयुग संवत, युधिष्टिर संवत, विक्रम संवत (2082), शालिवाहन शकसंवत (1947), युगाब्द (5127), मालव संवत, गुड़ी पाड़वा, आर्य समाज स्थापना, उगादि, गुरु अंगद देव का जन्म दिवस एवं झूलेलाल जी का अवतरण दिवस आदि सभी प्रेरणा दिवस इस शुभ दिन के साथ जुड़े हैं। शक्ति की उपासना के प्रतीक नवदुर्गा का प्रारंभ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी वर्षप्रतिपदा ही है।

भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक जीवन की समस्त विधाओं में भारत की अग्रगणीयता, आर्थिक समृद्धि, प्रकृति में वसंत अर्थात सम्यक परिवर्तन की दिशा का संदेश संपूर्ण मानवता को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा देती आई है। भारतीय समाज में व्यैक्तिक एवं सामूहिक जीवन में उत्थान के लिए नव वर्ष पर नव संकल्प लेने की परंपरा है। इस विक्रम संवत के आगमन पर हम हर्ष एवं उल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत करें एवं भावी समाज को संरक्षित करने की दिशा में नवसंकल्प लें।

**शारीरिक** : शरीरमाध्यम्खलु धर्म साधनम (अर्थात धर्म के साधन का मार्ग स्वस्थ शरीर ही है) भारत में असावधानी के कारण हमारा खानपान स्थूल (मोटापा) शरीर का निर्माण कर रहा है, जिसके कारण अनेक रोग हमारे शरीर को अपना घर बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए 'फिट इंडिया' का संदेश दिया था। नव वर्ष पर यदि हम अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या में संतुलित आहार, व्यायाम एवं योग को स्थान देंगे, तब हमारा स्वास्थ्य अच्छा होगा। हमारा स्वास्थ्य ही राष्ट्र के स्वास्थ्य से जुड़ा है। हम प्रतिदिन का संकल्प बनाएं।

**पारिवारिक** : भारतीय समाज के चिरंजीवी होने के अनेक कारणों में से महत्वपूर्ण है हमारी पारिवारिक व्यवस्था। संपूर्ण विश्व इस पारिवारिक व्यवस्था का अध्ययन एवं अनुपालन करने का प्रयास कर रहा है। परिवार के सभी सदस्यों में सामूहिकता, सुरक्षा, परस्पर प्रेम और आत्मीयता का अंकुरण होता है। परिवार टूटने के कारण ही दुनिया के देश अपने बजट का बड़ा भाग सामाजिक सुरक्षा पर खर्च कर रहे हैं। भारत में दुनिया की तुलना में यह न्यून है। हम अपने परिवार के वृद्धों को सम्मान एवं आत्मीयता दें। इसका परिणाम होगा कि नवीन पीढ़ी में भी यह संस्कार आएगा। परिवार के सदस्य सामूहिक भोजन, सामूहिक भजन एवं वर्ष में एक-दो बार विशेष प्रसंगों पर वृहद् परिवार मिलन कर पारिवारिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प लें।

**भाषा सीखे**: अपने देश में अनेक भाषाओं एवं बोलियों का उपयोग होता है। सभी भाषाओं में एक अन्तर्निहित एकात्मता है। हम अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक और दूसरे प्रदेश की भाषा सीखने का प्रयास करें। राष्ट्र की एकात्मता वृद्धि में सहयोगी बन सकेंगे।

**नागरिक अनुशासन** : देश के संविधान के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव, देश को सुचारू संचालित करने के लिए बनी व्यवस्थाओं का अनुपालन, देश की सम्पत्तियों का संरक्षण, नियमों का पालन, शुचिता पूर्ण कर्तव्य निष्ठ व्यवहार करने से देश में अनुशासन का भाव निर्माण होगा। यह अनुशासन ही किसी भी देश की महानता की गारंटी है। अभावग्रस्त समाज के लोगों को शिक्षा, भोजन, कार्य कुशलता निर्माण कर सेवा के माध्यम से समृद्ध करें। नए-नए प्रयोगों के द्वारा रोजगार प्रदान करते हुए भारत को आर्थिक समृद्ध कर, विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में सहायक होना हमारा संकल्प बने।

**संयमित एवं सादगी पूर्ण जीवन शैली** : पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा स्थापित सिद्धांत 'खर्च में संयम एवं उत्पादन में वृद्धि हम सभी के लिए मार्गदर्शक है' आय से अधिक खर्च किसी भी समाज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। शादी-विवाह एवं शुभ प्रसंगों के समय बर्बाद होता भोजन यह राष्ट्र की संपत्ति का ही नुकसान है। यह दृष्टि लेकर व्यक्तिगत जीवन में सादगी एवं संयम पूर्ण व्यवहार से समाज को सम्यक दिशा दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अन्न की बर्बादी के संबंध में सम्पूर्ण देश को सचेत किया था।

**महिला सशक्तिकरण**: अपने प्राचीन धर्म ग्रंथो में मां (स्त्री) का बड़ा श्रेष्ठ स्थान (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ) था। कालांतर में समाज में अनेक कुप्रथाए आई। आज भी समाज में हृदय को विदीर्ण करने वाली अनेक घटनाएं होती रहती है। महिला हिंसा एवं दुर्व्यवहार को समाप्त करें। समाज में महिलाओं को समान स्थान, समान अवसर, निर्णयों में समान सहभागिता का वातावरण बनाने में हम सभी सहभागी बने।

**पर्यावरण संरक्षण** : मनुष्य का जीवन भविष्य में सुरक्षित रहेगा अथवा नहीं, यह सभी की चिंता का विषय है। हम नव वर्ष पर जीवन पर्यावरण को संरक्षित करने वाला बनाएं एवं जल, भोजन, वायु, वनस्पति सभी शुद्ध रहे, इसका संकल्प लें।

**संस्कृति स्वाभिमान** : हमारी संस्कृति त्यागमयी एवं सभी के कल्याण का विचार करने वाली है। इस कारण विश्व शांति की गारंटी भारतीय संस्कृति ही है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमको इस सांस्कृतिक गौरव का ही स्मरण कराती है। हम स्वयं एवं आने वाली पीढ़ी में अपने महापुरुषों, अपनी परंपराओं के प्रति यह गौरव के भाव को जागृत करने का संकल्प लें। तब नव वर्ष की सार्थकता सिद्ध होगी।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं)

## कर्मश्री कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवियों ने किया कविता पाठ, झूमे हजारों श्रोता

# गुड़ी पड़वा का नया साल बहुत अच्छा है मुस्करा के कहो कि हाल बहुत अच्छा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

- हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में परंपरागत आयोजन का 25वां वर्ष
- कर्मश्री का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

गुड़ी पड़वा का नया साल बहुत अच्छा है, मुस्करा के कहो कि हाल बहुत अच्छा है, कोई जब शहरों के बारे में पूछता मुझसे, तो मैं कहता हूं कि भोपाल बहुत अच्छा है। भोपाल की शान में यह कविता देश के नामचीन कवि दिल्ली से आए पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने शनिवार रात राजधानी के अटल पथ प्लेटिनम प्लाजा पर आयोजित कर्मश्री के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अपना शानदार कविता पाठ करते हुए प्रस्तुत की।

कवि सम्मेलन का शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानन्द शर्मा, आयोजक संस्था कर्मश्री के अध्यक्ष, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, चैती चांद के पावन पर्व पर कर्मश्री द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कराने का यह



परंपरागत 25 वाँ वर्ष है। कवि सम्मेलन में 30 हजार से अधिक श्रोताओं ने रात 9 बजे से 3 बजे तक मंत्र मुग्ध होकर कवियों की प्रस्तुति का आनंद लिया। लखनऊ से आई प्रख्यात कवि कविता तिवारी ने अपनी कविता पाप के पुंज जिनको घेरे हैं, उनके जीवन में बस अँधेरे हैं, राम का नाम जप अरे मूरख, राम मेरे हैं राम तेरे हैं का पाठ कर पूरे माहौल को राममय कर दिया। इसी प्रकार बावला है कविता लिखता है, गरीबी के लिए बिक, महंगाई के लिए बिक, बेकारी के लिए बिक,अगर बच जाय जिंदा,तो कविता लिख' सुनाकर खूब तालियां बंटोरी।

### राजधानी भोपाल में बनेंगे सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज द्वार

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भारतीय नव वर्ष के अवसर पर कवि सम्मेलन में किया संत गण और कविगण का सम्मान



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राजधानी भोपाल का महत्व ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद बढ़ गया है। राज्य सरकार विरासत से विकास को प्रमुख मानती है। इस नाते भोपाल के गौरवशाली इतिहास का स्मरण आवश्यक है। विक्रम संवत 2082 प्रारंभ होने पर समस्त नागरिकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, वीरता और सुशासन के आयाम स्थापित किए। ऐसा ही उनके शासनकाल के 1000 वर्ष पश्चात राजा भोज ने भी सुशासन और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उदाहरण प्रस्तुत किया सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज के नाम पर राजधानी में दो द्वार बनाए जाएंगे। भोपाल से इंदौर की ओर जाने वाले मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य मार्ग और भोपाल से भोजपुर की दिशा में राजा भोज द्वार का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कवि सम्मेलन में देशभर से पधारे कवियों का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख संत गण का भी मंच पर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

### हिंदू नववर्ष पर हर नागरिक भगवा झंडा लगाए




शशिकांत यादव शशि, देवास (सबरस, मंच संचालन), पद्मश्री डॉ सुनील जोगी (हास्य सम्राट) नई दिल्ली, पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे (हास्य व्यंग्य) रायपुर, कविता तिवारी (वीर रस) लखनउ, डॉ अनिल चौबे (हास्य व्यंग्य) वाराणसी, सुदीप भोला (पैरोडीकार) जबलपुर, गौरी मिश्रा (गीत गजल) उत्तराखंड, अमन अक्षर (फिल्मी गीतकार) इंदौर, विकास बौखल (हास्य व्यंग्य) बाराबंकी, श्वेता सिंह (गीज गजल) बड़ौदरा और मुकेश मासूम (हास्य पैराडी) खातेगांव। सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष कर्मश्री अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन कर है, जिसके लिए आयोजक संस्था कर्मश्री के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा को बधाई। अटलजी का जन्मशताब्दी वर्ष है, इसीलिए यह ज्यादा महत्व रखता है। कवि सम्मेलन के माध्यम से देश और समाज के लिए अपनी अभिव्यक्ति की व्यक्त करना देश और समाज के के लिए महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाना है। कवि सम्मेलन में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश की राजधानी और कैबिनेट में पहली बार भगवा झंडा वितरित कर आह्वान किया है कि हिंदू नववर्ष पर हर नागरिक भगवा झंडा लगाएं। यह बड़े गर्व की बात है। पांच सौ साल बाद मोदी की के रूप में ऐसा भारत माता का ऐसा लाल आया जिसने भगवान श्रीराम का मंदिर बनवा कर हिंदुओं का गौरव जागरण किया है। अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती और अटल जी की जन्म शताब्दी का गौरवशाली क्षण है। मप्र की डॉ. मोहन यादव की सरकार पीएम के विजन को मिशन मोड में लेकर काम कर रही है।

# नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख समृद्धि व आनंद का भाव लेकर आए

- मुख्यमंत्री को भेंट की गई चार गुड़ी, मुख्यमंत्री ने वृहद मराठी समाज के साथ मनाया गुड़ी पड़वा पर्व
- गुड़ी पड़वा के एक दिन पहले मुख्यमंत्री निवास में हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के तहत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्यप्रदेश के वृहद मराठी समाज की ओर से गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित कर रहे थे।

### मंत्रोच्चार के बीच तिलक किया

मुख्यमंत्री का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर अभिवादन किया। उन्हें मराठी साहित्य अकादमी, श्री संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से,ुड़ी भेंट की गई।

### संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में संस्कृत उत्कर्ष का महायज्ञ चल रहा है। यह सनातन, साहित्यिक, सांस्कृतिक पहलुओं के साथ ही सभी पर्व और त्योहारों के उत्कर्ष का अवसर है।

### त्योहार और पर्व में यह होता है अंतर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योहार और पर्व का अंतर बताते हुए कहा कि जन्माष्टमी, राम नवमी, नवरात्रि, एकादशी, द्वादशी आदि जिन अवसरों पर उपवास रखा जाए वह पर्व हैं। होली, दीवाली जैसे मंगल कामनाओं और आनंद के साथ मनाए जाने वाले अवसर त्योहार हैं। इसी प्रकार परीक्षा तथा अन्य ऐसे कार्यों के लिए जाने वाले व्यक्ति को शुभकामनाएं देना, उनके प्रति शुभेच्छा प्रकट करना उचित रहता है। भारतीय संस्कृति की समृद्ध शब्द संपदा के परिणाम स्वरुप ही हर अवसर पर भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए पृथक शब्द हैं।

# एमएलबी कॉलेज में मेडिकल हेल्थ चेकअप शिविर 'उमंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को एक दिवसीय मेडिकल हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री संजीवनी पॉली क्लीनिक से डॉ. मनोज वर्मा एवं उनके टीम के



सदस्यों ने रक्त परीक्षण, एनिमिया, बॉडी मास इंडेक्स लिया तथा छात्राओं को आयरन और बी कॉम्पलेक्स की गोलियां निःशुल्क प्रदान की।

# कला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल**। पंचायत विकास परिषद भोपाल द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक कला संवाद एवं पांच उत्कृष्ट कला सेवियों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें में कला सेवी, समाज सेवी और पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा, सम्मानित होने वाले वीर सिंह राजपूत, प्रियंका जोशी, प्रिया आर्य, वीरेंद्र विश्वकर्मा, आनंद नंदेश्वर के नाम प्रमुख हैं।

इस आयोजन में मध्यप्रदेश के चारों लोक अंचलों की लोक चित्रों पर व्याख्यान रखा गया है। निमाड़ के लोक चित्रों पर शिखर सम्मानित पूर्णिमा चतुर्वेदी, बुंदेलखंड पर डॉ वीना चौबे, मालवा के लोग चित्रों पर डॉ रेखा भटनागर, बघेलखंड के लोक चित्रों पर डॉ. श्यामा गुप्ता का व्याख्यान होगा।

## विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में

# सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर कर रही है काम

### सिंहस्थ कुंभ 2028 का आयोजन होगा अद्भुत, प्रदेश में लागू है कानून सम्मत शासन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जड़ों से जुड़े रहकर ही विकास संभव है। इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर काम कर रही है। प्रदेश में सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज का गौरवशाली इतिहास रहा है। इन महानायकों के पराक्रम और विशेषताओं को जनता के बीच लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार धार्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दे रही है। शासन की व्यवस्थाओं और योजनाओं से वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ अदभुत होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2000 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य ने नवरत्नों की ओर से शासन की व्यवस्थाओं का संचालन कर गणतंत्र आधारित सुशासन स्थापित किया। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने राज्य में जनता का कर्ज माफ कर विक्रम संवत का परावर्तन भी किया। उनके इस पुरुषार्थ और सुशासन के प्रतिमान के विभिन्न आयामों का उत्सव मनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार आगामी 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन करेगी। एक हजार वर्ष पूर्व राजा भोज ने चट्टानों पर आधारित जल संरचनाओ के माध्यम से जल संचयन की तकनीक सिखाई है। इन महानायकों में सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज के नाम पर भोपाल में स्मृति द्वार बनाए जा रहे हैं।

### मनाया जाता है उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 12 वर्ष में बृहस्पति के सिंह राशि में प्रवेश का उत्सव उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ के रूप में मनाया जाता है। मेला संस्कृति की प्राचीन परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से शासन की ओर से वर्ष 2028 के सिंहस्थ कुंभ के लिए अभी से योजना बनाकर कार्य आरंभ किया जा चुका है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए शासन द्वारा व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन से प्रेरणा लेकर योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वासन दिया कि सिंहस्थ कुंभ-2028 का आयोजन अद्भुत होगा।

### ये भी कहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में मिल-जुलकर रहने की 'वसुधैव कुटुंबकम' आधारित संस्कृति है और सभी धर्म के लोग एक दूसरे के त्योहारों में आनंद से सहभागी बनते हैं। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत खुले में मांस सहित अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय नियमानुसार नियंत्रित किया जाता है। प्रदेश में कानून सम्मत शासन चलता है, जिसका धर्म से कोई लेना देना नहीं है। मुख्यमंत्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के दिखाए मार्ग पर सरकार शिक्षा, प्रेम और गौपालन को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान को 20 रुपए से बढ़कर 40 रुपए कर दिया गया है। 10 से अधिक गौ-धन पालन पर अनुदान और दूध खरीदी पर 5 रुपए का बोनस सरकार देती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930